Page 11 | Page 06

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • मंगलवार • 05 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 85 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00




खेल

## प्रज्ञानन्दा ने विदित को हराया, नवारा से जीती बाजी हारे मुकेश



देश

## मुख्यमंत्री ने 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को वितरित किए नियुक्ति-पत्र

तेलंगाना भाजपा विधायक ने कहा-

## लोकसभा चुनाव में अगर मोदी पीएम नहीं बनेंगे तो हो जाएगा तीसरा विश्व युद्ध



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव 2024 की हलचल शुरू हो गई है। बीजेपी के सभी नेता प्रचार में जुट गए हैं। बीजेपी की केंद्रीय समिति ने तेलंगाना के 9 उम्मीदवारों के साथ पहली सूची भी जारी की है। बहरहाल इस बार बीजेपी देश में 400 लोकसभा सीटें जीतने और सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में बीजेपी नेताओं ने मैदानी स्तर पर प्रचार शुरू कर दिया है। मोदी सरकार की ओर से लागू की गई योजनाओं और सुधारों को जन-जन तक पहुंचाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में तेलंगाना के एक विधायक की ओर से दोबारा मोदी सरकार आने की बात कहते हुए की गई टिप्पणी अब चर्चा का विषय बन गई है। आर्मोर बीजेपी विधायक पैदी राकेश रेड्डी ने सनसनीखेज टिप्पणी की।

## सुप्रीम कोर्ट से आप को झटका, पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित पार्टी दफ्तर को 15 जून तक खाली करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पार्टी दफ्तर के लिए केंद्र सरकार के पास आवेदन करें। कोर्ट ने कहा कि यह जमीन दिल्ली हाईकोर्ट को दी गई थी। यह अतिक्रमण है। यहां राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए अतिरिक्त कोर्टरूम का निर्माण करना है। आगामी चुनावों के मद्देनजर हम आपको अतिरिक्त समय दे रहे हैं।



तेलंगाना के आदिलाबाद में पीएम मोदी बोले

# 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है

● देशवासियों के लिए बचपन में घर छोड़ा था, इन्हीं के लिए पूरा जीवन खपा दूंगा ● 56 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। इसके बाद उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित किया। 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने परिवारवाद, कांग्रेस, बीआरएस और तेलंगाना के विकास पर बात की।



पीएम ने कहा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडिया गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है।

### ये चुनावी सभा नहीं, तेलंगाना के विकास का उत्सव है

पीएम ने कहा- जैसे ही मैंने करोड़ों रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे 'चुनावी सभा' कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह 'चुनावी सभा' नहीं बल्कि तेलंगाना में 'विकास उत्सव' है। विकास परियोजनाओं को 'चुनावी' रणनीति बताने वालों को पिछले 15 दिनों का हिसाब देना चाहिए। पिछले 15 दिनों में हमने 2 आईआईटी, 1 आईआईआईटी, 3 आईआईएम, 1 आईआईएस और 5 एआईआईएमएस का उद्घाटन किया है।

### शाह-नड्डा ने एक्स पर लिखा- मोदी का परिवार




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में सोमवार को आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव के 'परिवार' वाले बयान का जवाब दिया। उन्होंने कहा- इन्हें बताना चाहता हूं कि मेरा देश, 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। पीएम की स्पीच के कुछ देर बाद भाजपा नेताओं ने अपने एक्स प्रोफाइल पर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखना शुरू कर दिया। अमित शाह, जेपी नड्डा, स्मृति ईरानी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान और किरेन रिजिजू जैसे बड़े नेताओं ने प्रोफाइल नेम चेंज कर दिया

**बीजेपी सांसद बोले- मोदी ने देश के लिए खुद को समर्पित किया-** बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूरा देश उनका परिवार है। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, वह सीमा पर सैनिकों के साथ दिवाली मनाते हैं। वे उनका परिवार हैं। जब उन्होंने अपने देश के लिए खुद को समर्पित करने के लिए अपने परिवार को छोड़ा, उसी क्षण उन्होंने प्रतिज्ञा की, पूरा देश उनका परिवार है।

'वोट के बदले नोट' सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# 'संसदीय विशेषाधिकार नहीं है रिश्वतखोरी'

### 25 साल पुराना फैसला पलटा, सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी।




सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने सोमवार को 25 साल पुराना फैसला पलट दिया।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, एम एम सुंदरेश, पी एस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने कहा- हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।

1998 में 5 जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है।

### पीएम मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में नोट लेकर वोट देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- स्वागतम! सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला जो स्वच्छ राजनीति तय करेगा और व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा करेगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार का मास्टरस्ट्रोक

### 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये

लोकसभा की 7 सीटें जीतने के लिए आप ने चला बड़ा दांव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार ने शहर की महिलाओं को एक बड़ा तोहफा दे दिया है। केजरीवाल सरकार की तरफ से वित्त वर्ष 2024-24 के लिए बजट पेश किया गया। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने बजट में महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की। इस योजना के तहत दिल्ली की 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को प्रतिमाह 1000 रुपये दिए जाने का प्रावधान है। लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार की इस योजना को मास्टर स्ट्रोकमाना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निश्चित रूप से इस योजना का दिल्ली के लोकसभा चुनाव में 7 सीटों पर पड़ेगा। हालांकि, अंतिम प्रभाव तो चुनाव परिणाम के बाद ही सबके सामने होगा।

दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने महिलाओं के लिए पहले ही डीटीसी बसों में यात्रा मुफ्त कर रखी है। इस योजना को लेकर दिल्ली में महिलाओं में केजरीवाल सरकार पहले से अधिक लोकप्रिय है। ऐसे में आम चुनाव से पहले केजरीवाल सरकार ने महिलाओं को लिए एक और तोहफा दे दिया है।

## लाल बत्ती और बिहार सरकार का बोर्ड लगा हुआ जाइलो गाड़ी से चार लाख की विदेशी शराब बरामद, एक शख्स गिरफ्तार

निज संवाददाता

**पटना।** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित मित्र मंडल कॉलोनी से सोमवार को पुलिस ने एक गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक गाड़ी को बरामद किया है, जिसपर बिहार सरकार का बोर्ड लगा हुआ है। पुलिस बरामद किए गए गाड़ी की छानबीन कर रही है। इसके साथ ही पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ की जा रही है।

जब्त किए गए शराब की कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जा रही है।जाइलो गाड़ी पर लाल बत्ती और बिहार सरकार का बोर्ड लगा, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि मित्र मंडल स्थित एक फ्लैट में भारी मात्रा में विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही कुछ लोग वहां से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने मित्र मंडल कॉलोनी के एक फ्लैट से एक गाड़ी जब्त किया है।




## अनंत की शादी ने जामनगर के आसमान में लगा दिया 'ट्रैफिक जाम'

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** देश में इस समय मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिक मर्चेंट की शादी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। गुजरात के जाम नगर में हो रहे प्री-वेडिंग फंक्शन ने देश-दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। खास बात है कि पिछले तीन दिन में जामनगर में 350 विमानों ने उड़ान भरी हैं। शादी हो तो ऐसी, जिसके हर इवेंट दिलो दिमाग पर छाने वाले हों। और जब बात है देश के उद्योगपति मुकेश अंबानी की है, तो इनके हर अंदाज ही निराले हैं। मुकेश और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की बिलेनियर प्री-वेडिंग में देश-विदेश से आमंत्रित किए गए मेहमानों को लाखों-करोड़ों रुपये के रिटर्न गिफ्ट दिए गए हैं।



म.प्र. में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का तीसरा दिन

## ब्यावरा पहुंचे राहुल गांधी; गुना में बोले- जातिगत जनगणना क्रांतिकारी कदम

**भोपाल/गुना (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ब्यावरा पहुंची। यहां रोड शो किया। राहुल गांधी ने भाटखेड़ी में किसानों से संवाद किया।



इससे पहले गुना में सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, देश में पब्लिक सेक्टर की यूनिट कांग्रेस लेकर आई। हम चाहते हैं कि 90 प्रतिशत भारतीयों को न्याय मिले। इसके लिए क्रांतिकारी कदम है- जातिगत जनगणना। इससे पता चल जाएगा कि किसके हाथ में कितना धन है?

मध्यप्रदेश में न्याय यात्रा के तीसरे दिन आज सुबह राहुल ग्वालियर के मोहना पहुंचे थे। ग्वालियर के बाबू क्वार्टर से शुरू होकर यात्रा शिवपुरी, फिर गुना पहुंची। गुना में समर्थकों ने राहुल का स्वागत आतिशबाजी से किया। राघौगढ़ में सभा के बाद लंच ब्रेक हुआ। इसके बाद यात्रा बीनागंज, फिर ब्यावरा पहुंची है।

**राहुल की शादी में पहुंचे राहुल गांधी**

राघौगढ़ से ब्यावरा के रास्ते में राहुल गांधी वापची गांव में रुके। यहां उनके स्वागत में खड़े लोगों ने कहा, गांव में शादी है। आप भी चलिए। इस आग्रह पर राहुल विवाह स्थल पहुंच गए। जिस युवक की शादी वे पहुंचे, उसका नाम राहुल पंवार है।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY




Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### तीन चोरों ने उड़ाए चार लाख रुपये ,मामला सीसीटीवी में कैद



**रजौली**। प्रखण्ड परिसर से बीते चार दिनों पूर्व एक व्यक्ति के डिक्की के लॉक को तोड़कर चार लाख रुपये चुराने का मामला प्रकाश में आया था।घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।जबकि प्रखण्ड में लगे सीसीटीवी के फुटेज से तीन संदिग्ध लोगों की पहचान पीड़ित हरदिया निवासी चन्दन कुमार ने की है।उसके बावजूद पुलिस को अबतक किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है।चोरी गए पैसे मिलने की आश में पीड़ित के आंखों से नींद गायब हो गई है।पीड़ित ने कहा कि वे एक मार्च को पुरानी बस स्टैंड स्थित पंजाब नेशनल बैंक से साढ़े पांच लाख रुपये निकाले।जिसमें चार लाख रुपये को प्लास्टिक में रखकर मोटरसाइकिल की डिक्की में रख दिया था।उसके बाद प्रखण्ड कार्यालय में कुछ काम से एक मिनट के लिए अंदर जाकर वापस आया।इसी दौरान डिक्की को खुला हुआ पाया एवं रखे चार लाख रुपये गायब थे।जिसको लेकर थाना काण्ड संख्या 97/24 में मामला दर्ज कराया गया।पीड़ित ने कहा कि प्रखण्ड परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन संदिग्ध लोगों की पहचान मेरे द्वारा की गई है।पीड़ित ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार तीन नवयुवक जिसमें दो काले रंग के शर्ट पहने हुए हैं और एक हरा रंग का शर्ट पहने हुए है।प्रखण्ड परिसर में हमारा पिछा कर मेरे अंदर जाते ही डिक्की का लॉक तोड़कर बड़े ही आसानी से शर्ट के अंदर पेट के आगे पैसों की थैली रखकर फरार होते हुए स्पष्ट दिखाई दे रहा है।पीड़ित ने यह भी कहा कि मात्र एक मिनट में पैसे चुराकर प्रखण्ड परिसर से बजरंगबली मोड़ की तरफ भागा है।साथ ही कहा कि यदि चोरी के दिन के बैंक से लेकर प्रखण्ड परिसर के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाए,तो चोर निश्चित रूप से पकड़ा जा सकेगा।पीड़ित ने एसडीपीओ पंकज कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार समेत केश आईओ से चोरी गए पैसों की बरामदगी के लिए गुहार लगाई है। **क्या कहते हैं थानाध्यक्ष-** इस बाबत पर थानाध्यक्ष ने कहा कि चोरी के मामले को लेकर पुलिस प्रखण्ड परिसर एवं पंजाब नेशनल बैंक के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है।जल्द ही चोरी में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बालू लदा एक ट्रैक्टर व बाइक जब्त

**नारदीगंज**। थाना क्षेत्र के मधुवन गांव के समीप पंचाने नदी में रविवार की शाम पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान बालू लदा एक ट्रैक्टर और एक बाइक को पुलिस ने ज़ब्त किया। वही मौके पर ट्रैक्टर चालक नालन्दा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र के गुरुदयाल बिगहा निवासी तरुण कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। कहा गया खनन अधिनियम के तहत कांड संख्या 58/2024 दर्ज किया गया है।

### करेंट लगने से चिरैया के 16 वर्षीय निशांत की मौत, 25 लाख रुपए मुआवजा की मांग

**नवादा**। जिलांतर्गत वारिसलीगंज नगर परिषद के चिरैया गांव निवासी नवनीत कुमार सिंह के 16 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार की बिजली का करंट लगने से रविवार की सुबह 8:30 बजे अचानक मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह वारिसलीगंज - बरबीघा मुख्य मार्ग स्थित चिरैया गांव के बगल में निशांत अपने खेत गए थे. इसी दौरान खेत में लटक रहे विद्युत तार के संपर्क में वे आ गए. फलस्वरूप, करंट लगने से वे जमीन पर गिरकर छटपटाने लगे. छटपटाते निशांत पर उनके छोटे भाई की नजर पड़ गई. उन्होंने हल्ला मचाया. हल्ला सुनकर ग्रामीण खेत पर जुट गए. निशांत को बिजली की तार से छुड़ाकर स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. चिकित्सकों ने निशांत को मृत घोषित कर दिया. कुछ ही दिन पहले निशांत की मैट्रिक की परीक्षा संपन्न हुई थी. उसे बड़ा ऑफिसर बनने की तमन्ना थी. बड़े नाजों से उसे पाला था मैंने. इतना कहकर फफक फफक कर रो पड़ते हैं निशांत के पिता नवनीत सिंह. उन्हें दो पुत्र तथा एक पुत्री हैं. अस्पताल में शव के साथ बहन एवम उनके परिजनों के करुण क्रंदन से समूचा माहौल कारुणिक हो गया है. लोगों की भीड़ अस्पताल में जुटना प्रारंभ हो गया है. हर कोई निशांत की असामयिक मौत से स्तब्ध हैं. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस कारवाई में जुट गई है. घटना की सूचना पाते ही स्थानीय विधायक अरुणा देवी, जिला पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि युवा नेता श्रवण सिंह, भाजपा जिला महामंत्री शैलेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, जिला बुद्धिजीवी मंच संयोजक संजय कुमार मंगल, विधायक प्रतिनिधि सह विधानसभा संयोजक शैलेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रवेश कुमार, नवीन कुमार आदि स्थानीय पीएचसी पहुंच कर गमजदा परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की.

### शराब की बड़ी खेंप को उत्पाद बल ने किया जब्त,पटना-रांची बस से 252 बोतल विदेशी शराब बरामद

**रजौली**। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने रांची से पटना जा रही परी बस से भारी मात्रा में विदेशी शराब को बस समेत जब्त किया है।साथ ही बस चालक एवं कंडक्टर को भी गिरफ्तार किया गया है।होली को लेकर शराब धंधेबाज तरह तरह के हथकण्डे अपनाने से पीछे नहीं हट रहे हैं।वहीं उत्पाद बल भी शराब धंधेबाजों के मंसूबों पर लगातार पानी फेर रहे हैं।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि समेकित जांच चौकी पर बीती रात्रि को रांची से पटना जाने वाली बस परी ट्रेवल्स संख्या बीआर09एच9401 की जांच उत्पाद बलों द्वारा की गई।इस दौरान बस से पान मसाला के मजबूत थैले में रहे कुल 252 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया है।जब्त शराब की कुल मात्रा 171 लीटर है।वहीं बस को जब्त करते हुए बस चालक रांची निवासी रामप्रकाश तिवारी के पुत्र प्रमोद कुमार एवं भोजपुर जिला निवासी प्रताप नारायण सिंह के पुत्र कुमार यशपाल को भी गिरफ्तार किया गया है।वहीं एक दूसरे बस की जांच के दौरान बंगाल से बाढ़ जा रहे अशोक सिंह के पुत्र आर्यन सिंह को दो बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।साथ ही कहा कि जब्त बस व शराब एवं गिरफ्तार शराब लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही कहा कि तीनों गिरफ्तार शराब धंधेबाजों को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई बिशु हेम्ब्रम के अलावे उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

### बेगुसराय मुफसिल थाना अंतर्गत कंकोल में बैनर फाड़ने एवम जलाने को लेकर FI R दर्ज

**बेगूसराय**। मुफसिल थानान्तर्गत कंकौल विद्यालय SH-55 निकट बैनर फाडकर जलाने एवं अपशब्द बोलने के मामलें में FIR दर्ज। पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर की जा रही है जाँच ।» घटना का विवरणः आज दिनांक 03.03.24 को मुफसिल थाना में अमरेन्द्र कुमार अमर (अधिवक्ता) पे०-ब्रजनंदन राय, सा०-विश्वनाथ नगर, थाना-नगर जिला-बेगूसराय के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया की दिनांक-02.03.24 की रात्रि करीब 10:00 बजे उसे सूचना मिली की कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा कंकौल विद्यालय के निकट एकत्रित होकर प्रचार बैनर की तस्वीर पर छुरे से वार कर अपशब्द बोला गया है। प्राप्त सूचना को पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार मुफसिल थानाध्यक्ष पु०नि० फैसल अहमद एवं सशस्त्र बल मुफसिल थाना के द्वारा घटनास्थल के पास पहुँचकर मामलें की जाँच / छानबीन करते हुए असमाजिक तत्वों की पहचान स्थापित की जा रही है तथा विधिसम्मत आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दर्ज कांड मुफसिल थाना कांड सं0-123/24 दिनांक 03.03.24 धारा-341/323/290/ 435/427/504/34 भा०द०वि० ।

**कार्रवाई के बाद भी अफीम उत्पादन का केन्द्र बन रहा हरदिया पंचायत के जंगली क्षेत्र**

# एसडीपीओ के नेतृत्व में भानेखाप के जंगल में तैयार अफीम की खेती को किया विनष्ट

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत भानेखाप गांव के जंगलों में सोमवार को एसपी नवादा अम्बरीष राहुल के निर्देशानुसार दंडाधिकारी के रूप में सीओ मो गुफरान मजहरी की मौजूदगी में एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में एसएसबी एवं पुलिस टीम के सहयोग से करीब पांच कट्ठा में लगी अफीम की तैयार फसल को नष्ट किया गया।एसडीपीओ ने बताया कि सूचना तंत्र के द्वारा जानकारी मिली थी कि रजौली थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में भारी मात्रा में अफीम की खेती की जा रही है।सूचना के सत्यापन थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के द्वारा बीती रात्रि को पुलिस बलों को सिविल ड्रेस में भेजकर करवाया गया था।सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष,अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार एवं एसएसबी जवान के साथ पुलिस बलों की एक टीम गठित किया गया।एसडीपीओ ने कहा कि गठित टीम द्वारा सोमवार को छापेमारी कर लगभग पांच कट्ठे खेत में तैयार अफीम की खेती को विनष्ट किया गया।साथ ही कहा कि दंडाधिकारी सह सीओ द्वारा जमीन के मालिक के नाम आदि दिए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।हालांकि अफीम की तैयार फसल को नष्ट किये जाने से नशीला पदार्थ को बाजार तक पहुंचने से रोका गया है।अगर समय रहते इसको ध्वस्त नहीं किया जाता तो करोड़ों के मूल्य का नशा बाजार तक पहुंच जाता।पुलिस की कार्रवाई कई दिनों की लगातार प्लानिंग एवं सटीक आसूचना संकलन के बदौलत सफल हुई है।एसडीपीओ ने कहा कि थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया है।

**कार्रवाई के बाद भी अफीम उत्पादन का केन्द्र बन रहा है हरदिया पंचायत-** इससे पूर्व भी इसी वर्ष के फरवरी में भी हरदिया पंचायत के विभिन्न स्थानों पर एवं विगत दो वर्षों में तीन बार पुलिसिया कार्रवाई कर इसी स्थान के आसपास अफीम की खेती को विनष्ट किया गया था।किंतु सुदूरवर्ती क्षेत्र के कारण बार-बार पुलिसिया कार्रवाई के बाद भी अफीम का कारोबार फल-फूल रहा है।बताते चलें कि बीते वर्ष 2023 के 4 फरवरी को परतौनिया गांव में तीन एकड़ में रहे अफीम को विनष्ट किया गया था।वहीं मौके से 20 किलोग्राम हरा अफीम एवं एक रायफल बरामद किया गया था।वहीं 26 फरवरी को परतौनिया एवं चरघरवा गांव के समीप 3.5 एकड़ में फैले अफीम की खेती को विनष्ट किया गया था।वहीं वर्ष 2022 के 13 मार्च को लगभग सवा एकड़ में रहे अफीम को विनष्ट किया गया था।

### छोटी बलिया ज्वेलर्स लूट कांड में पुलिस टीम गठित



निज संवाददाता। **बलिया बेगूसराय**

बलिया थानान्तर्गत ग्राम छोटी बलिया में P.N.P ज्वेलर्स के स्टाफ से सोने की हुई लूट मामलें में पुलिस टीम गठित । घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही है छापेमारी। जल्द ही घटना में संलिप्त अपराधियों को किया जायेगा गिरफ्तार। घटना का विवरणः- दिनांक 03.03.24 को समय करीब 06:30 बजे संध्या में बलिया थाना को सूचना मिली की ग्राम छोटी बलिया में P.N.P ज्वेलर्स के स्टाफ से अज्ञात अपराधियों के द्वारा सोने की लूट कर ली गयी है।घटना की सूचना मिलते ही अविंलब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया, थानाध्यक्ष बलिया पु०नि० रामकुमार सिंह एवं सशस्त्र बल बलिया थाना के द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर मामलें की जॉच किया गया तथा पुछताछ के क्रम में बताया गया की P.N.P ज्वेलर्स के स्टाफ दुकान बन्द कर अपने दुकान का सोने-चाँदी का समान झोले में लेकर घर जाने के क्रम में तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा पिस्टल दिखाकर / फायरिंग करते हुए करीब 500 ग्राम सोना एवं करीब 06 किलोग्राम चाँदी लूट लिया गया है। घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा घटना के उद्भेदन एवं घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया श्री विनय कुमार राय के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया जिसमें बलिया थानाध्यक्ष रामकुमार सिंह, सशस्त्र बल बलिया थाना एवं जिला आसूचना इकाई, बेगूसराय को शामिल किया गया है।

## रजोरा के निकट सड़क दुर्घटना बाइक सवार घायल



निज संवाददाता। **बेगूसराय**

बेगूसराय में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही की गस्ती कर रहे पुलिस के जवानों ने उन्हें ससमय सदर अस्पताल पहुंचाया जिससे उनकी जिंदगी बच गई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के राजौरा चौक के समीप की है । घायल की पहचान चेड़िया बरियारपुर थाना क्षेत्र के चेड़िया बरियारपुर निवासी कुंवर कुमार एवं विकास कुमार के रूप में की गई है । बताया जा रहा है कि बीती रात दोनों दोस्त अपनी बाइक से बेगूसराय आ रहे थे इसी क्रम में रजोरा के समीप सामने से जा रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी जिससे यह हादसा हुआ। फिलहाल घायल के परिजनों को पुलिस के द्वारा सूचना दी गई है तथा सदर अस्पताल में दोनों ही घायलों को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है ।

# तिलैया स्टेशन पर कामख्या एक्सप्रेस का 5 मार्च से ठहराव, रेलवे का आदेश जारी

निज संवाददाता। **नवादा**



गया-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन 15619/ 15620 का ठहराव अब किऊल-गया रेलखंड के तिलैया स्टेशन पर होगा। 05 मार्च 2024 से यह ट्रेन तिलैया स्टेशन पर रुकने लगेगी। 2 मिनट का स्टॉपेज दिया गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर के सीपीटीएम द्वारा सोमवार 4 मार्च की तिथि में यह आदेश जारी किया गया है। अब यह ट्रेन 15619 और 15620 नियमित रूप से तिलैया स्टेशन पर रुकेगी। किऊल-गया रेलखंड से परिचालित यह ट्रेन अब तक नवादा, वारिसलीगंज और शेखपुरा स्टेशन पर रुका करती थी, अब तिलैया स्टेशन पर भी इसका स्टॉपेज हो गया है। गया से चलकर यह ट्रेन 13: 48 बजे तिलैया स्टेशन पर पहुंचेगी और 2 मिनट के ठहराव के बाद 13:50 पर गंतव्य के लिए रवाना हो जाएगी। इसी प्रकार कामाख्या से गया जाने के क्रम में सुबह के 4:06 पर यह ट्रेन तिलैया स्टेशन पहुंचेगी और 4:08 बजे गया के लिए प्रस्थान करेगी। गया की ओर जाने वाले यात्रियों को यह सुविधा 12 मार्च 2024 से मिलनी शुरू होगी। बता दें कि किऊल- गया रेलखंड के महत्वपूर्ण स्टेशनों में अब तिलैया भी शामिल हो गया है। तिलैया स्टेशन अब जंक्शन के रूप में विकसित हो रहा है। यह स्टेशन किऊल-गया-कोडरमा-पटना की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए अहम पड़ाव बन गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को जब यह ट्रेन गया से 13: 05 बजे खुलकर कामाख्या की ओर जाएगी तब 13:48 पर तिलैया स्टेशन पर रुकेगी। जहां से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को कामाख्या के लिए रवाना किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह होंगे, ऐसी सूचना आ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि कोविड काल के बाद 24 जून 2021 से इस ट्रेन की शुरुआत की गई थी। 1070 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन 23 घंटे 10 मिनट में पूरी करती है। अब तक गया से कामाख्या के बीच 18 स्टेशनों पर इसका स्टॉपेज था जो बढ़कर 19 हो गया है। इस ट्रेन के स्टॉपेज से तिलैया और आसपास के इलाके के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। रालोजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने इस कार्य का पूरा श्रेय सांसद चंदन सिंह को दिया है। कहा कि सांसद के प्रयास से यह संभव हो सका है।

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने की समीक्षा, तीन पं सचिव पर हो सकता है प्रपत्र क का गठित

निज संवाददाता। **नवादा**

जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में नवीन कुमार जिला पंचायत राज पदाधिकारी, ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा की। तीन पंचायत मुखिया के विरुद्ध बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 18 (5) के तहत कारवाई एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध प्रपत्र ''क'' गठित करते हुए विभागीय कारवाई के लिए विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की। 12 ग्राम पंचायतों के भुगतान पर रोक लगाया गया। कौवाकोल, पकरीबरावां, अकबरपुर एवं वारसलीगंज के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा गया। जिले में अब तक 7 प्रखंडों में मात्र 2003 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है जो की राज्य स्तर पर अन्य जिलों के प्रदर्शन से काफी कम है। इन 2003 सोलर स्ट्रीट लाइट में से 600 लाइट नवादा सदर प्रखंड, 600 लाइट वारसलीगंज प्रखंड, 200 लाइट सिरदला प्रखंड, 240 लाइट रोह प्रखंड एवं 213 लाइट कौआकोल प्रखंड में लगाए गए है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 4 प्रखंडों के 12 ग्राम पंचायतों द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के क्रियान्वयन में अत्यंत ही लापरवाही बरती जा रही है। इसमें से 9 ग्राम पंचायतों द्वारा 15वीं वित्त की राशि का 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि का व्यय तो किया गया है किंतु सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापान के उपरांत भी एजेंसी को प्राक्कलित राशि का 40 प्रतिशत राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि 3 ग्राम पंचायतों द्वारा न तो 15वीं वित्त की राशि का संतोषजनक व्यय किया गया है और ना ही एजेंसी को भुगतान किया गया है। जबकि इन सभी 12 ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव से 2 सप्ताह पूर्व ही सपष्टीकरण पूछते हुए भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। ग्राम पंचायतों की सूची इस प्रकार है:- 1. कौवाकोल प्रखंड के छबैल, दरावां, मंझिला, सेखोदेवरा, पाली एवं सरैनी पंचायत 2. पकरीबरावां प्रखंड के धेवधा एवं ईरुरी पंचायत 3. अकबरपुर प्रखंड के पंचरुखी, बलिया बुजुर्ग एवं बकसंडा पंचायत 4. वारसलीगंज प्रखंड के दोसुत पंचायत। इसमें से कौवाकोल प्रखंड के सरैनी पंचायत, वारसलीगंज प्रखंड के दोसुत पंचायत एवं पकरीबरावां प्रखंड के ईरुरी पंचायत के द्वारा 15वीं वित्त की राशि का व्यय भी 40 प्रतिशत से कम किया है तथा सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापान के उपरांत भी एजेंसी को प्राक्कलित राशि का 40 प्रतिशत भुगतान नहीं किया है। इन तीनों प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन तीनों ग्राम पंचायतों के द्वारा 15वीं वित्त एवं 6वीं राज्य वित्त आयोग की राशि से जितने भी कार्य हुए है, उनकी भी विस्तृत जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन दें ताकि इन तीनों पंचायतों के मुखिया के विरुद्ध बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 18(5) के तहत कारवाई एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध प्रपत्र ''क'' गठित करते हुए विभागीय कारवाई के संदर्भ में अविलंब कारवाई प्रारंभ की जा सके। यदि बैठक के उपरांत इनके द्वारा एजेंसी को भुगतान कर भी दिया जाता है तो भी इन सभी के विरुद्ध कारवाई के लिए प्रतिवेदन निश्चित रूप से समर्पित करें। बाकी 9 पंचायतों को भी अंतिम चेतावनी के साथ एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में भुगतान किए जाने तक इन सभी 12 ग्राम पंचायतों द्वारा योजनाओं के भुगतान पर रोक लगाया जाता है। कार्यान्वयन एजेंसी को निर्देश दिया गया कि रोह प्रखंड के शेष 7 पंचायत, सिरदला प्रखंड के शेष 10 पंचायत, अकबरपुर प्रखंड के शेष 16 पंचायत, कौवाकोल प्रखंड के शेष 9 पंचायत एवं रजौली प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के लिए एक सप्ताह के अंदर क्रमशः 1320 एवं 960 सोलर स्ट्रीट लाइट की सामग्री आपूर्ति करते हुए निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें।

## रंगमंच के माध्यम से समाज बहुत सन्देश दिया जा सकता है

निज संवाददाता। **बेगूसराय**



रंगमंच बहुत ही कमाल का माध्यम है जिससे हम बहुत ही मनोरंजक तरीके से समाज को ज्ञान दे सकते हैं और मनोरंजन भी कर सकते हैं। रंगमंच हमें जीवन जीने की कला सिखाती है । रंगमंच को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही जिले की नाट्य संस्था बहुरंग। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए नाट्य संस्था बहुरंग ने आवासीय जीवन ज्योति गुरुकुल बेगूसराय में 26 फरवरी से 03 मार्च तक 7 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में गुरुकुल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नाट्य कार्यशाला निदेशक अवध कुमार ठाकुर के निर्देशन में बच्चों ने तमाम रंगमंचीय गतिविधि की और अभिनय की बारीकियों को समझा और जाना कि रंगमंच हमारे जीवन को कैसे सुव्यवस्थित ढंग से जीना सिखाता है। कार्यशाला समाप्ति उपरांत (नित्यांश ,आदित्य ,रौशन,नैतिक , अवधेश , सौरभ, दिलखुश ,दिव्यांशु ) ने अपने अभिनय से 'दशहरा का उत्साह' दिखाकर दर्शकों को बचपन की ओर ले जाने का काम किया तो वहीं (अदिति , अनुराग ,अवधेश , गौरव ,दिलखुश , प्रभात ) ने 'छठ की खुशी' दिखाकर पकवानों की याद ताजा कर दी , (शिवम , सत्यम ,पुष्प , प्रिंस , प्रभात ,सौरभ , आदित्य ) ने होली के हुड़दंग को दिखाया और (आशीष, शिवम , सत्यम , आयुष ,दिलखुश,दिव्यांशु ) ने बिछड़ने के गम को बहुत ही निपुणता के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गुरुकुल निदेशक दीपक कुमार, उमाशंकर सिंह, लक्ष्मी देवी , अवध कुमार ठाकुर , कुंदन कुमार, खुशबू कुमारी ,प्रीति कुमारी , शोभा देवी , अतीश कुमार, गुलशन कुमार , चंदन कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीडीपीओ ने किशोरियों को टमाटर जूस पिलाकर पौष्टिकता की दी जानकारी

निज संवाददाता। **नारदीगंज**




प्रखंड के ननौरा गांव के अनुसूचित टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या बीस पर पोषण वाटिका कार्यक्रम आयोजित की गई। यह कार्यक्रम सोमवार को सीडीपीओ मंजू कुमारी की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, सेविका शालिनी संगम,सहायिका शांति देवी समेत अन्य शामिल हुए।इस मौके पर सीडीपीओ ने अतिरिक्त प्रयास कर टमाटर का जूस बनाकर बच्चों व किशोरियों को पिलाकर टमाटर के गुण व पौष्टिकता की जानकारी दी।इस मौके पर सीडीपीओ ने बच्चों व किशोरियों से बातचीत के क्रम में कही न्यूट्रिशन की कमी रहती है,जो पोषण वाटिका में उगाए गये पौधे में भरपूर मात्रा में मिलता है।साथ ही शिक्षा पर भी बल दी,पढ़ना लिखना आवश्यक है। सीडीपीओ ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही की पोषण वाटिका के तहत प्रखंड के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत टमाटर,पालक,मेंथी,सहजन,धनियां,पपीता,अमरूद,आवंला समेत अन्य पौधे को खेत में उगाना है,और उसकी गुण व पौष्टिकता के बारें में जानकारी प्राप्त करना है,और बच्चों व किशोरियों को देना भी है।इसके लिए सभी आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को प्रशिक्षण भी दिया गया है,ताकि पोषण वाटिका में सभी पौधे को बेहतर तरीके से उत्पादन कर सके, और उसका लाभ बच्चों व किशोरियों को दे सके। मौके पर किशोरी सोनाली,स्वीटी,दरक्षा समेत अन्य बच्चे शामिल रहे।

## पंचायत समिति सदस्यों ने दिया एक दिवसीय धरना

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



पंचायत समिति की सामान्य बैठक को स्थगित करने मांग को लेकर दस पंचायत समिति सदस्यों ने सोमवार को पंचायती राज अधिनियम का खुल्लम खुल्ला नजर अंदाज किए जाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना का आयोजन किया।इस धरना में लगभग दो तिहाई समिति सदस्यों उपस्थित होकर अपने बातो को रखकर। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना हस्ताक्षरयुक्त आवेदन बीडीओ सह कार्यपालक अधिकारी को आवेदन दिया है।सदष्यों ने आवेदन में प्रखंड प्रमुख , उप प्रमुख और कार्यपालक अधिकारी के घालमेल से विकास योजनाओं में पक्षपात करने का आरोप लगाए हैं । यह भी कहा है कि प्रमुख द्वारा सोमवार को बुलाई गई पंचायत समिति की बैठक को स्थगित कर पंचायत समिति अंश के विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर रोक लगे । सरकार के सिस्टम पर मनमानी का आरोप लगाते यह भी कहा है कि कानूनी रूप से प्रमुख को बैठक बुलाने का अधिकार नहीं है । क्योंकि प्रमुख सहित उनके समर्थक सदष्य हार के डर से अविश्वास प्रस्ताव का सामना नहीं किया और सदन से गायब रहे । सदष्यों ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देकर प्रखंड प्रमुख की अवैध करार दिया है । प्रखंड कर्मियों व अधिकारी पर भी जनप्रतिनिधियों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ का आरोप लगे हैं । आवेदन मे यह भी कहा है है कि प्रमुख के खिलाफ अविश्वास के दिन सदन मे दस पंसस उपस्थित थे , बाबजूद मतविभाजन नहीं कराया गया, जो पंचायती राज अधिनियम 2006 की धारा 46 के उप धारा 8 का उल्लंघन है उक्त बातें धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्य शम्भू सारण कर्मशील ने कहा इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य जयनन्दन सिंह, ब्रजेश कुमार, किरण देवी,संगीता देवी,कुमारी कल्पना शर्मा,आदि मौजूद थे।

घटना के बाद बाइक सवार गाड़ी लेकर हुआ फरार

# तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारी टक्कर मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास थाना क्षेत्र के तुंबा एनएच 119 पर सोमवार की दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक ने एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गया। बताया जा रहा है कि मृतका की पहचान मुंबई गाँव के इतवारों सिंह की पत्नी रामकली देवी (70) के रूप में हुई है। वहीं घटना सूचना पर पुलिस ने हादसे की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजन और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। जिससे कई घंटे तक आवागमन ठप रहा। मौके पर रोहतास थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सरिता शर्मा, एस आई सोनू कुमार ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की जानकारी के बाद पहुंचे तुंबा पंचायत के मुखिया वीरेंद्र सिंह और पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि जयप्रकाश वर्मा ने प्रशासन के साथ मिलकर ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम को हटवाया। वहीं सड़क दुर्घटना में मौत हुई महिला को अंचलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में मौत के बाद चार लाख रुपए का चेक देने की बात कही। पोस्टमार्टम के लिए आए परिजनों ने बताया कि दुर्घटना में वृद्धा की मौत हुई है। घटना के बाद बाइक सवार गाड़ी ले फरार हो गया।

## सड़क हादसे में घायल तीसरे युवक की हुई मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के थाना क्षेत्र के तेलकप मोड़ के समीप कोटी बीघा में गत 18 फरवरी को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में घायल युवक साकिर खान की मौत सोमवार को इलाज के दौरान हो गई। मौत की सूचना से रोहतास नगर पंचायत में नौशाद खान के घर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। इस तरह उक्त घटना में मृतकों की संख्या तीन हो गई है। रोहतास नगर पंचायत की मुख्य पार्षद सुम्बुल आरा ने कहा कि तीनों मृतक अपने परिवार के सहारा, प्रशासन इनको उचित मुआवजा दे, ताकि परिवार को सहायता मिल सके। ज्ञात हो कि उक्त दुर्घटना में दो बाइक की टक्कर में तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए थे।



वही एक युवक अख्तर खान 26 पिता सफिक खान अकबरपुर निवासी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई थी। वही गंभीर रूप से घायल लालबाबू पिता प्रमोद यादव खजूरी की मौत ईलाज के दौरान 19 फरवरी को हो गई थी। जबकि आज साकीर खान पिता नौशाद खान की मौत घटना के 15 दिन हो गया। तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट सात लोग घायल, थाना में मामला दर्ज

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)।** मोहनिया थाना के सराय गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस दौरान एक पक्ष के दो लोग और दूसरे पक्ष के पांच लोग घायल हो गए है। आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचा दिया। घायलों में एक पक्ष के 45 साल के सुभाष बिंद और उनका बेटा कालीचरन बताया जा रहा है। वहीं दूसरे पक्ष में 48 साल का नेखुरी बिंद, उनकी पत्नी सुखिया देवी, सियाराम बिंद की 28 साल की पत्नी सुशीला देवी, श्रवण बिंद की पत्नी सीता देवी, नेखूरी बिंद का बेटा श्रवण बिंद शामिल है। दोनों पक्ष ने घटना की शिकायत मोहनिया थाने में की है। वहीं थाना का कहना है कि जांच की जा रही है। एक पक्ष के सुभाष बिंद ने बताया कि वह ससुराल में रहते है। जहां पर जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। सोमवार को उनका बेटा जा रहा था तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उसको पकड़ कर घर में पीट दिया। जब वह बचाने गया तो उन लोगों ने लाठी से उस पर भी हमला कर दिया। इसमें दोनों लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के नेखुरी बिंद ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर उनके परिवार के ऊपर पहले से केस किया हुआ है। इस बीच दोनों बाप-बेटा उनके घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने लगा। जब बीच बचाव करने और लोग गए तो उनको भी मारा गया। इसमें घर के महिला पुरुष सहित कुल 5 लोग घायल हो गए है।

## भूमि विवाद को लेकर मारपीट

निज संवाददाता

जहानाबाद। डीएम कार्यालय के पास जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घोसी थाना क्षेत्र के नंदन गांव निवासी प्रियंका कुमारी ने बताया कि गोतिया चिंटू कुमार से तीन डिसमिल जमीन को लेकर कई महीनों से विवाद चल रहा है। उसने जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जब उसकी शिकायत करने डीएम लाल सिंह से आए तो उसने उसके ससुर बैकुंठ सिंह को मार कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस का कहना है कि हम लोग शहर में गश्ती कर रहे थे। तभी घटना की सूचना मिली जब तक वहां पहुंचे तो कुछ लोग भाग निकले। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा जांच की जा रही है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाना जिला प्रशासन का लक्ष्य : डीएम

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने आयुष्मान भारत जन आरोग्य व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने के लिए अधिकारियों को हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि दोनों महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना आम आदमी के व्यापक स्वास्थ्य हित से जुड़ा है। उन्होंनेकहा कि अब तक योजना क्रियान्वयन की गति अपेक्षित नहीं थी लेकिन हाल के दिनों में जिला प्रशासन की विशेष पहल व अभियानों का अच्छा असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि योजना से अधिक से अधिक लोगों का लाभ दिलाना जिला प्रशासन का लक्ष्य है। उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों का मौके पर जाकर मुआयना कर संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को जरूरी हिदायतें दीं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छदित करने को प्रेरित किया। उन्होंनेरतनी फरीदपुर प्रखंड के उचिटा



पंचायत के फौलादपुर में तथा घोसी प्रखंड के कुर्रे पंचायत में गोल्डन कार्ड निर्माण के लिए आयोजित विशेष अभियान के तहत शिविरों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार तक अभियान के तहत लगभग 35 हजार नए आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड निर्गत किया गया है। डीएम ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयोजित विशेष अभियान के प्रति दिन का लक्ष्य 4192 दिया गया है, जिसमें रविवार को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 20117 कार्ड निर्गत किया गया। सदर प्रखंड में सबसे अधिक कार्ड बने जहानाबाद सदर प्रखंड में 3617, मखदुमपुर प्रखंड में 3038, काको प्रखंड में 2671, रतनी फरीदपुर प्रखंड में 2424, हुलासगंज प्रखंड में 1678, मोदनगंज प्रखंड में 1232, घोषी प्रखंड में 1179 तथा नगर परिषद/नगर पंचायत क्षेत्र में 807 आयुष्मान भारत कार्ड निर्गत किया गया। दो मार्च को प्रथम दिन लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 13911 आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया है, जो काफी सराहनीय है।

अच्छी सफलता के लिए डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया तथा विशेष अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य को शत् प्रतिशत कार्ड निर्गत करने का अपील किया। रविवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आच्छदित लाभर्थियों के अलावा शेष लाभार्थियों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लाभार्थी बनाया गया है। निरीक्षण के क्रम में सूचीबद्ध स्वास्थ्य केन्द्रों की जानकारी आमजनों मे देने एवं प्रचारित-प्रसारित कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में सभी केन्द्रों पर कार्ड बनाने हेतु आमजनों को प्रेरित किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र लाभार्थी जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थी नहीं है, जिन्को प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत दी गयी है। डीएम ने अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने को सभी बीडीओ व आपूर्ति अधिकारियों को कार्य योजना बनाते हुए मिशन मोड में काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने

# एसपी विनीत कुमार ने सासाराम अनुमंडल अंतर्गत धौडाढ़ थाना का फीता काटकर किया उद्घाटन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास एसपी विनीत कुमार ने सासाराम अनुमंडल अंतर्गत धौडाढ़ थाना का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर एसपी ने कहा कि आज रोहतास जिले 3 ओपी को थाना बनाया गया है। जिसमें धौडाढ़ के अलावा बड्डी तथा यदुनाथपुर शामिल हैं। तीनों थानों का आज उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा तीनों नये थाना बनने के साथ अपराध नियंत्रण के अलावा आमजनों को सहूलियत होगी। वहीं पत्राचार में हो रहे अनावश्यक विलंब से राहत मिलने के साथ कार्य में तेजी आएगी। ओपी में प्राथमिकी नहीं होती थी, अब थानों में प्राथमिकी दर्ज होगी, जिससे क्षेत्र की जनता को सहूलियत होगी। उद्घाटन के मौके पर एसडीपीओ दिलीप कुमार के अलावा धौडाढ़ के प्रथम थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला भी मौजूद थे। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि नये थाना क्षेत्र के नोटिफिकेशन भी जल्द जारी किया जाएगा। जहां थाना में ही प्राथमिकी दर्ज कार्य शुरू हो जाएगी। एसपी ने कहा कि ओपी क्षेत्र में विधि व्यवस्था की समस्या होने पर पैतृक थाना से दूरी होने के कारण उस क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के पहुंचने में समय लग जाता है। जिससे अपराध नियंत्रण में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बताया कि इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए उक्त तीनों ओपी को स्थाई एवं स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए थाना के रूप में उत्क्रमित किया जा रहा है। बता दें कि पहाड़ी क्षेत्र और एनएच दो से सटे थाना धौडाढ़ होने से क्षेत्र के लिए सुरक्षा विधि व्यवस्था को लेकर उक्त थाना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एकल अभियान विद्यालय का प्रशिक्षण

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सहदेव प्रसाद यादव महाविद्यालय के प्रांगण में पिछले दस दिनों से एकल अभियान विद्यालय का प्रशिक्षण समाप्त हो गया। एकल विद्यालय अभियान के आचार्य प्रशिक्षण वर्ग समापन पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी एवं अंचल सचिव अवधेश नंदन द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्र के 34 आचार्य एवं आचार्य का पंचमुखी शिक्षा के बारे में पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम उस्थान शिक्षा, ग्राम स्वराज शिक्षा, श्री हरि कथा शिक्षा का विस्तृत रुप से प्रशिक्षण दिया गया। इस समापन सत्र में रणविजय सिंह श्री कथा के अध्यक्ष राम नारायण सिंह, हरि कथा व्यास माया देवी ने भाग लिया।

# आदर्श थाना कुर्था और मानिकपुर थाना परिसर में चौकीदारों को कराया गया परेड

निज संवाददाता



**कुर्था (अरवल)।** स्थानीय आदर्श थाना कुर्था व मानिकपुर थाना परिसर में पदस्थापित चौकीदारों को परेड कराया गया। परेड के दौरान कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शराबी व शराब तस्करी के अलावा अपराधी व कई वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी जरूरी हैं। गांव की चहलकदमी से आप सब वाफिक है। शराब तस्करी व गांव में शराब मिलने दोनों हालात में आप जिम्मेवार है। इसकी जिम्मेदारी निभाते हुए इसकी जानकारी इकट्ठा करें, ताकि गिरफ्तारी हो सके। चोरी-छिपे तस्करी की शराब आ रही हैं लोग इसका इस्तेमाल कर रहे है। दूसरी तरफ कई वांछित तस्कर भी गांव में घूम रहे है गांव में कही पर भी कोई घटना की आशंका हो तो तुरंत सूचना दें। शराब व तस्करों के अलावा कई ऐसे फरारी व आपराधिक किस्म के लोगों की सूचना भेजी जाए, जिससे उसकी गिरफ्तारी हो सके। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पुलिस महकमे की चौकीदार वो सबसे छोटी इकाई होती है जिससे प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को मदद मिलती है। साथ ही जिन चौकदारों के गांव में शराब की बिक्री होते पाई जाएगी उसकी सही समय पर सूचना नहीं देने वाले संबंधित चौकीदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एक-एक चौकीदार से बारी-बारी मिलते हुए उन्होंने उनके क्षेत्र में चल रही आपराधिक गतिविधियों के साथ ही सक्रिय अपराधियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

# पिता की हत्या के मामले में बेटा गिरफ्तार

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने पिता के हत्या के मामले में बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में पीसी करते हुए बताया कि गत 8 जनवरी 2024 को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धुआँ गाँव में खेत में पटवन कर रहे किसान हरि प्रसाद सिंह की हत्या टांगी से कर दी गई थी। मामले में मृतक के बेटे के द्वारा मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 8/24 दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच मुफ्फसिल थानाध्यक्ष द्वारा की जा रही थी। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि बेटे के द्वारा ही पिता की हत्या की गई है। इसके बाद बेटे धनजी सिंह को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने बताया कि पिता से जमीन और पैसा का विवाद चल रहा था। इसी में उसने पिता की हत्या कर दी। एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल की गई टांगी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में बेटे धनजी सिंह को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

**NIT ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 10/2023-24**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 367/जि0अ0, दिनांक 26.02.2024 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 10/2023-24 (PR No-320541) में तकनीकी कारणो से पूर्व से Uploaded Online Tender के स्थान पर पुनः निविदा Upload कर संशोधित तिथि के अनुसार निम्न प्रकार निविदा आमंत्रित किया जाता है–

| पूर्व से निर्धारित निविदा की तिथि | | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 07.03.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 11.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.03.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) | दिनांक 12.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे) |

नोट :– 1. उपर्युक्त NIT के निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
2. उक्त हेतु पूर्व में इस कार्यालय के ज्ञापांक 435/जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 एवं ज्ञापांक 445/जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 द्वारा निर्गत शुद्धि पत्र को विलोपित किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 321406 District(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 23/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 02.03.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मझिआँव | RWD/GARHWA/STPKG/19/2023-24 | करमडीह हाई स्कूल से तलसबरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.700 कि0मी0) | 1153.006 | ग्यारह करोड़ तिरपन लाख छः सौ रूपये। | 15 महीना |
| 2 | काण्डी | | ताली रंगनिया बाँध से सरकोनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.300 कि0मी0) | | | |
| 3 | मझिआँव | | तलसबरिया मोड़ से बुढ़ीखांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.100 कि0मी0) | | | |
| 4 | काण्डी | | जोगीबीर पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से बलियारी मुख्य पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.500 कि0मी0) | | | |
| 5 | काण्डी | | भलही मोड़ से करकट्टा बेहरा होते हुए चेचरिया पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.100 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 23.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.03.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 321371 Rural Work Department(23-24)D

National Institute of Electronics and Information Technology (NIELIT)
NIELIT Bhawan, Plot No. 3, PSP Pocket, Sector-8,
Dwarka, New Delhi - 110077

रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT

**PUBLIC NOTICE**

National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT) is an autonomous Scientific Society under the Ministry of Electronics & Information Technology, Government of India. It is engaged in both formal and non-formal education/courses in the field of electronics, information and communication technology.

It has come to our attention that some entities/firms are using the name, logo, or part of the name of our institute without authorization to deceive or dupe people, or for some other business purposes known only to them. We hereby warn and give notice to these entities/firms to immediately cease and desist from using the name, logo, or any part thereof our Institute in any manner. Failure to comply with this public notice will result in legal action against them.

We hereby request the public in general to be cautious and refrain from associating with any entity/firm that fraudulently uses the name, logo, or any part thereof of our institute, as mentioned herein.

CBC 06102/12/0015/2324 Registrar

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय मंडल कारा, चतरा

**अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

**e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q2/2024/452**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त अति अल्पकालीन ई०–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 09.03.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 14.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 09.03.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 14.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 15.03.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 16.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राषि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 15.03.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 16.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 18.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे अपर समाहर्त्ता, चतरा के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR 321389 (Home, Prison And Disaster Management)23-24*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने शराब के लिए 35 हजार में तीन साल के बेटे को बेच दिया

**परवलपुर।** परवलपुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपर-दादुपुर गांव में रविवार को शराब पीने के लिए रुपए नहीं रहने पर पिता ने तीन साल के मासूम बेटे को 35 हजार रुपए में बेच दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर उसके पिता को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। शराबी अचेत था। पुलिस उसे अस्पताल ले गई। गिरफ्तार पिता नवादा जिला के भदौनी गांव निवासी दिनेश केवट का पुत्र मुकेश केवट है। दादुपुर गांव आरोपी का ससुराल है। जहां वह एक सप्ताह पहले आया था। बरामद बच्चे को उसकी मां के हवाले कर दिया गया। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि गांव की कुछ महिलाओं ने कॉल कर सूचना दी कि शराबी पिता ने अपने बच्चे को बेच दिया है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर बच्चे को गांव से बरामद की। बच्चे को बेचने के आरोप में उसके पिता को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी अत्यधिक नशे में है। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बच्चे को कितने रुपए में और किसके पास बेचा गया था। रुपया भी बरामद नहीं हो सका है।ग्रामीणों की मानें तो मुकेश कुछ दिन पहले ससुराल आया था। वह नशेड़ी है। नशा करने के लिए वह घर का सामान बेचा करता था। इस बार नशेड़ी ने अपने तीन साल के बेटे को ही बेच दिया। बच्चे को दूसरे समुदाय के घर में बेचा गया था। इस कारण ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### इंट्रेंस परीक्षा में सौरभ को 22वां स्थान

**करायपरसुराय।** सिमुलतला आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए राज्य स्तरीय एंट्रेंस की परीक्षा ली जाती है। विद्यालय में प्रतिवर्ष 60 छात्र एवं 60 छात्राओं का नामांकन लिया जाता है। करायपरसुराय निवासी उपेंद्र कुमार के 11 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार ने एंट्रेंस परीक्षा में 22वां स्थान लाकर प्रखंड व माता-पिता का नाम रौशन किया है। उन्होंने सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई में वर्ग छह में नामांकन के लिए एंट्रेंस परीक्षा दी थी। जिसमें गणित और रीजनिंग में 150 में से 149 अंक तथा सेकेंड पेपरमें 150 में 115 अंक प्राप्त कर कुल 264 अंक लाकर राज्य स्तरीय एंट्रेंस में 22वां स्थान प्राप्त किया। पिता उपेंद्र कुमार पेशे से सरकारी शिक्षक हैं। मां संगीता देवी गृहणी है।

### बारिश से गेहूं को फायदा, दलहन और तेलहन की फसलों को नुकसान

**करायपरसुराय।** तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम में ठंडापन आ गया है। बारिश से फसलों पर भी असर पड़ा है। बारिश से गेहूं की फसल को फायदा हुआ है। जबकि तेलहन और दलहन फसल को नुकसान हुआ है। किसान विनोद कुमार, विजय प्रसाद एवं स्वारथ प्रसाद ने बताया कि बारिश से गेहूं फसल को फायदा हुआ है। तेज हवा एवं बारिश से सरसों, राई, मसूर, चना फसल को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि अगर मौसम का दबाव ऐसे ही बना रहा तो सरसों के साथ आलू, चना व मटर फसल को काफी नुकसान होगा। कृषि विभाग के तकनीकी सहायक धनंजय कुमार ने बताया कि राई फसल में एफिड का प्रकोप दिखने लगे तो रोगर 20 ईसी एवं सल्फेस 80 डब्लूपी दवा का इस्तेमाल करें। रोगर 20 ईसी का मात्रा 1.5 एमएल प्रति लीटर और सल्फेस 80 डब्लूपी की मात्रा 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में उपयोग कर सकते हैं। अगर 16 लीटर पानी घोल तैयार करते हैं तो यह चार कट्ठा में छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी आम के पेड़ में फूल आने के पहले इस दवा का प्रयोग कर सकते हैं। आम में फूल आने के बाद दवा के प्रयोग से नुकसान पहुंचेगा।

### बहनोई समेत 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी हुई दर्ज, संपत्ति विवाद को लेकर मामला आ रहा सामने



**नालंदा।** नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजगीर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग के सृजन कोल्ड स्टोरेज के समीप शुक्रवार को धारदार हथियार से गला रेत एक महिला की हत्या कर दी गई थी। मृतका स्वर्गीय राजो महतो की (55) वर्षीया पत्नी सुदामिया देवी थी। 2 दिन बाद इस मामले में सुदामिया देवी के बेटे धर्मेंद्र कुमार ने बहनोई समेत तीन लोगों के विरुद्ध दीपनगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। नामजद अभियुक्तों में नूरसराय थाना क्षेत्र के दरूआरा गांव निवासी बहनोई विकास कुमार, विकास पिता विनय कुमार एवं उसकी मां सुनैना देवी को आरोपित कर मामला दर्ज कराया गया है। धर्मेंद्र कुमार ने दिए आवेदन में बताया है कि शुक्रवार को उसकी मां 1 बजे दिन में खेत के लिए निकली थी। जो शाम तक वापस घर नहीं लौटी, इसके बाद उसकी बहन सोनी देवी मां की खोजबीन में जुट गई। तभी सृजन कोल्ड स्टोरेज के समीप सरसों की खेत में शाम में पाया कि उसकी मां की धारदार हथियार से गला रेत हत्या कर दी गई एवं शव को फसल के बीच छुपा दिया गया है। तब उसने इसकी सूचना परिवार और स्थानीय पुलिस को दी। धर्मेंद्र ने बताया कि नामजद अभियुक्त इसके पूर्व भी कई बार उसकी मां को जान मारने की धमकी दे चुका था। उन्हीं लोगों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं, इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। संपत्ति विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

### खेत में घुसा जंगली हाथी, गेहूं की फसल को रौंदा, इलाके में हड़कंप, वन विभाग ने लोगों को अलर्ट रहने को कहा

**गया।** गया जिले के इमामगंज प्रखंड के चूआबार पंचायत क्षेत्र के बहेरा गांव में रविवार की सुबह जंगल से दो हाथी आबादी वाले क्षेत्र में आ गए। खेत मे लगी फसल को नष्ट कर रहे हाथियों पर गांव वालों की नजर पड़ी तो पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। ग्रामीण दहशत में आ गए। सुबह-सुबह खेत पर जाने वाले लोगों के घरों में रोना धोना भी शुरू हो गया।



इस संबंध में जदयू के प्रदेश महासचिव श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के श्रीकांत प्रसाद ने बताया कि चूआवार पंचायत के बहेरा गांव में दो बड़े हाथी जंगल से गांव की ओर प्रवेश कर गए है। ग्रामीण दहशत में है, फसल को नुकसान किया जा रहा है। करीब दस बिगहा में लगी फसल को अब तक नष्ट कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अफसर को इस बात से अवगत करा दिया गया है। इस संबंध में इमामगंज वन विभाग के रेंजर कुलदीप चौहान ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ की दो बड़ा हाथी जंगल से गांव के तरफ आ गए हैं। इसी सूचना के आधार पर सत्यापित करते हुए एक टीम गठित कर बहेरा गांव में गए हैं। फिलहाल दोनों हाथी दोनों हाथी जंगल की ओर चले गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के शोर व सूझबूझ की वजह से वे जंगल में चले गए हैं। रेंजर बताया कि वे अपने झुंड से भटक कर आबादी वाले इलाके में आ गए होंगे। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए माइक से अनाउंसमेंट करवाया गया है कि जैसे ही हाथी पर किसी की नजर पड़े तो इसकी सूचना वन विभाग को तत्काल दें। वन विभाग की टीम को जंगल में हाथी की गतिविधि पर नजर रखने की हिदायत दी गई है।

# महाराष्ट्र में बिहार की जीत, मिला गोल्ड और रजत पदक

## पुणे में मैराथन दौड़ का हुआ था आयोजन, राकेश ने प्रथम और रिंकी ने प्राप्त किया दूसरा स्थान

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मानपुर प्रखंड के खरहरी गांव के रहने वाले बालक-बालिकाओं ने मैराथन में रजत और स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूरे बिहार सहित गया जिले का नाम रोशन किया है। मैराथन के पुणे सिटी में 3 मार्च को आयोजित किया गया। इस मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग के खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया था। खिलाड़ियों की संख्या 20 हजार थी। जिसमें बालक और बालिका खिलाड़ी शामिल रहे। महाराष्ट्र के पुणे सिटी में हो रहे मैराथन में गया जिला अंतर्गत खरहरी गांव में चल रहे अंबेडकर एथेलेटिक्स अकादमी से दो खिलाड़ी शामिल हुए थे। इनमें राकेश कुमार और रिंकी कुमारी



शामिल रहे। राकेश कुमार ने मैराथन में स्वर्ग पदक प्राप्त किया है। रिंकी कुमारी रजत पदक हासिल की है।

**बालक-बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहेः** अंबेडकर एथेलेटिक्स अकादमी के प्रशिक्षक गौतम राज ने बताया कि कई वर्षों से लगातार बालक-बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। पुणे में मैराथन में राकेश कुमार ने स्वर्ण पदक और रिंकी ने रजत पदक जीतकर गया सहित बिहार का नाम रोशन किया है। अंडर-12 बालक व बालिका वर्ग में बिहार से प्रतिनिधि करते हुए रिंकी कुमारी और राकेश कुमार शामिल हुए। अंडर-12 बालिका वर्ग में रिंकी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। राकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रशिक्षक ने कहा दोनों खिलाड़ियों ने कभी कोई सहयोग और मदद नहीं लिया। बावजूद भी इन दोनों ने पुणे में बिहार का नाम रोशन किया।

# ईंट से लदा ट्रैक्टर पलटा, एक की मौत, मोरवे गांव जा रहा था

निज संवाददाता। गया



गया जिले के फतेहपुर प्रखंड के गुरपा में ईंट से लदे ट्रैक्टर के पलट जाने की वजह से एक मजदूर को मौत हो गई, जबकि दो जख्मी हो गए। घटना गुरपा के डोभाटांड़ गांव के पास की है। जख्मी लोगों का शहर के किसी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गुरपा के मुरनी बथान से ईंट लेकर ट्रैक्टर मोरवे जा रहा था। डोभाटांड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक समेत तीन लोग ट्रैक्टर के डल्ला के नीचे दब गए। ट्रैक्टर दुर्घटना होता देख घटना स्थल के आसपास के लोग जुटे को डल्ले के नीचे दबे सभी लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। जिसमें सर्वोदयपुरी गांव निवासी साजन कुमार पिता चंद्रिका माझी की मौत चिकित्सा के लिए अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते मे हो गई। वहीं, चालक मुकेश माझी 23 वर्ष और मजदूर रंजन मांझी 25 वर्ष की हालत काफी गंभीर है। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर मगध मेडिकल कालेज गया रेफर कर दिया है। लेकिन उनका इलाज किसी निजी हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। पलटे हुए ट्रैक्टर को उठाने के लिए जेसीबी की भी मदद ली गई। बताया जा रहा है कि टैक्टर चालक सहित दो मजदूर पुरनीबथान गांव में संचालित रामशीष यादव के ईट भठ्ठा पर काम करते थे। वे ईंट को लेकर मोरवे गांव की ओर जा रहा थे। घटना की जानकारी पाकर गुरपा थाना प्रभारी राजेश पासवान घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया की जा रही है। हालांकि, शव को पोस्टमार्टम के लिए अब तक नहीं भेजा सका है।

# पईन में उपलाता मिला युवका का शव

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार को पानी भरे पईन में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा खरजम्मा गांव का है। मृतक की पहचान बारा खरजम्मा गांव निवासी केशो रविदास के 32 वर्षीय पुत्र रंजीत रविदास के रूप में की गई है। मृतक के भाई सिकंदर कुमार ने कहा कि रंजीत रविदास रात्रि करीब 2:00 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकाला था। जिसके बाद वो वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन की लेकिन अंधेरे में कहीं अता पता नहीं चल सका। सुबह जब फिर से खोजबीन की गई तो पईन के बाहर चप्पल मिली। शव पईन में उपलाता मिला। परिजनों से आशंका जताई है कि शौच के दौरान वह डूब गया होगा।



**फैक्ट्री में काम करता थाः** परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं की शौच के दौरान पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया होगा। डूबकर उसकी मौत हो गई। 2 दिन पूर्व ही वह राजस्थान से लौटकर घर आया था। राजस्थान में रहकर रंजीत रविदास फैक्ट्री में काम करता था। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पईन में शव मिलने की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची, इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई।

# पूर्व डीएसपी कमलकांत की हुई पहली पेशी, नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में है आरोपी

निज संवाददाता। गया

नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में लम्बे समय से फरारी काटने के बाद बीते सप्ताह कोर्ट में सरेंडर करने वाले पूर्व डीएसपी कमलाकांत की पहली पेशी हुई। उन्हें हाथ मे हथकड़ी डाल कर जेल से पुलिस सुरक्षा में कोर्ट लाया गया और पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। करीब दस मिनट के बाद उन्हें वापस जेल के लिए भेज दिया गया है। पूर्व डीएसपी कमलाकांत निलंबित चल रहे हैं। वे पूर्व में गया पुलिस मुख्यालय डीएसपी थे। नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला इनके खिलाफ काफी समय से चल रहा है। वे बीते तीन वर्ष से लगातार सुर्खियों में बने हैं। सोमवार को कमलाकांत से संबंधित मामले में कोर्ट में बहस नहीं हो पाई। वकील विजय पाठक ने बताया कि अगली तारीख पड़ी है लेकिन उसका आदेश बाहर नहीं आया है।



**पत्नी से विवाद के बाद मामला आया था सामनेः** दुष्कर्म आरोपी कमलाकांत मुख्यालय डीएसपी के पद पर गया में पदस्थापित थे। उस दौरान उन्होंने अपने सरकारी क्वार्टर में एक नाबालिग लड़की के साथ गंदा काम किया था। उस वक्त उन्होंने अपने पद और पावर का इस्तेमाल कर उसे दबा दिया था। लेकिन जैसे ही उनका गया से दूसरे स्थान पर तबादला हुआ और कमलाकांत की अपनी पत्नी से बात बिगड़ी तो मामला उभर कर सामने आया। पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए डीएसपी मुख्यालय की पत्नी सामने आई थी। पीड़िता को लेकर पुलिस मुख्यालय और कमजोर वर्ग आयोग के पास पहुंची थी। पुलिस मुख्यालय और कमजोर वर्ग आयोग

**लंबे समय तक रहा था फरार**

के निर्देश पर गया के महिला थाना में वर्ष 2021 में 18/21 केस डीएसपी मुख्यालय के खिलाफ दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए डीएसपी की पत्नी, पीड़िता के भाई, भाभी, तत्कालीन महिला थानाध्यक्ष मीरा कुमारी सहित कई लोगों का गया कोर्ट में 164 के तहत मामला दर्ज कराया गया। बीते वर्ष जनवरी माह में डीएसपी के खिलाफ सीआईडी के इंस्पेक्टर ने गया कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इससे पहले डीएसपी की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट, उनके घर की कुर्की जब्ती भी की गई थी। बीते सप्ताह के मंगलवार को थकहार कर कमलाकांत को सरेंडर कर कानून की शरण मे आना पड़ा।

# दुमका में स्पेनिश महिला से गैंगरेप पर मायूसी, घटना के 2 दिन पहले बोधगया में थी पीड़िता

## 15 साल पहले जापानी महिला के साथ भी ऐसा ही हुआ था

निज संवाददाता। गया

झारखंड के दुमका में स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप हुआ था। उसके दो दिन पहले वो बोधगया में थी। बोधगया में करीब एक सप्ताह बिताने के बाद वो झारखंड की ओर निकली थी। उनके साथ पुरुष भी था। दुमका में वीभत्स घटना से बोधगया के टूरिस्ट गाइड चिंतित हैं। उन्हें न केवल अपने राज्य की प्रतिष्ठा की चिंता है बल्कि खुद के रोजगार की भी चिंता सता रही है। डर यह है कि इस घटना का असर पूरे यूरोप के लोगों पर पड़ेगा और वे बिहार तो दूर इंडिया आने से ही कतराने लगेंगे। क्योंकि बोधगया में विभिन्न देशों के पर्यटक लगातार बोधगया आते हैं। ऐसा इसलिए कि करीब 15 वर्ष पूर्व जापान की महिला के साथ बोधगया में इसी तरह की घटना हुई थी। इस घटना के बाद से जापान के पर्यटकों ने बोधगया से मुंह मोड़ लिया है। नतीजतन बोधगया के जैपनीज टूरिस्ट



गाइड अब तक बेरोजगार हैं। पूर्व में बड़ी संख्या में जापान से लोग आया करते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है।

**स्पेनिश महिला व पुरुष से मुलाकात हुई थीः** टूरिस्ट गाइड सुधीर कुमार ने बताया कि स्पेनिश महिला व पुरुष पर्यटक से उनकी मुलाकात हुई थी। बाइक से वे विश्व भ्रमण करते हुए भारत पहुंचे और भारत के विभिन्न स्थलों का दर्शन करने के बाद भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि पहुंचे थे। भगवान बुद्ध के दर्शन करने के बाद कई दिनों तक बोधगया में विश्राम किया और कोलकाता के लिए वे बाइक से ही निकल पड़े थे। सुधीर का कहना है कि इस तरह की घटना से छवि तो खराब होती ही है। साथ में रोजगार पर भी बहुत निगेटिव असर पड़ता है।

**घटना से विदेशी मेहमान की संख्या घट सकतीः** स्पेनिश कपल के साथ इस घटना से बौद्ध भिक्षु भी काफी चिंतित हैं। भिक्षु प्रियपाल भंते का कहना है कि विदेशियों के लिए सुरक्षा से सम्बंधित मार्गदर्शन देने की जरूरत हैं। इसके लिए राज्य सरकार और भारत सरकार को पर्यटन विदेशी सुरक्षा कानून बनना चाहिए। इस घटना से विदेशी मेहमान की संख्या घट सकती है। क्योंकि जापान के टूरिस्ट का बोधगया में आना बेहद कम गया है। दुमका की तरह वर्षों पूर्व बोधगया में जापान की महिला के साथ भी कुछ इसी तरह की घटना हुई थी।

# दामाद के दाह संस्कार में गए बुजुर्ग लापता

निज संवाददाता। नालंदा

दामाद के दाह संस्कार में गए एक बुजुर्ग पिछले 5 दिनों से लापता है। मामला पटना के बाढ़ अनुमंडल स्थित उमानाथ घाट का है। लापता बुजुर्ग नालंदा जिला के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसासुर निवासी कृष्ण साव हैं। अब परिजनों को किसी अनहोनी की चिंता सता रही है। खोजबीन के बाद जब बुजुर्ग नहीं मिले, तो स्थानीय थाना का सहारा परिजनों ने बुजुर्ग की बरामदगी के लिए लिया है। सोहसराय थाना क्षेत्र के मंसूरनगर निवासी बुजुर्ग के नाती छोटू कुमार ने बताया कि उसके पिता का निधन 29 फरवरी को हो गया था। दाह संस्कार बाढ़ के उमानाथ घाट पर किया गया। सभी परिवार वाले और आस पड़ोस के लोग बस पर सवार होकर उमानाथ घाट गए थे। जब दाह

**चार दिन से परिजन कर रहे तलाश, परिजनों को होने लगी अनहोनी की आशंका**

संस्कार के बाद घर आने के लिए सभी लोग बस पर बैठे तो नाना नहीं थे। आस पास तालाशी के बाद भी उनका पता नहीं चल सका। उनलोगों को लगा कि किसी अन्य गाड़ी से वह घर लौट गए होंगे, लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटे। चार दिन बीत गए और अब तक उनका पता नहीं चल सका। इसके बाद बाढ़ पुलिस से मदद की गुहार लगाई गई है। बाढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि लापता बुजुर्ग की फोटो, आसपास के थानों में भेजी गई है और सोशल मीडिया का सहारा बुजुर्ग की बरामदगी के लिए लिया जा रहा है। जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा।

# भगवान सूर्य की अष्टभुजी मूर्ति चुराने का प्रयास

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की रात बदमाशों ने मंदिर से मूर्ति चोरी करने की कोशिश की। मामला तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक धार्मिक पौराणिक स्थल सूर्य मंदिर का है। जहां से बीती रात बदमाशों के ने वेशकीमती काले पत्थर की अष्टभुजी भगवान सूर्य की प्रतिमा की चोरी करने का प्रयास किया। तेल्हाड़ा थाना अध्यक्ष जेपी ठाकुर ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान दो लोगों को मंदिर के समीप से पुलिस ने भागते हुए देखा, उनका पीछा किया गया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश भाग गए। मंदिर के समीप जाकर देखा तो वहां से सूर्य भगवान की प्रतिमा जिस स्थल पर स्थापित थी। वहां से उखाड़ कर उसे चोरी करने का प्रयास किया गया था। घटना की जानकारी सूर्य मंदिर के



अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पासवान और सचिव रामप्रवेश यादव को दी गई। उन्हें मूर्ति को सुपुर्द किया गया।

**पुलिस बल की तैनाती की मांगः** इसके पूर्व तेल्हाड़ा बाजार में विभिन्न जगहों से देवी-देवताओं की वेशकीमती मूर्तियां चोरी हो चुकी है। इस घटना के बाद तेल्हाड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। मूर्ति चोर को गिरफ्तार करने और अष्टभुजी स्थान सूर्य मंदिर तालाब पर पुलिस बल की तैनाती करने की मांग की है। तेल्हाड़ा थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में एनडीए में सीट बंटवारे पर फैसला जल्द, मांझी ने कहा- 13 मार्च तक होगा क्लियर

निज संवाददाता। गया

बिहार में एनडीए में शामिल दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर जल्द फैसला ले लिया जाएगा। गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी ने यह दावा किया है। इस दौरान उन्होंने आरजेडी पर भी जमकर निशाना साधा। जीतन राम मांझी ने कहा कि 13 मार्च तक बिहार में एनडीए के बीच सीटों का बटवारा हो जाएगा। हम अभी यह न नहीं कहेंगे कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन एनडीए में 13 मार्च के पहले या उसके आसपास एनडीए की बैठक होने वाली है, जिसमें सब कुछ क्लियर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते दिनों जो बैठक हुई, वह बैठक भाजपा की थी।




**तेजस्वी को संविधान का ज्ञान नहींः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पोस्टर फाड़े के जाने के सवाल पर मांझी ने कहा कि यही राजद का चरित्र रहा है। वो यही काम करते रहे हैं। तेजस्वी कुमार द्वारा लाखों की संख्या में शिक्षकों को नौकरी दिए जाने के सवाल के पर उन्होंने कहा, उन्हें संविधान का ज्ञान ही नहीं है। नौकरी सीएम के हाथों से दी जाती है, न कि डिप्टी सीएम के।

**मांझी ने कहा- मुख्यमंत्री को देखकर दया आती हैः** वहीं, नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा, हमें मुख्यमंत्री को देखकर दया आती है। नीतीश कुमार हमेशा से हमें यह बोलते थे कि हम उनकी कृपा से मुख्यमंत्री बने हैं, तो आज हम यह कहेंगे- वह अब हमारे कृपा से सीएम बने हुए हैं। हमने उन्हें सूद समेत यह वापस कर दिया। बताते चलें कि रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को बोलना था और वरीय नेताओं को सुनना था। इस मौके पर करीब 65 कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बातें पार्टी हित में रखीं। साथ ही लोकसभा चुनाव की रणनीति पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में जिले भर के कार्यकर्ता शरीक हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 मार्च को होगा एमपी हाईस्कूल में सम्मेलन

**बक्सर**। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला इकाई द्वारा महासम्मेलन का आयोजन होगा। तैयारी समिति की बैठक रविवार को जिला अतिथि गृह के सभाकक्ष में हुई। जिसमें यूनियन के जिलाध्यक्ष डॉ शशांक शेखर की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि 10 मार्च को शहर के एमपी हाई स्कूल परिसर में सुबह 11 बजे जिलेभर से पत्रकार आएंगे। समिति के सदस्यों द्वारा दिये गए कई सुझावों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि पत्रकारों की एकजुटता समाज के सामने आये।

### नहीं रुक रहा है मृत मवेशी व जानवरों का नदियों में फेंकना, दूषित हो रही है नदियां

**आरा**। जिला मुख्यालय के मझौंवा के समीप से बहने वाली गांगी नदी में रोजाना मृत मवेशी व अन्य जानवर को फेंका जा रहा है। यह दृश्य मझौआ और गांगी पुल के समीप गांगी नदी में हमेशा देखा जाता है। इस नदी में हमेशा मृत मवेशी बहते हुए दिख जायेंगे। इस मामले को दैनिक भास्कर ने पहले भी प्रमुखता से छापा है। निगम द्वारा आदेशित भी किया गया था कि नदी में मरे हुए मवेशी या कोई भी जानवर को फेंकने वाले पर कार्रवाई होगी। पर इससे बेखौफ लोग आज भी इस नदी में मरे हुए मवेशी को फेंक रहे है। इससे यह नदी प्रदूषित तो हो ही रही है साथ ही गंगा नदी को भी प्रदूषित कर रही है। क्योंकि यह गांगी नदी जाकर गंगा में मिलती है। रविवार की सुबह भी करीब पांच से ज्यादा मवेशी व विभिन्न प्रकार के जानवर इधर उधर बहते हुए दिखे। भारत सरकार, गंगा शुद्धिकरण के लिए नमामी गंगे समेत कई योजनाएं भी चला रही है। लेकिन नमामि गंगे अभियान को भी यह दृश्य अप्रभावी साबित कर रहा है। जल संरक्षण कार्यकर्ता भास्कर मिश्र ने कहा कि लोग पशुओं व अन्य जानवरों की मृत्यु के पश्चात नदियों में न बहाये। प्रशासन द्वारा पशुओं व जानवरों के लिए भी विद्युत शवदाह गृह का निर्माण प्रखंड वार कराये जाने चाहिए। तभी नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा।

### भोजपुर के राजदीप ने जीता गोल्ड

**आरा**। आरा नेपाल देश में हुए अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की तरफ से खेलते हुए भोजपुर के राजदीप सिंह ने पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। राजदीप बिहार के भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सेमरिया पडड़िया पंचायत के मोहनपुर कर्जा निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र है। राजदीप एसबी कॉलेज, इंटर के छात्र हैं। इंडो नेपाल राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप, नेपाल देश के पोखरा शहर में 25 से 29 फरवरी तक हुआ था। जिसमें देश-विदेश के 95 प्रतिभागी शामिल हुए थे। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले भोजपुर के राजदीप ने 94 प्रतिभागी को पछाड़ते हुए अंडर-19 के 120 किलो वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने 120 किलो वर्ग में 528 किलो वेट उठाएं हैं। जिसमें 230 किलो स्कॉर्ट, 235 किलो डेड लिफ्ट एवं 120 किलो भार के बेंच प्रेस है। इनके कोच वाराणसी के इंटरनेशनल खिलाड़ी मोहम्मद राज हैं।भोजपुर के वेटलिफ्टर राजदीप ने कहा कि यह सफलता भोजपुर वासियों के हौसला और कोच की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### जिस गेहूं फसल में बाली निकल आई है उसे नुकसान

**बक्सर**। बिन मौसम बरसात ने एक बार फिर किसानों को मुश्किल में डाल दिया है। बीती रात हुई बारिश से रबी फसल में गेहूं व तेलहनी-दलहनी फसलां में नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। बता दें कि शनिवार को पूरे दिन आकाश में बादल घुमड़ते रहे। वहीं रात 11 बजे के करीब बूंदाबांदी शुरू हो गई। जबकि, रात 3 बजे के करीब तेज हवा व गरज के साथ बारिश हुई। वहीं रविवार को दिन में भी बूंदाबांदी हुई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ देवकरण ने बताया कि इटाढ़ी प्रखंड के कुकुढ़ा गांव में संचालित लघु मौसम केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 6.8 एमएम औसत वर्षापात रिकार्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बारिश से गेहूं, मटर, चना, अरहर, सरसों फसल का उत्पादन प्रभावित हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जिन किसानों के खेत में पानी जमा हो गया हो उसे तत्काल निकालने का प्रबंध कर लें। केविके के वरीय वैज्ञानिक डॉ. देवकरण ने कहा कि दियारा क्षेत्र में या फिर जहां भी समय से गेहूं की बुआई की गई है, उसमे बालियां आ गई है। तेज हवा और बारिश होने से गेहूं के पौधे की जड़ें हिल जाने से उपज घटने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जिस गेंहू की फसल में बालियां अभी नहीं निकली है उसमें कोई नुकसान नहीं होगा। साथ ही मटर, चना, सरसों व अरहर फसल में फूल आ गये हैं। वहीं कहीं-कहीं सरसों फसल में फली भी आ गई है। फूल और फली झड़ने के चलते उपज घट सकती है।

### डायनेमिक प्राइसिंग होने से रेल यात्रियों के लिए सुविधा एक्सप्रेस ट्रेन अनुपयोगी

**ब्रह्मपुर**। रघुनाथपुर में तीन नई ट्रेनों का ठहराव मिलने के बाद अब यहां से मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा की मांग उठने लगी है। हालांकि यहां से मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा पहले से मौजूद हैं लेकिन यात्री उसे अनुपयोगी बताते नजर आते हैं। रघुनाथपुर स्टेशन पर 9 मार्च 2019 को पटना मुंबई सुविधा एक्सप्रेस का ठहराव मिला जिसके बाद यात्रियों के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी लेकिन ट्रेन के डायनेमिक फेयर प्राइसिंग के कारण अब यह ट्रेन रघुनाथपुर के यात्रियों के लिए बेकार बन चुकी है। हफ्ते में सिर्फ दो दिन संचालित होने वाली इस स्पेशल ट्रेन का किराया इतना अधिक है, कि यात्रियों ने इसे नकार दिया है। लिहाजा मुंबई जाने के लिए यात्री दूसरे स्टेशनों से अन्य ट्रेनों में यात्रा करने को विवश है। डायनेमिक फेयर सिस्टम में टिकट का किराया ट्रेन में सीट की संख्या के आधार तय होता है। जैसे-जैसे ट्रेन में सीटों की संख्या घटती जाती है, ट्रेन का किराया महंगा होता जाता है। यानी जो पहले बुकिंग करवाएगा, उसे कम किराया चुकाना होगा। शुरुआत में टिकट के दाम सामान्य होते हैं, लेकिन उसके बाद 10 प्रतिशत सीटों के भरने के बाद तो किराए में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी होती जाती है।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में अनन्त संस्कृत उच्च विद्यालय, रामाषाढ़, संदेश, भोजपुर में 04 सहायक शिक्षक एवं 01 परिचारी की आवश्यकता है। जिसमें 01 सहायक शिक्षक, कोटि-UR (F), योग्यता-स्नातक कला, 01-सहायक शिक्षक, कोटि-BC, योग्यता-आचार्य, 02-सहायक शिक्षक, कोटि-UR & EBC, योग्यता स्नातक विज्ञान (गणित एवं विज्ञान) तथा 01-परिचारी, कोटि- UR, योग्यता-मैट्रिक/मध्यमा का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

**(2) उम्र सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी का 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वाभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक परिचारी पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यम स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**अनन्त संस्कृत उच्च विद्यालय, रामाषाढ़, संदेश, भोजपुर।**


# सफाई कर्मियों की हड़ताल, बक्सर नगर परिषद मुख्य गेट जाम किया

## 201 रुपए कम मिल रहे, प्रतिदिन 504 रुपए मानदेय की मांग

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा अचानक हड़ताल कर दिया गया। अक्रोशित सफाई कर्मियों ने सोमवार की सुबह नगर परिषद कार्यालय की मुख्य गेट को जाम कर दिया। बक्सर नगर परिषद के सफाईकर्मी उचित मानदेय भुगतान व अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर है। जिसके कारण शहर में सफाई व्यवस्था ठप है। सफाई कर्मियों ने बताया कि नगर परिषद गरीब कर्मियों का शोषण कर रही है। इनको मानदेय नही मिल रहा है। सरकार द्वारा जो रेट तय किया गया है, उसमे कटौती किया जा रहा है। नए सफाई कर्मियों को 303 रुपए और पुराने कर्मियों को 404 रुपया



मिल रहा है। जबकि नियम कहता है कि नए मजदूर का 385 रुपया और पुराने मजदूर को 495 रुपए मिलना चाहिए। उनका कहना है कि इतना ही नहीं, इस साल यह बढ़कर सरकारी रेट के हिसाब नए मजदूरों को 504 और पुराना मजदूर के 611 रुपया हो गया है। इस अंतर के बारे में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन अभी तक कोई इसका हिसाब देने वाला नही है कि मजदूरों को मानदेय में इतना अंतर का पैसा किसके खाते में जा रहा है।

**सड़क भी किया जामः** अक्रोशित मजदूरों ने कहा कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है। कल हमलोग सड़क को भी जाम करेंगे। बता दें कि नगर परिषद के सफाई कर्मियों हड़ताल पर जाने से नगर में जगह जगह कूड़ा बिखरा हुआ नजर आ रहा है। हालंकि नगर परिषद के अधिकारी लगातार मजदूरों से बात कर उनका हड़ताल समाप्त कराने के लिए प्रयासरत है।

# हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज, भतीजे ने किया था हमला

निज संवाददाता | आरा

नवादा थाना क्षेत्र के महादेव रोड मोहल्ले में मंजय प्रसाद की नृशंस हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी किरण देवी के बयान पर हुई प्राथमिक में गोतनी रीना देवी पति, अरुण सिंह और 2 भतीजे विशाल कुमार और अरुण कुमार को नामजद आरोपित किया गया है। इस हत्याकांड के बाद सभी आरोपित घर छोड़कर फरार हैं। नगर थाने की पुलिस पिता समेत तीन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। प्राथमिक में किरण देवी ने कहा कि उनके पति मंजय प्रसाद तीन भाई थे। जिसमें दो भाई संजय सिंह और अरुण सिंह महादेव घर छोड़कर धरहरा रहने चले गए थे। उनके भैसूर अरुण सिंह की पत्नी रीना देवी करीब 20 साल पहले अपने दोनों बच्चों विशाल कुमार और अरुण कुमार को लेकर अपनी बहन के पास मौलाबाग मोहल्ले में चली गई थी । करीब 6 माह पूर्व विशाल कुमार और आदित्य कुमार महादेव स्थित घर पर आए थे और अपने कमरे के लिए बिजली मांग रहे थे। तभी उनके पति ने अलग मीटर लगाने को बात कही थी। इसके बाद दोनों भाई मीटर उखाड़कर चले गए थे। दस दिन पूर्व उनकी गोतनी रीना देवी अपनी दोनों बेटों के साथ आई और झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा था कि अपने नाम से मीटर ले लीजिए। इस पर जान से मारने की धमकी देकर सभी चले गए थे । शनिवार की दोपहर उनका भतीजा विशाल कुमार घर पर आया था और किसी लड़की को घर में रखने की बात बोल रहा था । तभी उनके पति ने कहा कि अगर तुम शादी किए हो तो रख सकते हो, लेकिन दूसरी लड़की को यहां रहने नहीं दूंगा। यह पारिवारिक घर है होटल या लॉज नहीं है। इसके बाद भतीजे ने कमर से चाकू निकाला और पति पर चार जगह पर वार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। कहा जल्द सभी की गिरफ्तारी होगी।

# सड़क हादसे में तीन दोस्त जख्मी, घूमने निकले थे सभी

निज संवाददाता | आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के रमना मैदान के समीप सड़क हादसे में रविवार की देर शाम बाइक सवार तीन दोस्त बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। इसके बाद अन्य दोस्तों की मदद से तीनों ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां तीनों जख्मियों का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला मोहल्ला निवासी अखिलेश कुमार का 18 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार, जितेंद्र पासवान का 17 वर्षीय पुत्र अंकित और विजय कुमार का 19 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार शामिल है। इधर, जख्मी सोनू ने बताया अलग-अलग बाइक पर 6 से 7 की संख्या में दोस्त रमना मैदान में घूमने के लिए आए हुए थे। जब देर शाम वापस घर लौट रहे थे। तभी बारिश होने की वजह से गीली सड़क के कारण बाइक फिसल कर 10 मीटर तक घसीटाती रही। इस घटना में तीन दोस्तों को काफी गंभीर चोट आई है । जिनका इलाज आरा सदर



अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में चल रहा।

**बाइक सवार ने मारी टक्कर :** आरा–सासाराम मुख्य मार्ग उदवंतनगर थाना क्षेत्र के ब्लॉक के समीप सड़क पार करने के दौरान बाइक सवार ने एक अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी को उदवंतनगर पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जख्मी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव निवासी सोना यादव का 42 वर्षीय पुत्र अशोक यादव है। इधर, जख्मी के परिजनों ने बताया कि सड़क पार कर अपने घर की ओर आ रहे थे। तभी बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी काफी हालत बिगड़ गई।

# स्कूल पढ़ाने गई युवती का शव कुंए से बरामद

## रास्ते से हुई थी गायब, पुलिस ने जताई हत्या की आशंका, परिजन बोले किसी पर शक नहीं

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर में दो दिन से लापता युवती का हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव सहार थाना क्षेत्र के बजरेया गांव स्थित काली मंदिर के समीप कुएं से सोमवार की सुबह बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। वही, परिजन द्वारा युवती की हत्या कर साक्ष्य छुपाने को उद्देश्य उसके शव को कुएं में फेंकने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतका सहार थाना क्षेत्र के बजरेया गांव निवासी उमा शंकर सिंह की 19 वर्षीय बेटी पूजा कुमारी है। वह पेशे से प्राइवेट शिक्षक थी एवं स्थानीय थाना क्षेत्र के बरूही गांव स्थित प्राइवेट स्कूल में पढ़ती थी। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ.के. एन.सिन्हा के निर्देश पर चार सदस्य डॉक्टर का टीम गठित कर युवती के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान उसका विलाइजेन स्वाब भी लिया गया। गठित टीम में ऑन ड्यूटी चिकित्सक



डॉ.ऋषि कुमार,डॉ.एम.एच.अंसारी, डॉ.सुजीत कुमार एवं महिला चिकित्सक विजेता प्रसाद शामिल थी। इधर, मृतका के पिता उमा शंकर सिंह ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह भी अपने स्कूल पढ़ने के लिए घर से निकली थी। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद परिजन द्वारा शनिवार की शाम ही स्थानीय थाना में उसकी गुमशुदगी का लिखित आवेदन दिया गया था। जिसके बाद पुलिस एवं परिजन द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी। इसी बीच सोमवार की सुबह गांव में ही स्थित काली मंदिर के समीप कुएं से उसका शव बरामद हुआ। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात में इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं, दूसरी ओर मृतका के पिता उमा शंकर सिंह ने अपनी बेटी पुत्री की हत्या कर साक्ष्य के छुपाने को उद्देश्य शव को कुएं में फेंकने की आशंका जताई है। हालांकि, उन्होंने गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक की मौत कहीं और हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को कुएं में फेंक दिया जाना प्रतीत होता है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका अपने एक भाई और एक बहन में बड़ी थी एवं अपने मां-बाप की इकलौती लाडली थी।

# दोस्त के साथ मिलकर पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला, जमीन बेचने से मना किया तो रची साजिश

निज संवाददाता | आरा

आरा में जमीन बेचने का विरोध करने पर पति ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी को ईंट से बुरी तरह पीटा। महिला के शरीर पर कई जगह काले दाग के निशान हैं। महिला की पिटाई रविवार रात को ही हुई थी। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया। आज दोपहर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी पति के नाम 4 बीघा 10 कट्ठा जमीन है। 3 बीघा जमीन दोस्त ने सस्ते दाम पर अपने नाम करवा लिया था और 1 बीघा किसी दूसरे के नाम। 10 कट्ठा जमीन मेन रोड की बची थी। उसे भी वो अपने नाम करवाना चाहता था। इसी का महिला विरोध करती थी, लेकिन पति अपने दोस्त के बहकावे में रहता था। आरोपी पति



की गिरफ्तारी नशे में हो गई है। दोस्त फरार है। मामला अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खननी कला गांव का है।

**जमीन बेचने के लिए बहकाता थाः** मृतका रोहतास जिले के कछवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दनवार गांव के रहने वाले जगनाथ सिंह की 44 वर्षीय बेटी कुमकुम देवी है। जिसकी शादी 2003 में स्वर्गीय राम लखन सिंह ने बेटे गौरी शंकर सिंह से हुई थी। गौरी को उसका दोस्त हमेशा जमीन बेचने के लिए बहकाता रहता था। जिसका महिला विरोध करती थी। शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गौरी अपनी पत्नी को हमेशा मारता था। अंत में उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली।

**शादी के बाद से मारपीट करता थाः** मृतका के भाई नारायण कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही गौरी शंकर दहेज को लेकर कई बार कुमकुम के साथ मारपीट करता था। काम भी नहीं करता था। गौरी शंकर का दोस्त अभिषेक कुमार सिंह उसे बहला फुसलाकर जमीन खरीद लिया करता था और दूसरो को भी खरीदवाता था। जिसका विरोध हमेशा कुमकुम करती थी। इसी बीच अभिषेक ने गौरी के साथ मिलकर कुमकुम की हत्या करने का प्लान बनाया। गौरी के नाम पर अभी 10 कठ्ठा जमीन है। अभिषेक चाहता था वो सारी जमीन कम पैसे में खरीद ले। इसी बात का हमेशा कुमकुम विरोध करती थी। इसलिए उसे मार दिया। घटना की सूचना आरोपी के बड़े भाई के परिजनों ने कुमकुम के परिजनों को दी। घटना के सूचना मिलने के बाद कुमकुम के परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। अगिआंव बाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। दारोगा राम सिंह ने बताया कि रात में सूचना मिली की खननी गांव में पति अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने के बाद जब हम लोग पहुंचे तो उसका पति नशे की हालत में अपनी पत्नी को बेरहमी मार रखा खा। उसे जल्द इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नशे की हालत में गौरी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बाइक मैकेनिक को पेट में मारा चाकू

निज संवाददाता | आरा

**दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, भाई के साथ मारपीट पर बीच-बचाव में हुए घायल**

भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव में रविवार की देर शाम मामूली विवाद को लेकर बाइक मैकेनिक चाकू से हमला किया गया था। चाकू पेट में मारा था। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव निवासी स्व. सुरेश यादव का 22 वर्षीय पुत्र मंजीत यादव है। वह पेशे से बाइक मैकेनिक है। मंजीत यादव ने बताया कि वह स्थानीय थाना क्षेत्र के बलुआ बाजार पर बाइक सर्विसिंग की दुकान चलाता है। उसने बताया कि रविवार की देर एक जब दुकान बंद कर वापस घर लौट रहे थे, तभी गांव के ही 2 युवक उसके भाई लालजी यादव से नशे में गाली-गलौज व मारपीट कर रहे थे। उन्हें कहा कि मारपीट क्यों कर रहे हो। तभी चाकू से हमला कर दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। दूसरी ओर जख्मी मंजीत यादव ने गांव के ही दो लोगों पर अपने भाई के साथ मारपीट करने और विरोध करने पर उसे चाकू मारने का आरोप लगाया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# नगर परिषद से स्वीकृत कराना होगा नक्शा

निज संवाददाता | बक्सर

नगर परिषद क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत कराना पड़ता है। लेकिन, अब बक्सर डेवलपिंग एरिया (आयोजना क्षेत्र) में शामिल किये गये गांव भी इस दायरे में आ गए हैं। बता दें कि शहर की सीमा के सटे चारों दिशाओं में 251 गांवों को इसमें शामिल किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र एवं इसके आस-पास स्थित महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं शहरी क्षमता वाले ग्रामीण क्षेत्रों के समेकित एवं सुव्यवस्थित विकास के उद्देश्य से आगामी बीस वर्षों के लिए विकास का खाका तैयार किया जायगा। इसमें शामिल गांवों में वर्ष 2044 की आबादी को ध्यान में रखते हुए मास्टर प्लान बन रहा है। क्षेत्र का सुनियोजित विकास होगा। इसके लिए भूमि का आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक व कृषि उपयोग निर्धारित किया जाएगा। इन गांवों में शहरी सुविधाएं पहुंचाई जाएगी। पार्क, पेयजल, बिजली आदि की सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। इसके लिए शहरी नागरिकों की तरह इन्हें किसी भी तरह का कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं देना होगा।

**बक्सर के 121, चौसा के 74 व इटाढ़ी के 56 गांव शामिलः** बक्सर आयोजना क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से सटे उत्तर, दक्षिण, पूरब और पश्चिम दिशा में विभिन्न गांवों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि बक्सर प्रखंड में 121, चौसा में 74 और इटाढ़ी प्रखंड के 56 गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों को शामिल करने से कुल 394.21 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल




बक्सर आयोजना क्षेत्र होगा। इसमें शहरी क्षेत्र का क्षेत्रफल 24.45 व ग्रामीण क्षेत्रों का क्षेत्रफल 369.76 वर्ग किलोमीटर हो जाएगा। बक्सर आयोजना क्षेत्र में कुल 251 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। बक्सर ब्लॉक के कम्हरिया, कृतपुरा, ठोरा, मझारी, नौबरार, मंझरिया, उमरपुर, दियरा, मुगरौल, देसरबुजुर्ग राजस्व ग्राम तक गांवों को शामिल किया गया है। इसी तरह से इटाढ़ी ब्लॉक के डेहरिया, बसुधर, हरपुर, महिला पकड़ी, खतिबा, बिझौरा, कुकुढ़ा, चिलविला, रादीपुर कला, भेलूपुर, राजस्व गांव होते हुए चौसा प्रखंड के कुसरूपा, टिकैतपुर, सरेंजा, कठतर, पुरैना, नावट, सौरी, पलिया, देउरिया, भदुआ, निकृष, सगरा, गोपालपुर, देवीडेरा, तिवाय, मणिपुर, रामपुर खुर्द, बलभद्रपुर आदि गांवों को शामिल किया गया है। वहीं बक्सर ब्लॉक के उत्तरी भाग में सोनवर्षा, पड़री, खरांटी, बलुआ, कोठिया, ककराही, गोविंदपुर, जगधरा, नारायणपुर, बेलाउर, मरौतिया, पटेलवा, परसिया, बरूना, बसौली, निधुआ, रामडिहा, नुआंव से होते हुए इटाढ़ी ब्लॉक के हरपुर, पसहरा, ओराप, बगहीपट्टी, मनोहरपुर, नारायणपुर राजस्व गांव तक सीमांकित किया गया है।

## इन गांवों के रेडियस में आने वाले गांव शामिल

नप क्षेत्र के आयोजना क्षेत्र में शामिल गांवों में मकान बनाने के लिए नगर परिषद कार्यालय से नक्शा पास करना होगा। इसके लिए उन्हें नप कार्यालय में नक्शा की स्वीकृति के लिए निर्धारित राशि का भुगतान करना पड़ेगा। नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने बताया कि उपरोक्त शामिल गांवों में बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण कराने वालों पर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद अमित शाह का पहला दौरा, 9 मार्च को पटना में महारैली



**सूत्रों के अनुसार इस रैली में एक लाख लोगो को जुटाने के लिए भाजपा तैयारी कर रही हैं**

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 9 मार्च को पटना जिले के पालीगंज आएंगे। वे अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित कृषि फॉर्म के मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। एनडीए सरकार बनने के बाद वे पहली बार बिहार आ रहे हैं। रैली को लेकर भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। अमित शाह की रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा ने अपने सभी कमेटियों को निर्देशित करते हुए जी जान लगा देने के लिए कहा है।

सूत्रों के अनुसार इस रैली में एक लाख लोगो को जुटाने के लिए भाजपा तैयारी कर रही हैं। अमित शाह के सामने भाजपा को शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए जीतोड़ कोशिश करेगी। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ आरा, जहानाबाद, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भी लोगों को बुलाने की तैयारी है। सभी मंडल कमेटियों को इसके लिए रोड मैप तैयारी करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार में भी बीजेपी पूरी तरह एक्टिव हो गई है। बीते 2 मार्च को पीए मोदी ने चुनावी शंखनाद किया था। औरंगाबाद और बेगूसराय में 48000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नाम लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधा था। और कहा था कि नौकरी के नाम पर युवाओं की जमीन कब्जा ली। साथ ही कांग्रेस और आरजेडी पर परिवारवाद का आरोप लगाया था।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीते साल दिसंबर में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे थे। जिसमें सीएम नीतीश ने बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा देने की डिमांड की थी। वहीं शाह ने कहा था कि जब उनकी पार्टी की बिहार में सत्ता थी। तो जाति आधारित सर्वेक्षण का समर्थन किया था। शाह के इस दौरे के दौरान बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। और नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के सहयोगी थे। लेकिन अब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। नई सरकार के गठन के बाद 9 मार्च में अमित शाह का पहला बिहार दौरा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सूबे के सभी विश्वविद्यालयों के आय-व्यय का होगा ऑडिट

**भागलपुर, एजेंसी।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय समेत बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के आय-व्यय का ऑडिट होगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने ऑडिट टीम का गठन कर दिया है। इस बाबत शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने टीएमबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को पत्र लिख दिया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि विश्वविद्यालयों में वेतन, बकाया वेतन, विभिन्न अधिप्राप्ति, व्यय, क्रय आदि से संबंधित फाइल का ऑडिट होगा। इसको लेकर गठित ऑडिट टीम में वरीय ऑडिटर विंध्याचल प्रसाद व सीए शिलेश कुमार को रखा गया है। ऑडिट टीम को उसकी जररूत के अनुसार फाइल को उपलब्ध कराया जाए, ताकि टीम दो निर्धारित समय सीमा के अंदर आडिट का काम पूरा कर सके।

### बरारी के मॉल में लड़की से छेड़खानी का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**भागलपुर, एजेंसी।** बरारी थाना क्षेत्र स्थित एक मॉल में काम करने वाली महिला स्टाफ से छेड़खानी का विरोध करने पर वहीं काम करने वाले युवक की बदमाशों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष अपनी शिकायत लेकर रविवार की रात लगभग दस बजे बरारी थाना पहुंचा। युवक ने पुलिस को बताया कि मॉल के अंदर महिला स्टाफ से लफंगा छेड़खानी कर रहे थे उसने जब देखा तो उन लोगों का विरोध किया। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी उसके घर पहुंच गए और पिटाई कर दी। बरारी थानेदार ने बताया कि लिखित शिकायत नहीं मिली है। आवेदन मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बरारी थाने पर काफी देर तक जमघट लगा रहा।

### थर्ड जेंडर से जुड़े कानून को लेकर प्रशिक्षण

**भागलपुर, एजेंसी।** थर्ड जेंडर से जुड़े कानून के प्रति पुलिस को जागरूक करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को समीक्षा भवन में आयोजित किए गए कार्यकम में एक्सपर्ट ने पुलिस पदाधिकारियों को थर्ड जेंडर से जुड़े कानून की जानकारी दी। इस दौरान सभी थानेदार, सर्किल इंस्पेक्टर मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि वैसे मामलों में बेहतर अनुसंधान कर उचित न्याय दिलाना जरूरी है। भागलपुर के अलावा बांका और नवगछिया के पुलिस पदाधिकारियों को थर्ड जेंडर के साथ होने वाले भेदभाव पर रोक को लेकर भी उचित कार्रवाई को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान एनजीओ से जुड़े लोगों ने भी विस्तार से जानकारी दी।

### अग्निपीड़ितों के लिए सामुदायिक किचेन शुरू

**मुजफ्फरपुर/बंदरा, एजेंसी।** एक संवाददाता। हत्था में शनिवार को हुई भीषण अगलगी के बाद अग्निपीड़ित परिवारों को रहने और खाने चिंता सता रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को हो रही है। रविवार को जदयू नेता प्रभात किरण ने अग्निपीड़ितों से मुलाकात की। बताया कि डीएम से मिलकर आवास दिलाने की मांग करेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज झा, जिला महासचिव जयप्रकाश राय, उपमुखिया अजय राय, संजीत गुप्ता मौजूद थे। इधर, सीओ अंकुर राय ने बताया कि अग्निपीड़ितों को प्लास्टिक शीट उपलब्ध करा दी गई है। सामुदायिक किचेन, रहने के लिए टेंट और बिछावन की व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही सभी को सहायता राशि उपलब्ध कर दी जाएगी।

### बाबा गरीबनाथ मंदिर में बाबा को चढी हल्दी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि पर रविवार की रात बाबा गरीबनाथ को शिवरात्री को लेकर पूरे विधि-विधान से हल्दी चढायी गयी। मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष पाठक उर्फ डाबर बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बाबा गरीबनाथ का षोडशोपचार पूजन करने के उपरांत हल्दी चढायी और धूप-दीप से आरती की। मौके पर संत अमरनाथ पांडे, चंदन झा, प्रभात कुमार, अंशू तिवारी, सुनील कुमार, लल्लू, निशांत, बबलू, मुकेश, सुधीर आदि लोग मौजूद रहें।

## बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात, प्रधानमंत्री मोदी दिखा सकते हैं हरी झंडी



**पटना, एजेंसी।** बिहार के जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन राजधानी पटना से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलाई जाएगी। इस ट्रेन का संचालन पटना से कटिहार और किशनगंज होकर किया जाएगा। इससे सीमांचल के लोगों को कम समय में पटना आने-जाने की सुविधा मिलेगी। पीएम मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा के दौरान इस ट्रेन की शुरुआत कर सकते हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से जोगबनी न्यू जलपाईगुड़ी का उद्घाटन किया। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान बीजेपी एमएलसी दिलीप जायसवाल और पार्टी जिलाध्यक्ष सुशांत दास समेत अन्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 6 मार्च को किशनगंज के रास्ते न्यू जलपाईगुड़ी से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हो सकती है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को बेतिया में जनसभा करने वाले हैं। इस दौरान वे बिहार समेत देशभर को करीब 19 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई जा सकती है। बता दें कि पटना से चलने वाली यह तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी। अभी पटना से रांची और हावड़ा के बीच वंदे भारत का संचालन किया जा रहा है। न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को पिछले साल के अंत में ही चलाने की तैयारी थी। मगर किन्हीं कारणों की वजह से इसे नहीं शुरू किया गया। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी महीने यह ट्रेन शुरू हो जाएगी।

## हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज : आपसी विवाद को लेकर भतीजे ने किया था हमला

### मृतक की पत्नी के बयान पर केस दर्ज

**आरा, एजेंसी।** नवादा थाना क्षेत्र के महादेव रोड मोहल्ले में मंजय प्रसाद की नृशंस हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी किरण देवी के बयान पर हुई प्राथमिक में गोतनी रीना देवी पति, अरुण सिंह और 2 भतीजे विशाल कुमार और अरुण कुमार को नामजद आरोपित किया गया है। इस हत्याकांड के बाद सभी आरोपित घर छोड़कर फरार हैं। नगर थाने की पुलिस पिता समेत तीन संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### जान से मारने की धमकी दी थी

प्राथमिक में किरण देवी ने कहा कि उनके पति मंजय प्रसाद तीन भाई थे। जिसमें दो भाई संजय सिंह और अरुण सिंह महादेव घर छोड़कर धरहरा रहने चले गए थे। उनके भैसूर अरुण सिंह की पत्नी रीना देवी करीब 20 साल पहले अपने दोनों बच्चों विशाल कुमार और अरुण कुमार को लेकर अपनी बहन के पास मौलाबाग मोहल्ले में चली गई थी ।

करीब 6 माह पूर्व विशाल कुमार और आदित्य कुमार महादेव स्थित घर पर आए थे और अपने कमरे के लिए बिजली मांग रहे थे। तभी उनके पति ने अलग मीटर लगाने को बात कही थी। इसके बाद दोनों भाई मीटर उखाड़कर चले गए थे। दस दिन पूर्व उनकी गोतनी रीना देवी अपनी दोनों बेटों के साथ आई और झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने कहा था कि अपने नाम से मीटर ले लीजिए। इस पर जान से



मारने की धमकी देकर सभी चले गए थे ।

### चाकू से चार बार वार किया था

शनिवार की दोपहर उनका भतीजा विशाल कुमार घर पर आया था और किसी लड़की को घर में रखने की बात बोल रहा था। तभी उनके पति ने कहा कि अगर तुम शादी किए हो तो रख सकते हो, लेकिन दूसरी लड़की को यहां रहने नहीं दूंगा। यह पारिवारिक घर है होटल या लॉज नहीं है। इसके बाद भतीजे ने कमर से चाकू निकाला और पति पर चार जगह पर वार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है। कहा जल्द सभी की गिरफ्तारी होगी।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, सक्षमता परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड लेकर लौट रहा था, गाड़ी ने मारी टक्कर



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के जोकीहाट बहादुरगंज मार्ग के एनएच 327 ई पर रविवार की देर शाम 8~30 के करीब फैटकी पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा जोकीहाट थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची जोकीहाट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घटना की जांच में जुट गई है। वही मृत बाइक सवार की पहचान जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के मटियारी पंचायत के सिंगरमोहनी टोला वार्ड संख्या 11 निवासी अब्दुल रकीब के 37 वर्षीय पुत्र तारिक अनवर के रूप में हुई है। मृतक जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हैय्या धार के नियोजित शिक्षक है। जो साक्षमता परीक्षा का एडमिट कार्ड निकलवाने अररिया गए थे। इसी दौरान अररिया से लौटने के क्रम में जोकीहाट बहादुरगंज मार्ग में एनएच 327 ई पर फैटकी पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मृतक की तलाशी ली तो जेब से एडमिड कार्ड, मोबाइल सहित तीस रुपये बरामद हुए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना जोकीहाट थाना पुलिस को दी, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे जोकीहाट थाना से बसंत कुमार घटना की जांच पड़ताल में जुटे शव को कब्जे में लेते हुए घटना के जांच में जुट गई और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देने की बात कही जा रही है।

## नीतीश सरकार ने आमिर सुबहानी को सौंपी नई जिम्मेदारी, इस आयोग का बनाया अध्यक्ष

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्य सचिव के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आमिर सुबहानी को बिहार सरकार ने एक नई जिम्मेदरी सौंपी है. आमिर सुबहानी को बिहार का नया बिहार विद्युत विनियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है. इसके साथ



ही वो आयोग के छठे अध्यक्ष होंगे. रविवार को यह जानकारी एक आधिकारिक अधिसूचना जारी करके दी गई. यह अधिसूचना सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा के द्वारा चार मार्च को राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालने की घोषणा के एक दिन बाद जारी की गई है. बता दें कि आमिर सुबहानी राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के द्वारा शपथ ग्रहण कराने के बाद अध्यक्ष पद का विधिवत कामकाज संभालेंगे. ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस की ओर से उनके अध्यक्ष बनने की अधिसूचना जारी कर दी गई है.

जारी किए गए अधिसूचना में कहा गया है कि आमिर सुबहानी जिस दिन से विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे उस दिन से पांच साल तक या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, आयोग का नेतृत्व करेंगे. बता दें कि 1987 में सिविल सेवा परीक्षा में टॉप करने वाले सुबहानी ने दिसंबर, 2021 में बिहार के मुख्य सचिव का पद संभाला था. जारी अधिसूचना में आगे कहा गया है कि 'बिहार विद्युत विनियामक आयोग (अध्यक्ष एवं सदस्यों की सेवाशर्त) नियमावली, 2003 के द्वारा बिहार सरकार में अध्यक्ष एवं उसके सदस्यों की सेवाशर्त को विहित किया है. इस सेवाशर्त के मुताबिक आमिर सुबहानी को अध्यक्ष पद के लिए पेंशन की सकल रकम के साथ-साथ उसमें किसी साराशिकृत अंश, यदि पहले से प्राप्त कर रहे हो, की कटौती के अध्यधीन प्रति माह दो लाख पच्चीस हजार रुपये वेतन देय होगा. बता दें कि आयोग के पहले अध्यक्ष जस्टिस बीएन पी सिंह थे.

## हत्याकांड में शामिल आरोपितों के घर की कुर्की जब्ती



### वारदात में शामिल तीन के घर पहुंची पुलिस, चौथे के खिलाफ अभी कुर्की वारंट जारी नहीं

**आरा, एजेंसी।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ले में आठ दिनों पूर्व मुकेश हत्याकांड मामले में वांछित तीन आरोपितों के घर कुर्की जब्ती हुई है। पुलिस चौखट दरवाजा से लेकर खिड़की तक उखाड़ कर लेती गई। मुख्य आरोपित रणधीर महतो के अनाईठ स्थित आवास और पैतृक गांव आयर थाना क्षेत्र गांव में जाकर थाना के बनकट के समीप दोनों जगह पर व्यापक ढंग से कुर्की जब्ती की गई।

**खिड़की का ग्रिल भी उखाड़ा :** अनाईठ आवास से पलंग, सोफा, 2 बाइक, टीवी और वाशिंग मशीन समेत 36 प्रकार का चलंत सामान जब्त किया गया है। चौखट दरवाजे से लेकर खिड़की का ग्रिल तक उखाड़ लिया। इसके बाद उसके पैतृक घर पर भी देर शाम तक कुर्की चलती रही। इसके अलावा गड़हनी थाना के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर निवासी वकील उर्फ अमित के घर भी कुर्की की गई।

**एक आरोपी के खिलाप कुर्की वारंट जारी नहीं :** मालूम हो कि 23 फरवरी की देर शाम किराएदार के साथ मारपीट के बाद विवाद में मुकेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी सीमा देवी के बयान पर नवादा थाना में प्राथमिकी में अनाईठ निवासी रणधीर महतो, गड़हनी थाना के असलान गांव निवासी पंकज कुमार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हाटपोखर गांव निवासी वकील अमित और आर्यन को नामजद आरोपित किया गया है । वारदात के बाद सभी आरोपित फरार हैं। चौथे आरोपित आर्यन के विरुद्ध अभी कुर्की की वारंट निर्गत नहीं हुआ है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में टीम को लगाया है।

### एक सीटेट नंबर पर भागलपुर समेत पांच जिलों में शिक्षक पदस्थ

**भागलपुर, एजेंसी।** नालंदा में सक्षमता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के दौरान शिक्षकों के कागजातों की हुई जांच में भारी गड़बड़ी सामने आई है। उस गड़बड़ी की जांच की आंच भागलपुर भी पहुंच गई है। दरअसल, पिछले दिनों सक्षमता परीक्षा के लिए आवेदन करने के दौरान नालंदा में कुल 71 शिक्षकों के कागजातों की जांच में एक ही सीटेट प्रमाणपत्र नंबर पर भागलपुर समेत पांच जिलों में शिक्षकों के कार्यरत होने का मामला उजागर हुआ। इसके बाद इन सभी शिक्षकों की सूची माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को भेज दी गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि सीटेट नंबर 230309272 पर नालंदा के मोसिमपुर चंडी में शिक्षक परमानंद कुमार सिंह, भागलपुर में अरुण राय, कटिहार में जमा नाज, सीतामढ़ी में कुमारी अनुराधा व बेगूसराय में सदानंद नाम के शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बाद भागलपुर, अररिया, मुंगेर, कटिहार, बांका व जमुई समेत 22 जिलों को निदेशालय ने अपने-अपने यहां जांच का निर्देश दिया है। इस बाबत डीपीओ (स्थापना) देवनारायण पंडित ने बताया कि शिक्षकों के कागजातों की जांच की जा रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## हिमाचली हलचल

हिमाचल में तेज हुई सियासत पर सभी की निगाह का टिकना स्वाभाविक है। ऐसा कम ही होता है, जब भाजपा की मजबूत राजनीतिक रणनीतियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पार्टी में साफ दिख रही टूट के बावजूद जिस तरह से कांग्रेस अपनी सरकार को बचाने की कोशिश में लगी है, उससे लगता है कि आने वाले दिनों में भारतीय राजनीति में संघर्ष के नए पहलू देखने को मिलेंगे। छह विधायकों के पाला बदलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने से कांग्रेस की सरकार पर संकट मंडराने लगा था। ऐसा लग रहा था कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों का वोट लेकर जीतने वाली भाजपा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार को भी आसानी से सत्ता से बेदखल कर देगी। भाजपा विधायक इसके लिए सक्रिय भी हो गए थे। लगने लगा था कि विधानसभा की 68 सीटों में से कांग्रेस के पास 40 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं, तो छह कांग्रेस विधायकों के पालाबदल से अविश्वास प्रस्ताव का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, पर ऐसा नहीं हुआ। कम से कम छह उदाहरण हैं कि भाजपा ने मजबूत रणनीति के बल पर विरोधियों के हाथों में आई सत्ता पर भी अपना शिकंजा कसा है। अभी एकाधिक राज्यों में भाजपा के पक्ष में जो पालाबदल मतदान हुआ है, उससे भी विपक्ष की कमजोर इच्छाशक्ति और दिशाहीन रणनीति का पता चलता है। हालांकि, राज्यसभा चुनाव हारने और सरकार पर आए संकट से निपटने के लिए कांग्रेस के कुछ नेता जिस तरह से सक्रिय हुए, उससे कांटे के सियासी संघर्ष में कांग्रेस दमखम के साथ लौटती दिखी है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस्तीफा मांग रहे हैं, पर वह 14 अन्य भाजपा विधायकों के साथ विधानसभा से निलंबित हो गए हैं। ऐसे में, विधानसभा में तुलनात्मक रूप से भाजपा कमजोर हो गई है। राजनीति में यह नई बात नहीं है, समय और रणनीति के हिसाब से पलड़ा कभी हल्का, तो कभी भारी होता रहता है। कभी आक्रामक दिख रही पार्टी को रक्षात्मक भी होना पड़ता है और फिलहाल कांग्रेस आक्रामक है। जिस तरह से या जिन हालात में विधानसभा से 15 विधायकों को निलंबित किया गया है, उसकी प्रशंसा नहीं की जा सकती, पर आज के समय में सत्ता के लिए जिस तरह की प्रतिस्पर्द्धा चल पड़ी है, उससे अगर कोई बचेगा, तो सियासत में कहां बचेगा, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इसमें कोई शक नहीं है कि हिमाचल में कांग्रेस के खेमे में असंतोष पल रहा था।

## रास्ते नशे का कारोबार कोई छिपी बात नहीं

दुनिया में सबसे अधिक खतरा अगर किसी चीज से है, तो वह है नशीले पदार्थों का कारोबार। इसी के जरिए आतंकवाद आदि का वित्तपोषण होता है। हर वर्ष लाखों नौजवान अकाल मौत मर जाते हैं। इसलिए सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि इस पर रोक लगाने में वे अधिक सतर्कता बरतें। मगर लगता है कि भारत इस कारोबार के लिए सबसे सुरक्षित जगह बनता जा रहा है।नहीं तो, क्या कारण है कि यहां थोड़े-थोड़े दिनों पर ही नशे की बड़ी खेप पकड़ी जाती है। अभी पोरबंदर के बंदरगाह से तैंतीस सौ किलो नशीले पदार्थ की खेप बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को सोमनाथ के वेरावल घाट पर बह कर आई करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की नशीले पदार्थ की खेप बरामद हुई थी। पिछले वर्ष मुंद्रा बंदरगाह पर एक पोत के औचक निरीक्षण में करीब पंद्रह हजार करोड़ रुपए की खेप पकड़ी गई थी। इस तरह अलग-अलग जगहों से छोटी-छोटी खेपें आए दिन पकड़ी जाती हैं। निस्संदेह यह पुलिस और संबंधित नशारोधी विभागों की सक्रियता कही जा सकती है, मगर सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा। नशे की पकड़ी गई बड़ी खेपों के बारे में तो खबरें सामने आ जाती हैं, मगर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि ऐसा न जाने कितना नशीला पदार्थ निगरानी तंत्र की नजर से पार निकल जाता होगा। सवाल है कि जो स्वापक विभाग यानी नारकोटिक्स महकमा एक-दो ग्राम नशीला पदार्थ रखने वालों को गिरफ्तार कर महीनों बंद रखता है, वह इन बड़ी खेपों पर नजर रखने में विफल कैसे हो जाता है। समंदर के रास्ते नशे का कारोबार कोई छिपी बात नहीं है। यह इसलिए सुरक्षित माना जाता है कि बंदरगाहों पर उतरने वाली वस्तुओं की नियमित जांच नहीं होती।

## राहुल की यात्रा ने जबसे कदम आगे बढ़ाये हैं तबसे उनकी पार्टी पीछे जा रही है

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

*भाजपा लोकसभा चुनाव के रण में उतरने को पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने इस बार 400 से ज्यादा का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का जोश उच्च स्तर पर है। वास्तव में, बड़ी चुनौती लीडरशिप को लेकर ही है। यह भाजपा के अभियान से बनी छवि की लड़ाई भर नहीं है। क्या राहुल गांधी स्वयं को सक्षम नेता के तौर पर साबित कर पाएंगे? क्या वे स्वयं को नए सिरे से तैयार कर पाएंगे? अभी ये नहीं कहा जा सकता है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी या कांग्रेस को राजनीतिक रूप से कितना फायदा होगा।*

उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है। कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी, लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली। राजद विपक्ष में आ गई। उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे। चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सामने कांग्रेस ने घुटने टेककर किसी तरह गठबंधन किया। ऐसे में न्याय यात्रा आगे पाट, पीछे सपाट की उक्ति को चरितार्थ कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2019 के बाद से भले ही कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थी, लेकिन पिछले साल मई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को कर्नाटक में हराकर उसने वापसी की उम्मीद जगाई थी। बीजेपी का विरोध करने वाली पार्टियां, भले ही वो कांग्रेस के मजबूत होने से सहमत नहीं थीं, लेकिन उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसी से इंडी अलायंसा बना। लेकिन कांग्रेस को लगा कि अगर वो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जीत लेती है तो उसे और भी फायदा होगा। राजस्थान में हार के बावजूद भी अच्छी स्थिति रहने से कांग्रेस वापस आ गई का नारा और मजबूत होता और इसका इस्तेमाल सहयोगी दलों पर दबाव बनाने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद मिलती। लेकिन ये सोच गलत साबित हुई और कांग्रेस को एक सुनहरा मौका हाथ से निकल गया। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से 2019 में इस्तीफा दिया था। जबकि उनकी पार्टी को 543 सदस्यीय लोकसभा में महज 52 सीटें हासिल हुई थीं, जबकि बीजेपी को 303 सीटों पर जीत मिली थी। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के साथ सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। महाराष्ट्र में भी कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के बीच सीटों के बंटवारे पर गतिरोध नजर आ रहा। इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई-एम ने केरल की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीपीआई ने पार्टी महासचिव डी राजा की पत्नी और वरिष्ठ सीपीआई नेता एनी राजा को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। हालांकि, इंडिया गठबंधन की तरफ से अभी केरल में सीटों की शेयरिंग को लेकर अभी कोई समझौता सामने नहीं आया है।

## आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि मुश्किल हालात में मोदी का नेतृत्व देश के काम आया

(प्रह्लाद सबनानी)

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपके धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपका किसी के साथ विवाद हो सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें और फालतू की बातों से खुद को दूर रखें। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा और आपके विरोधी कुछ नहीं कर पाएंगे।

### वृष

आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के चलते परिवार की उपेक्षा न करें। किसी भी विवाद में उलझना ठीक नहीं है। आपको हर मामले में राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति उदासीन न रहें। वाणी पर संयम रखें। विरोधी परास्त होंगे।

### मिथुन

आज भाग्य में वृद्धि होगी और आज आपको कहीं से रुका पैसा मिल सकता है। धन और ऐश्वर्य में वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आपका काफी समय से रुका कोई कार्य संपन्न होने से आपको खुशी होगी।

### तुला

आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव हो सकता है। रूपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें और किसी के साथ विवाद में पड़ने से बचें।

### वृश्चिक

आज लाभ होगा और आज आपके पुरूषार्थ और पराक्रम में वृद्धि होगी। आज के दिन बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। झगड़ा विवाद से बचें। आज शेयर में निवेश न करें और न ही प्रॉपर्टी के मामले में कोई विचार करें।

### धनु

आज करियर और कारोबार के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। विरोधी परास्त होंगे और आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क

आज का दिन किसी प्रकार की उधेड़बुन में बीतेगा और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी और आपको करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज धन का लेनदेन किसी के साथ न करें।

### सिंह

आज धन में वृद्धि होगी। आज का दिन विजय कारक है। पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके स्वभाव व वर्चस्व में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से तनाव मिलेगा। मैत्री संबंध मधुर होंगे। आपको परिवार के लोगों का हर मामले में साथ मिलेगा।

### कन्या

आज आर्थिक लाभ होगा और पुराना लोन चुकाने में सफल होंगे। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। खान-पान में संयम रखें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। विरोधियों का पराभव होगा। रोजी रोजगार में सफलता मिलेगी।

### मकर

आज किसी मामले में नुकसान हो सकता है। भूलकर भी किसी के साथ पैसों का लेनदेन न करें। गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। आज बिजनस से जुड़ा कोई फैसला न करें।

### कुंभ

आर्थिक लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभप्रद होगी। प्रियजनों भेंट संभव है। आज किसी से पैसों के मामले में लेनदेन न करें। धोखाधड़ी हो सकती है।

### मीन

आज धन में वृद्धि होगी। आपको राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। फालतू के खर्च से बचें और किसी को मुफ्त की सलाह न दें। आज आपके धन में मकर का चन्द्रमा निकट व दूर की सकारणीय यात्रा का प्रसंग प्रबल करेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5300

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5299

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## वर्ग पहेली 5300

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | ■ | | ■ | |
| | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| 13 | 14 | | ■ | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | 18 | | 19 |
| ■ | 20 | | 21 | ■ | 22 | | |
| 23 | | ■ | 24 | | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह वह भारतीय राज्य है जहां केवल आठ महीने में पांच मुख्यमंत्री बदले गए थे (4)
4. विश्व टेबल-टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन पहली बार भारत में यहां किया गया (3)
7. श्रेष्ठ, बड़ा, अमिताभ बच्चन की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (3)
8. खोज, जिज्ञासा, इच्छा (3)
9. अंग्रेजी के बारह महीनों में से एक (2)
11. न्यूज, खबर, सूचना (4)
13. सहस्त्रतय, दस सौ की संख्या (3)
16. निर्मित होना, रचा जाना (3)
17. कमल से उत्पन्न होने के कारण ब्रह्मा का एक नाम (4)
20. दुर्गा देवी का एक विग्रह (3)
22. उबलना, खलबलाना, अतिकुद्ध होना (3)
23. अवयव संधि, उंगली की गांठ या जोड़ जहां से वह मुड़ती है (2)
24. पुस्तक पठन आधार (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक ही धर्म को मानने वाले, सहधर्मी (6)
2. अपराध मुक्ति, कारावास मुक्ति, छुटकारा (3)
3. परिवहन, ट्रांसपोर्ट, वैहिकल (2)
4. प्रतीक्षक, इंतजार करने वाला (4)
5. संकटप्रद वस्तु, दक्ष प्रजापति की एक कन्या (2)
6. रसूल, पैंगबर, नबी (4)
10. एक प्रकार का श्वास रोग (2)
11. प्रशंसा आलेख, प्रशस्ति आलेख (4)
12. कुटिल, दांव-पेंच से अपना काम निकालने वाला (3)
14. जिसे जानकारी हो, परिज्ञाता, अनुभवी (4)
15. ध्यान विघ्न, रोक, रूकावट (3)
18. हंसी-ठट्ठा, उपहास करने का भाव (3)
19. महोदय, श्रीमान, हजरत (3)
21. खीर को यह भी कहते है, आंगिरस (2)

### वर्ग पहेली 5299 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | ■ | ■ | लं | द | न |
| नु | मा | इ | श | ■ | ग | म | क |
| प्र | ■ | ■ | ता | जी | र | ■ | ब |
| ता | ■ | अ | नं | त | ■ | से | ज |
| प | द | ■ | द | ना | यु | ■ | न |
| ■ | या | त्रा | ■ | ■ | व | न | ■ |
| आ | वा | स | ■ | श | रा | र | त |
| शा | न | ■ | श | ल | ज | म | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### शिव बारात के दौरान भड़काऊ गाना बजाने एवं नशा का सेवन करने पर रहेगा प्रतिबंध

**चासनाला, एजेंसी।** महाशिवरात्रि को लेकर सुदामडीह थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत व संचालन थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक ने किया। बैठक में क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों ने नए सिंदरी डीएसपी व थाना प्रभारी को शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। सिंदरी डीएसपी ने सभी से परिचय प्राप्त किया। महाशिवरात्रि शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि महाशिवरात्रि में बारात निकलने के दौरान कोई भी भड़काऊ गाना नहीं बजाने, बारात के दौरान नशापान नहीं करने को कहा गया। मौके पर थाना के सअनि उमेश राय, अक्षय सिंह, केपी यादव व शांति समिति के मौसम मोहंती, अभिषेक पांडेय, विशाल श्रीवास्तव, पूनम देवी, भोजू रवानी, बीके साहू, रामनाथ सिंह, केसर सिंह, शशि निराला, सौरभ मिश्रा, प्रेम तिवारी, लक्ष्मण सिंह आदि थे।

### ओबी डंपिग से हो रहे प्रदूषण से भड़के लोदना के लोग, रोका काम

**अलकडीहा, एजेंसी।** कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी लोदना के मल्लाह पट्टी के समीप डंपिंग होने से काफी धूल–कण उड़ रहा है। जिससे परेशान ग्रामीणों ने रविवार को भाजपा के बैनर तले ओबी डंपिंग का काम बंद करा दिया। इस दौरान प्रबंधन विरोधी नारे लगाए गए। सूचना पाकर लोदना पुलिस पहुंची। भाजपा नेता अजय निषाद ने कहा कि डंपिंग के कारण प्रदूषण से लोगों को सांस लेने में काफी परेशानी हो रही है। प्रबंधन खनन या डंपिंग के समय पानी छिड़काव करने का काम नहीं करती है। लोदना के मल्लाह पट्टी, हरिजन पट्टी, बाबुबासा, लोदना बाजार, कपड़ा दौड़ा, कुम्हार बस्ती, पीपल धौड़ा आदि क्षेत्र के लोग का जीना मुहाल हो गया है। प्रदूषण के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों ने लोदना ओपी प्रभारी रजनीकांत से हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया। प्रभारी के पहल पर कुजामा आउटसोर्सिंग प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई। वार्ता में ओबी डंपिंग के लिए स्थान चिन्हित कर डंपिंग नियामानुसार होगी। वार्ता में ग्रामीणों की ओर से अजय निषाद, निर्मला देवी, जितेन्द्र निषाद, प्रदीप कुमार, टिंकु चौधरी, मुकेश निषाद, शुभम कुमार, सोनु यादव, शंकर मल्लाह, सागर निषाद, गीता देवी, रिंकी देवी, चंपा देवी, लीला देवी, सुनीता देवी आदि थे।

### क्षेत्र में शांति बनाए रखना सिर्फ पुलिस की ही नहीं जनता की भी जवाबदेही है: डीएसपी

**जोड़ापोखर, एजेंसी।** महाशिव रात्रि पर्व एवं लोकसभा चुनाव मद्देनजर रविवार को जोड़ापोखर थाना परिसर में शांति समिति एवं पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक हुई। बैठक कि अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रसाद सिन्हा ने की। मुख्य रूप से उपस्थित सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र राउत ने कहा कि वर्षो से बनी भाईचारों को अफवाहों कि धुंधली चादरों से ढंक कर रिश्तों को खत्म करने से बचे। हम सिंदरी अंचल के लोगों के साथ मिलकर काम करने आए है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखना सिर्फ पुलिस की ही नहीं सभी जनता की जवाबदेही बनती है। उन्होंने किसी तरह की घटना होने पर पुलिस अधिकारी को तत्काल सूचित करें, त्वरीत कार्रवाई होगी। अफवाहों क नजरअंदाज करते हूँ थाना से पुष्टि करने कि अपील किया। उन्होंने सोशल मीडिया से तथा साईबर से होनेवाली अपराध पर अंकुश लगाने की बात कही। थाना प्रभारी राजेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में अशांति होती है तभी शांति समिति की आवश्यकता होती है। श्री सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि शांति समिति के लोगो पर 107 नहीं होगी। लेकिन अगर शांति समिति के लोग किसी राजनीति पार्टी से जुड़े है तो यह सम्भव है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण राय, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, बाबू जैना, पूर्व पार्षद सुजीत कुमार सिंह, किशोर कुमार, पिंटू तुरी, दिनेश यादव, लंबू मिश्रा, स्वरूप भटटाचार्य, आरिफ सिद्दीकी, एम के ठाकुर, कुणाल कुमार, इस्लाम आदि थे।

## लोकसभा प्रत्याशियों पर समीकरण बनाने में जुटे कांग्रेस और झामुमो,

# इन सीटों पर फंसा पेंच




**रांची, एजेंसी।** झारखंड में 14 में से 11 लोकसभा सीट के लिए भाजपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, लेकिन इंडिया गठबंधन की ओर से सीटों का बंटवारा ही अंतिम रूप नहीं ले सका है। कांग्रेस-झामुमो जल्द इस पर निर्णय लिये जाने की बात कर रहे हैं, इसके लिए समीकरण तैयार किया जा रहा है। अभी भी लोहरदगा-सिंहभूम के साथ-साथ चतरा सीट को लेकर फैसला नहीं हो सका है।

2019 के लोकसभा चुनाव में लोहरदगा, सिंहभूम और चतरा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में थे। चतरा में राजद ने भी प्रत्याशी दे दिया था, जिससे फ्रेंडली फाइट हुआ था। सिंहभूम सीट की कांग्रेसी सांसद गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने और भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद अब झामुमो, कांग्रेस से यह सीट लेने की तैयारी कर रहा है। हालांकि कांग्रेस की सीटिंग सीट होने के बाद भी झामुमो पहले से इस पर दावा करता रहा है। झामुमो लोहरदगा सीट पर और राजद चतरा सीट पर दावा कर रहा है। चतरा सीट पर उद्योग मंत्री सत्यानंद भी दावा ठोंक रहे हैं। कांग्रेस सिंहभूम की सीट छोड़ती भी है तो चतरा-लोहरदगा सीट पर अड़ सकती है। भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद कांग्रेस-झामुमो नए समीकरण बनाने में जुट गए हैं। जातीय समीकरण और वोट के आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया जा सकता है और उन्हें साधा जा सकता है।

**राज्यसभा के लिए इस सप्ताह तय होंगे प्रत्याशी :** राज्यसभा चुनाव में झारखंड की दो सीटों के लिए सोमवार को नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। दो सीटों पर वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस के सांसद हैं। ऐसे में दोनों दल एक-एक उम्मीदवार देने की तैयारी में हैं। झामुमो ने भी प्रत्याशी देने की बात कर राज्यसभा चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा ने सांसद समीर उरांव को लोकसभा प्रत्याशी बना दिया है। इससे उनकी जगह अब किसी दूसरे चेहरे को मौका मिलेगा। इसमें आशा लकड़ा, जेबी तुबिद, प्रदीप वर्मा, अरुण उरांव का नाम सबसे आगे आ रहा है। वहीं, झामुमो-कांग्रेस बैठक कर प्रत्याशी उतारेंगे। अगर एक नाम तय हुआ तो उनकी जीत सुनिश्चित होगी, वहीं दो प्रत्याशी उतारे तो 21 मार्च को वोटिंग होगी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने हार की घबराहट में प्रत्याशियों की सूची जारी की है। सूची जारी होने के साथ विवाद दिखाई दे रहा है। उसे उम्मीदवारों को वापस लेना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में उसे कई सीटों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता पड़ेगी। इंडिया गठबंधन सोच-समझकर प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। तानाशाह रूप से नहीं, बल्कि गठबंधन में हैं तो गठबंधन के प्रत्याशियों के नाम का ऐलान एक साथ होगा। जल्द ही सीटों पर अंतिम सहमति बन जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के लिए बातचीत जारी है। अगले सप्ताह इस पर फैसला हो जाएगा। कांग्रेस की एक सीट रही है और वह खाली हो रही है, इसलिए उसे मिलनी चाहिए।

**उम्मीदवारों की घोषणा जल्द : सुप्रियो भट्टाचार्य :** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बदलते राजनीतिक परिपेक्ष्य में सबू की सियासत का मूल्यांकन किया जा रहा है। सीट शेयरिंग लगभग तय है और जल्द इसकी घोषणा की जाएगी। इंडिया गठबंधन झारखंड में लोकसभा की सभी 14 सीटों को एक यूनिट मानकर रणनीति तैयार कर रहा है। हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए दमदार प्रत्याशियों को उतारा जाएगा। जो जहां मजबूत है, उस दल को वहां पूरी ताकत देकर लड़ाया जाएगा। इस बार लोकसभा चुनाव के परिणाम खास कर झारखंड के संदर्भ में चौंकाने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी सीट पर महागठबंधन में शामिल दलों के बीच कोई जिच नहीं है। आपसी सहमति से पूरी एकता के साथ उम्मीदवारों की जल्द घोषणा की जाएगी।

### भाजपा प्रत्याशी समीर ने पिपलेश्वर महादेव में टेका मत्था

**बसिया, एजेंसी।** बसिया प्रखंड के कोनबीर गांव में पिपलेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित दो दिनी पूजन महोत्सव का रविवार को पूर्णाहुति हुआ। मौके पर पुरोहित सूरज कुमार विसी और पुरोहित विनेश्वर होता द्वारा विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक के बाद पूर्णाहुति की आरती व भक्तों के बीच प्रसाद एवं भंडारा का महाप्रसाद भी वितरण किया गया। महोत्सव के समापन मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव भाजपा द्वारा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद यहां पहुंचे। पिपलेश्वर महादेव कोनबीर में मत्था टेका। साथ ही कोनबीर में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा इनका गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। सांसद उरांव ने लोगों से आने वाले चुनाव को महापर्व के रूप में देखते हुए भाग लेने की अपील की।

## धार्मिक जमीन कब्जाने को लेकर 2 पक्षों में विवाद, पथराव के बाद जमकर बवाल; 5 घायल



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र के पारडीह मध्य विद्यालय परिसर के निकट रविवार को धार्मिक स्थल के निकट बगीचा की चहारदीवारी को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। इनमें दोनों ही तरफ से लाठी-डंडे से मारपीट और पथराव हुआ। इसमें दो महिलाएं सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी का इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद दोनों ही पक्ष मानगो थाना पहुंचे, जहां एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में ही हंगामा होने लगा। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मामला दर्ज कराया है।

मामले में हरेकृष्णा सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें जमिनी महतो, पिंटू महतो, उपेन्द्र नाथ महतो, पेल्टू महतो, बिराज घोष, अनुप मिश्रा, सोनू मिश्रा, विजय कुमार महतो को आरोपी बनाया गया है। एक पक्ष से दो लोग हरे कृष्णा सिंह और अशोक घायल हुए हैं।

इनपर लाठी डंडे से हमला किया गया। दोनों का सिर फट गया है। दोनों एमजीएम अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि, दूसरे पक्ष से महिलाओं के घायल होने की बात बताई जा रही है। महिलाओं को मामूली चोट आई है। दूसरे पक्ष का आरोप है कि महिलाओं से छेड़खानी भी की गई।

उनके कपड़े फट गए हैं। मानगो के थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष से लिखित शिकायत ली गई है। केस किया जाएगा और जो भी आरोपी हैं, उन्हें जेल भेजा जाएगा। किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है।

### एक पक्ष का आरोप

एक पक्ष से जामिनी महतो ने बताया कि धार्मिक स्थल के निकट मैदान के बागीचा में कुछ लोग ताला बंद कर रखते हैं। इससे लोगों को दिक्कत होती है। कुछ दिन पहले फैसला लिया गया था कि बगीचे को हटाया जाए। रविवार को भी बैठक कर पंचायत करने वालों ने कहा कि बगीचा हटाया जाएगा। बगीचा हटाने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। इससे दूसरे पक्ष के लोगों ने भी मारपीट की। जामिनी महतो ने हरे कृष्णा सिंह, अशोक व अन्य पर आरोप लगाया है।

### दूसरे पक्ष ने ये कहा

दूसरे पक्ष के मनोज का कहना है कि पहले बैठक कर मामले को सुलझाने की बात हुई। बैठक के बीच में ही महिलाएं बगीचा उजाड़ने लगीं। पेड़ हटाने लगीं। इसपर हरे कृष्णा सिंह और अशोक उनको रोकने पहुंचे। महिलाओं और उनके साथ आए युवकों ने दोनों पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे से उनका सिर फोड़ दिया गया। बाद में दोनों पक्ष के लोग मानगो थाना पहुंचे और एक दूसरे पर कार्रवाई के लिए शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी रोबिन मिंज सड़क हादसे में घायल, डिवाइडर से टकराई बाइक; पिता ने सेहत को लेकर दी बड़ी जानकारी



**रांची/नामकुम, एजेंसी।** आइपीएल के इस सत्र में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलने वाले रांची के युवा विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। रोबिन मिंज शनिवार की शाम लगभग सात बजे रांची के नामकुम स्थित महुआटोली स्थित अपने घर से बाइक लेकर रिंग रोड के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण रिंग रोड के सरवल स्थित गेल सीएनजी स्टेशन से कुछ दूरी पर उनका संतुलन बिगड़ गया। बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक (कावासाकी) का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और रोबिन दूसरी तरफ गिर गए। हालांकि, हेलमेट पहने रहने के कारण उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है।

इधर, इस घटना के बाद दुर्घटना स्थल पर आसपास के लोगों का भीड़ जमा हो गई। पूछताछ में जब लागों को जानकारी हुई कि आइपीएल खिलाड़ी रोबिन मिंज है, तो तत्काल एक निजी वाहन से बाइक व रोबिन को घर पहुंचाया गया।

इधर, रोबिन मिंज की बहन करिश्मा व स्तिका ने बताया कि भाई को बाइक सवारी का शौक है और खाली समय में वह बाइक चलाया करते हैं। रोबिन के पिता फ्रांसिस जेवियर मिंज ने बताया कि घबराने की बात नहीं है। उसे ज्यादा चोट नहीं आई है और वह तय समय पर गुजरात जायंट्स की टीम से जुड़ जाएगा।

फ्रांसिस ने बताया कि उसे कुछ खरोचें आई हैं और डाक्टर की देखरेख में है। रोबिन मिंज को गुजरात जायंट्स ने तीन करोड़ साठ लाख में अपनी टीम के साथ जोड़ा है। रोबिन अभी तक जूनियर क्रिकेट ही खेलते रहे हैं और रणजी टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। लेकिन, अपनी बल्लेबाजी से काफी शोहरत हासिल कर ली है।

रोबिन लंबे शाट खेलने के लिए जाने जाते हैं। धौनी को आइडियल मानने वाले रोबिन के पिता रांची एयरपोर्ट में सुरक्षा प्रहरी हैं और पिछले दिनों गुजरात जायंट्स के कप्तान शुभमन गिल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा व पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर उनसे मिले थे।

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गढ़वा को दी करोड़ों की सौगात,

# फुटबॉल स्टेडियम से लेकर हैलीपेड तक की अब मिलेगी सुविधा

**गढ़वा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के रविवार को गढ़वा दौरे पर मौसम का असर दिखा। सीएम को हेलीकाप्टर से दोपहर 12.10 बजे गढ़वा आना था। लेकिन मौसम खराब होने के कारण वे सड़क मार्ग से शाम साढ़े चार बजे गढ़वा पहुंचे। करीब एक घंटा के अपने गढ़वा प्रवास के दौरान चंपई सोरेन ने जिले में 95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया।

सीएम द्वारा जिन योजनाओं का उद्घाटन किया गया, उसमें गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर में बना नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, शहर के सोनपुरा में बस स्टैंड, गोविंद हाईस्कूल के मैदान के निकट नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन तथा कन्या मध्य विद्यालय में बना फुटबाल स्टेडियम शामिल हैं।

उक्त सभी योजनाओं के उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से रांची के लिए प्रस्थान कर गए। समयाभाव के कारण सीएम ने गोविंद हाई स्कूल के मैदान में प्रस्तावित जनसभा को संबोधित नहीं कर सके।

मौसम के अनुकूल नहीं होने के बावजूद सीएम को सुनने के लिए गोविंद हाई स्कूल के मैदान में लोगों की भारी भीड़ पहुंची थी। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री को दिन के 12.10 बजे गढ़वा आना था।

योजनाओं के उद्घाटन के बाद उन्हें 1.50 से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में जनसभा को संबोधित करना था। लेकिन मौसम खराब होने के कारण सीएम सड़क मार्ग से शाम करीब साढ़े चार बजे गढ़वा पहुंचे। विलंब से आने के कारण उन्होंने पांचों योजनाओं का उद्घाटन कर बगैर जनसभा को संबोधित किए ही हेलीकाप्टर से रांची के लिए प्रस्थान कर गए।




इस मौके पर सीएम के साथ गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, लातेहार विधायक बैजनाथ राम तथा मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिप अध्यक्ष शांति देवरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। विदित हो कि लगभग नौ एकड़ भूमि में निर्मित नए समाहरणालय भवन का निर्माण 60 करोड़ की लागत से कराया गया है।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। क्योंकि गढ़वा जिले को पांच महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का सौगात मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी कड़ी में आज गढ़वा जिले में लगभग 85 करोड़ रुपये की लागत से पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन कर जिले वासियों को समर्पित किया गया है। जिले वासी इस शुभ घड़ी के गवाह बने हैं। उन्होंने इसी प्रकार गढ़वा समेत संपूर्ण राज्य में उत्तरोत्तर विकास का कार्य करने की बात कही।

## झारखंड में कॉन्ट्रैक्ट टीचरों की बल्ले-बल्ले, चंपई सरकार ने कर दिया बड़ा एलान

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार के इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों में शिक्षकों की होने वाली नियुक्ति में इन संस्थानों में अनुबंध पर कार्य कर रहे या कार्य कर चुके शिक्षकों तथा अंशकालीन शिक्षकों को वेटेज मिलेगा।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति में इन्हें अधिकतम पांच अतिरिक्त अंक प्रदान कर उन्हें वेटेज दिया जाएगा। यह उनकी सेवा अवधि के आधार पर दिया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा गठित झारखंड तकनीकी शिक्षा सेवा नियुक्ति नियमावली-2024 में इसका प्रविधान किया गया है। यह नियमावली अधिसूचित कर दी गई है। नियमावली के गठन से इन संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता भी साफ हुआ है।

गठित नियमावली के अनुसार, वेटेज का लाभ इंजीनियरिंग कॉलेजों या पॉलीटेक्निक संस्थानों में अनुबंध पर कार्य कर चुके या कार्य कर रहे सहायक प्राध्यापकों, व्याख्याताओं या अन्य आवश्यकता आधारित शिक्षकों को एकल अवसर के रूप में दिया जाएगा।

इसका मतलब यह कि नई नियमावली गठित होने के बाद झारखंड लोक सेवा आयोग से जो पहली नियुक्ति होगी, उसमें ही इसका लाभ मिलेगा। इसके बाद की नियुक्तियों में यह लाभ नहीं मिलेगा।



संस्थानों में विभिन्न पदों पर होने वाली नियुक्ति की बात करें तो इंजीनियरिंग कॉलेजों में अन्य पदों के अलावा सहायक प्राध्यापक के शत-प्रतिशत पदों पर नियुक्ति होगी। वहीं, सह प्राध्यापक तथा प्राध्यापक के पद सीधी भर्ती तथा प्रोन्नति दोनों से भरे जाएंगे। इसी तरह पालीटेक्निक संस्थानों में अन्य पदों के अलावा व्याख्याताओं के शत-प्रतिशत पदों पर सीधी नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी। वहीं, प्राचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी नियुक्ति होगी तथा इतने ही पद प्रोन्नति से भरे जाएंगे।

इंजीनियरिंग कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों तथा पालीटेक्निक संस्थानों में व्याख्याताओं की नियुक्ति साक्षात्कार तथा एकेडमिक अंकों, रिसर्च, अनुभव आदि के आधार पर प्राप्तांकों के आधार पर होगी। इनके लिए अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। पॉलीटेक्निक संस्थानों में तीन तरह के शिक्षक अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं। पहला वित्त विभाग द्वारा पांच जुलाई 2002 के आलोक में शिक्षक कार्य कर रहे हैं।

दूसरा, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 20 जुलाई 2017 को जारी आदेश के तहत कैंपस सलेक्शन के माध्यम से अनुबंध पर नियुक्ति की गई है। इनके अलावा संयुक्त बिहार के समय से ही वर्ष 1996-97 से विभिन्न पालीटेक्निक संस्थानों में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत अनुबंध पर शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी।

## कब्र से गायब हो रहे शव, छह लाशों का नहीं कोई अता-पता; आखिर कौन रात के अंधेरे में दे रहा काम को अंजाम.

**दुगदा, एजेंसी।** बोकारो झरिया ओपी थाना अंतर्गत सिजूवा पंचायत के जमुनिया नदी स्थित श्मशान घाट की कब्र से गायब हुए छह शव इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया निरंजन हांसदा, वार्ड सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बोकारो झरिया ओ पी थाना प्रभारी से मिल कर इस घटना के उद्भेदन की मांग की।

विदित हो कि बोकारो झरिया ओपी तथा दुगदा थाना क्षेत्र की एक बड़ी आबादी श्मशान घाट के रूप में सिजुवा पंचायत क्षेत्र के जमुनिया नदी स्थित तट पर शव जलाने तथा शव दफनाने का कार्य करते हैं।

इसी क्रम में शव दफनाने गये सिजुआ पंचायत की मुखिया सरिता देवी के पति राजेश राम व स्थानीय



लोगों के द्वारा देखा गया कि पूर्व में दफन किये गए कब्र से 6 शव गड्ढा खोदकर निकाला गया और उसे गायब किया गया है।

मुखिया पति राजेश राम ने इसके उपरांत स्थानीय बोकारो झरिया ओ पी थाना प्रभारी तथा अंचल अधिकारी चंद्रपुरा को सूचना दी गयी। इन्होंने भी श्मशान घाट जाकर निरीक्षण किया तो पाया कि कुछ गड्ढे से शव गायब है। इस मामले में स्थानीय थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने कब्र में दफनाए गये शव के गायब होने की मामले की अनुसंधान करने की बातें कही।

सिजुआ पंचायत की मुखिया सरिता देवी के पति राजेश राम ने बताया कि श्मशान घाट के कब्र में दफनाए गये छह शव अज्ञात लोगों के द्वारा गायब किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गारमेंट्स शोरूम की ऊपरी मंजिल में लगी आग, लपटों के बीच फंसा परिवार; फायर ब्रिगेड की टीम ने निकाला

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार की सुबह गारमेंट्स शोरूम की ऊपरी मंजिल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे आग की लपटों के बीच परिवार फंस गया। परिवार के कुछ लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना कमला नगर थाना क्षेत्र के सेंट्रल बैंक रोड की है। यहां एक गारमेंट्स का शोरूम है। इसकी दूसरी और तीसरी मंजिल पर परिवार रहता है। सोमवार की सुबह दूसरी मंजिल में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तीसरी मंजिल में पहुंच गई। इससे पहले की परिवार के लोग बार निकलते आग ने विकराल रूप ले लिया।

आसपास के लोगों ने देखा तो मौके पर भीड़ लग गई। इस बीच कुछ लोगों ने तो कूदकर जान बचा ली। कुछ घर के अंदर ही फंसे रह गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने लोगों को बाहर निकाला। कड़ी मशक्कत के टीम ने आग पर काबू पाया। आग पहले तल पर बने शोरूम पर भी पहुंचने की आशंका है। शार्ट सर्किट से आग की आशंका जताई जा रही है।

### प्रॉपर्टी डीलर का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, कीमती जमीन को लेकर हुआ था विवाद

**लखनऊ , एजेंसी।** अयोध्या कैंट थाना क्षेत्र में हुई प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी रितेश यादव को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इस दौरान पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट थाना क्षेत्र के मशीनिया कृष्णा नगर कॉलोनी में 25 फरवरी की देर रात बरात से वापस लौटते समय टोनिया मऊ यदुवंशपुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव पुत्र रामबली यादव की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। आरोपियों की तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष कैंट संजय मौर्य ने बताया कि विवेचना के दौरान नगर कोतवाली क्षेत्र के खोजनपुर निवासी रितेश यादव व रिंकू का नाम प्रकाश में आया था। मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर रात रितेश यादव को कैंट थाना क्षेत्र के गद्दोपुर पेशकार पुरवा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया लेकिन आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी है।

### हिंदवी स्वराज नाटक में दिखी मुगलों के साथ शिवाजी के संघर्ष की गाथा, कलाकारों ने दी जीवंत प्रस्तुति

**वाराणसी , एजेंसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर उखाड़ फेंकने से व्यथित हुए गागा भट्ट महाराष्ट्र आकर शिवाजी से मिले और बताया कि मंदिरों की मूर्तियों से मस्जिदों की सीढ़ियां बन रही हैं। आप राजा बनकर समाज को प्रेरणा दें। छत्रपति शिवाजी का एक ही प्रयास था कि समाज का खोया आत्मविश्वास पुनः जागृत हो। शुद्ध मन से किया गया प्रयत्न सफल होता है, यही कारण है कि शिवाजी को पराक्रमी साथी भी मिले। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के मंच पर हिंदवी स्वराज को कलाकारों ने जीवंत किया। छत्रपति शिवाजी का जीवन संघर्ष और उनकी परिकल्पनाओं से दर्शक रूबरू हुए। शक्तिशाली मुगल शासन के आगे उपमहाद्वीप के एक से एक राज्य घुटने टेक रहे थे। वहीं, महाराष्ट्र में शिवाजी का उदय भारतीय जनमानस के लिए बड़े संबल के रूप में सामने आया। मुगलों के खिलाफ खड़े होकर शिवाजी ने डटकर उनका मुकाबला किया। बेटे रायबा की शादी का निमंत्रण देने आए तानाजी ने सिंहगढ़ जीतना जरूरी समझा। युद्धभूमि में जब तानाजी बलिदान हो गए तो शिवाजी के मुंह से निकला- गढ़ तो आया पर सिंह गया। शिवाजी का आगरा से वापस आना किसी चमत्कार से कम नहीं था। अफजल खान के सम्मुख शरणागत होने का नाटक रचा और उसका वध कर दिया। शाइस्ता खान का प्रसंग भी आत्मविश्वास पैदा करने वाला था। नाटक का लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन प्रवीण व्यास ने किया। कार्यकारी निर्माता जयंती कुंडू ने कहा कि नाटक के माध्यम से बताया गया कि शिवाजी का कोई धार्मिक विद्वेष या वैमनस्य नहीं था।

# सीएम योगी ने महायोजना-2031 पर की चर्चा, बोले- ईज ऑफ लिविंग पर हो विकास प्राधिकरणों का फोकस



**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधाओं पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

सहारनपुर %देवभूमि का प्रवेश द्वार% है। बीते 06-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक- व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित की जाए। आमजन के लिए प्राधिकरण द्वारा नई आवासीय परियोजना की कार्ययोजना तैयार की जाए।

मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज और राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें। भविष्य के मिर्जापुर की आवश्यकताओं के दृष्टिगत मिर्जापुर के विकास क्षेत्र का दायरा और बढ़ाया जाना चाहिए। बस्ती, विकास की ओर तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है। यहां चीनी मिल भी लगी है और मेडिकल कॉलेज भी स्थापित हुआ है। महायोजना-2031 के दायरे में इन्हें भी लाया जाना उचित होगा। विकास नियोजित हो और संतुलित हो, इसके लिए विशेष ध्यान देना होगा। अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इससे जोड़ें। हैवी ट्रैफिक से नगर का आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।

### 1991 में पहली बार सांसद बने पंकज चौधरी, हैट्रिक भी लगाई- मंत्री बने, 7वीं बार फिर मैदान में

**महाराजगंज, एजेंसी।** महराजगंज में भाजपा से लोकसभा उम्मीदवार को लेकर सियासी चर्चाओं को शनिवार को विराम लग गया। पार्टी हाई कमान की ओर से जारी प्रत्याशियों की सूची में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का नाम लोकसभा महराजगंज से शामिल रहा। पंकज चौधरी का नाम सामने आने के बाद समर्थकों ने भी कहा, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की मेहनत व निष्ठा को देखा है, इस वजह से फिर से उन्हीं को मैदान में उतारा है।



पंकज चौधरी को पार्षद से लेकर संसद सदस्य तक का अनुभव रहा है। पंकज चौधरी 1991, 1996, 1998, 2004, 2014 में सांसद रह चुके हैं। 2019 में वे छठवीं बार सांसद चुने गए। गोरखपुर में जन्में पंकज चौधरी का राजनीतिक सफर गोरखपुर नगर निगम से शुरू हुआ था। वह पहली बार 1989-91 में नगर निगम गोरखपुर में पार्षद चुने गए थे। इसके बाद 1990-91 तक वे गोरखपुर नगर निगम में ही उप-महापौर भी रहे। उसी साल उन्हें यानी 1991 में प्रदेश भाजपा में कार्यकारिणी समिति में सदस्य बनाया गया और लोकसभा के चुनाव में उन्हें टिकट भी मिल गया और वे जीत भी गए। सांसद रहते वे संसद की कई समितियों में रहे। इसके बाद वह 1996 में दोबारा चुनाव जीत गए। इस बार भी उन्हें कई संसदीय समितियों में रहने का मौका मिला। 1998 में मध्यावधि चुनाव हुए और पंकज चौधरी फिर जीत गए। 2004 में वह चौथी बार सांसद बने। लेकिन, लोकसभा चुनावों में लगातार जीत का उनका क्रम 2009 में टूट गया। उन्हें कांग्रेस के हर्षवर्द्धन ने 2009 में हारा दिया।

### देर रात फोन आने पर घर से निकला युवक, सुबह सीवन में मिली लाश, सिर पर थे चोट के निशान; मची सनसनी

**मऊ , एजेंसी।** मऊ के हलधरपुर थाना क्षेत्र के बकराबाद गांव निवासी युवक का शव सोमवार की सुबह उसके घर से 500 मीटर दूर सड़क किनारे मिला। युवक के सिर पर गंभीर चोट और गले पर गर्दन दबाने के निशान हैं। उधर, इस मामले में मृतक की बहन ने गांव के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। मृतक को सोमवार की देर रात किसी ने फोन किया था, जिसके बाद वह घर से बाहर निकला और नहीं लौटा। हत्या की सूचना मिलने पर एएसपी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवान दिया है। तहरीर के अनुसार, हलधरपुर थाना क्षेत्र के बकराबाद गांव निवासी दीपक चौहान (28) मजूदरी कर अपने पिता गुलाब के साथ छोटे भाई, बहन और मां का भरण-पोषण करता था। रविवार की देर शाम वह रोज की तरह मजदूरी कर अपने घर पहुंचा और भोजन करने के बाद कमरे में सोने चला गया। देर रात करीब तीन बजे उसके मोबाइल पर किसी का फोन आने पर वह घर से बाहर निकाल गया। सुबह तक न लौटने पर परिजन उसे ढूंढने लगे। इस दौरान गांव के कुछ लोग सिवान की तरफ गए तो, उन्होंने दीपक का शव देखा। दीपक के घर से 500 मीटर पूर्व दिशा में चकरा-जमालपुर गांव की सीमा पर उसकी लाश मिलने से सनसनी फैली गई। सूचना पाकर पहले परिजन पहुंचे उसके बाद पुलिस। एसओ हलधरपुर हरेंद्र यादव ने जांच के दौरान पाया कि उसके सिर पर चोट के साथ गर्दन पर कुछ निशान मिले।

# 22 लेखपाल नियुक्त, फिर भी वरुणा-असि के डूब क्षेत्र का सीमांकन नहीं, 762 लोगों को दी जा चुकी है नोटिस

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी में गंगा की सहायक नदियां वरुणा और असि के डूब क्षेत्र का सर्वे तो किया गया, लेकिन सीमाकंन आज तक नहीं हुआ है। वीडीए ने वरुणा और नगर निगम ने असि नदी के किनारे 50-50 मीटर क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट घोषित किया था, लेकिन सीमांकन न होने से नदियों के अस्तित्व पर खतरा है। पूर्व में जब वरुणा कॉरिडोर बनाया गया तो डूब क्षेत्र में आने वाले 762 लोगों को वीडीए की ओर से ध्वस्त करने का नोटिस दिया गया था। कुछ जगहों पर कार्रवाई भी की गई, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। हाल ही में असि को लेकर नगर निगम ने अभियान चलाया। कई अवैध निर्माणों को चिह्नित किया गया। कुछ अवैध निर्माण तोड़े गए, लेकिन सीमांकन न होने से ऊहापोह की स्थिति बनी रही। राजस्व विभाग कागजी कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए 22 लेखपाल भी रखे गए। बावजूद सीमांकन अब तक पूरा नहीं किया गया।

**बोले अधिकारी, सीमांकन की कार्रवाई चल रही है:** न तो नगर निगम और न ही वीडीए की ओर से सीमांकन से जुड़ा कोई बोर्ड लगाया गया है। 50 मीटर ग्रीन बेल्ट की भी सीमा नहीं बनाई गई है। इसी सीमांकन की रिपोर्ट एनजीटी ने मांगी है। पूर्व में भेजे रिपोर्ट में कहा गया है कि 15 नालों से वरुणा में आंशिक या गैर शोधित जल गिराया जा रहा है। असि पर 2.80 करोड़ लीटर गैर शोधित अपशिष्ट जल प्रतिदिन छोड़ा जा रहा है।



सीमांकन के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। प्रभारी राजस्व कृष्णचंद्र ने बताया कि सीमांकन की कार्रवाई चल रही है। पिछले दिनों असि किनारे के 8 अवैध निर्माणों को बुलडोजर चलाकर गिराया गया था। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**डूब क्षेत्र में निर्माण कराने वालों में रहता है बाढ़ का खतरा:** दरअसल, हर नदी का अपना डूब क्षेत्र होता है। जब कभी बाढ़ आएगी तो पानी डूब क्षेत्र में भरता है। यह इलाका खाली रखा जाता है ताकि किसी प्रकार की जनहानि न होने पाए। वरुणा और असि के डूब क्षेत्र में सैकड़ों अवैध निर्माण हैं। भविष्य में जब कभी बाढ़ आएगी तो इनका डूबना तय है।

### प्रदेश की सबसे उम्रदराज शेरनी मरियम गंभीर.. उठ पाना मुश्किल

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान की शेरनी मरियम की स्थिति बेहद नाजुक है। वन्य जीव विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश की सबसे उम्रदराज शेरनी मरियम का उठ पाना अब मुश्किल है। करीब 10 माह से उसकी तबीयत खराब है और इसकी वजह से बाड़े के क्राल और नाइट सेल के भीतर ही इलाज किया जा रहा था।

पशु चिकित्सकों की टीम के साथ बरेली आईवीआरआई और लखनऊ प्राणि उद्यान सहित अन्य विशेषज्ञों की टीम भी पल-पल इलाज और अन्य स्थितियों की जानकारी ले रही है।

गोरखपुर चिड़ियाघर शुरू होने के पूर्व मरियम को शंकरबाग से इटावा सफारी पार्क लाया गया। वहां से 28 फरवरी 2021 को इसे गोरखपुर लाया गया था। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, वर्ष 2021 में 17 वर्ष की उम्र में मरियम की तबीयत अत्यधिक खराब हुई थी।

तीन माह (सितंबर, अक्तूबर और नवंबर) तक लगातार उसका उपचार चला था। वर्ष 2022 में 2 महीने अगस्त और सितंबर में उसकी तबीयत खराब रही। इसके बाद अप्रैल 2023 में मरियम फिर बीमार हुई तो अब तक स्वस्थ नहीं हो सकी है। शनिवार रात में उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बड़े वन्य जीव बेहद संघर्षशील होते हैं, लेकिन तबीयत खराब होने पर लेटने के बाद उनका उठना बेहद कठिन होता है। मरियम का भी यही हाल है। भगवान का कोई चमत्कार ही शायद उसे उठा सके। वैसे भी मरियम सामान्य उम्र से अधिक जीवन जी रही है।

प्राणि उद्यान के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि मरियम को फ्लूड थेरेपी के सहारे पानी और अन्य दवाएं दी जा रही हैं। बेहतर से बेहतर इलाज किया जा रहा है, लेकिन कुछ खास असर नहीं दिख रहा। चिड़ियाघर के निदेशक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि तबीयत खराब होने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देने के साथ शंकरबाग, गुजरात से बब्बर शेरों को लाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

### बीमारी से जंग हार गया रौबदार मूंछों वाला पुलिस कांस्टेबल, पीजीआई लखनऊ में तोड़ा दम

**कानपुर , एजेंसी।** अपनी रौबदार मूंछों के लिए उप्र पुलिस विभाग में खास पहचान रखने वाले कांस्टेबल विनीत सिंह बीमारी से जंग हार गए। रविवार शाम पीजीआई लखनऊ में उनकी मौत हो गई। वे मूल रूप से भीतरगांव ब्लॉक के बेहटा-बुजुर्ग गांव निवासी थे। बाराबंकी के थाना रामसनेही घाट में चालक पद पर तैनात थे। बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी विनीत सिंह पुत्र स्व. बीरेंद्र सिंह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। वर्ष 2003 में कानपुर में पीएसी में भर्ती हुए। इसके बाद पुलिस विभाग में स्थानांतरण होकर मेरठ, सीतापुर सहित विभिन्न जनपदों में सेवाएं दी। वर्तमान में बाराबंकी जनपद के थाना रामसनेही घाट में कांस्टेबल चालक पद पर तैनात थे। अपनी रौबदार मूंछों को लेकर उप्र पुलिस विभाग में चर्चा में रहते थे। चाचा अमुख सिंह गौतम ने बताया कि बाराबंकी में ड्यूटी के दौरान चार फरवरी को भतीजे विनीत सिंह की अचानक सांस लेने में दिक्कत हुई, पहले कानपुर स्थित एएमसी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। 15 फरवरी को रेफर होने पर लखनऊ स्थित पीजीआई में इलाज चल रहा था। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी रेखा सिंह, दोनों बेटे अभय व प्रबल के अलावा मां श्रीमती बिलख पड़ीं। छोटे दो भाई विशाल गन्ना विभाग और नवनीत सिंह आर्मी में जम्मू-कशीर में तैनात हैं। मृतक का अंतिम संस्कार पुलिस राजकीय सम्मान के साथ सोमवार को कानपुर में होगा।

### तंबाकू कारोबारी पर छापा: आयकर टीम ने 150 करोड़ से ज्यादा की कर चोरी पकड़ी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर से अपना कारोबार दिल्ली और गुजरात शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा के प्रतिष्ठानों पर लगातार चौथे दिन रविवार को भी आयकर जांच जारी रही। आयकर टीम ने अब तक 150 करोड़ से ज्यादा की कर चोरी पकड़ी है। अभी जांच चल रही है। इससे रकम और बढ़ने की आसार हैं। कारोबारी के प्रतिष्ठानों से अलग-अलग जगहों पर खरीदी गई 18 संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं। गुजरात के ऊंझा में फैक्टरी के अलावा कई एकड़ में फैला फार्म हाउस और बंगला भी मिला है। गुजरात, दिल्ली, कानपुर में बनाई गई संपत्तियों में लगाए गए धन का हिसाब कारोबारी नहीं दे पा रहे हैं। जांच में पता चला है कि दो नंबर की कमाई संपत्तियों में लगाई गई है। दिल्ली में कई बड़े आवास हैं, जिनकी कीमत सौ करोड़ रुपये से ज्यादा है। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमें ने गुरुवार से बंशीधर श्रीराम फर्म के रामगंज-नयागंज स्थित कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही यहीं पर बने तीन प्रतिष्ठानों और दिल्ली के वसंत विहार स्थित आवास, गुजरात के ऊंझा स्थित फैक्टरी में जांच कर रहीं हैं। रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। यह फर्म सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करती है। फर्म के संचालक केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा हैं। उनका बेटा शिवम मिश्रा कारोबार देखता है। बेटे के दिल्ली स्थित घर से साढ़े 12 करोड़ की हीरे की पांच घड़ियां, 70 करोड़ से ज्यादा की कई विदेशी कारें मिल चुकी हैं। 4.5 करोड़ की नकदी, 2.5 करोड़ के गहने भी जब्त किए जा चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि कारोबारी मुन्ना मिश्रा की कुछ समय पहले सर्जरी हुई है। इस लिए अब तक उनके बयान नहीं लिए जा सके हैं।

**पान मसाला-तंबाकू कारोबारी का गठजोड:** केके मिश्रा की फर्म कानपुर समेत देश भर के सभी पान मसाला, गुटखा, बीड़ी, खैनी कारोबारियों को तंबाकू और इसकी पत्ती की सप्लाई करती है। सभी प्रमुख ब्रांड इनके खरीदार हैं। जांच में पता चला है कि तंबाकू कारोबारी की संपत्तियों में बड़े पान मसाला कारोबारियों ने काली कमाई खपाई।

# गाजियाबाद पर अटका मेरठ का गणित, चौंकाने वाली हो सकती है घोषणा

**मेरठ, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद और मेरठ में बड़ा उलटफेर कर सकती है। शनिवार को जो प्रत्याशियों की सूची जारी हुई है, जिसके बाद माना जा रहा है कि मेरठ और गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी बदल सकते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, दलित और पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। अब ठाकुर बिरादरी और वैश्य बिरादरी के उम्मीदवारों पर ही निर्णय होना है।

सहारनपुर या किसी अन्य सीट पर एक ब्राह्मण प्रत्याशी और उतारा जा सकता है। माना जा रहा है कि अगर गाजियाबाद से जनरल वीके सिंह की जगह किसी दूसरे ठाकुर प्रत्याशी को उतारा जाता है तो मेरठ से वैश्य बिरादरी से ही उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।



भाजपा 195 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। इनमें पश्चिम उत्तर प्रदेश की 14 में से 8 सीटों के प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इनमें 2019 में चुनाव जीते अधिकतर प्रत्याशियों को रिपीट किया गया है। मेरठ और गाजियाबाद को होल्ड पर रख दिया गया है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी नए चेहरों पर दांव खेल सकती है। बागपत और बिजनौर रालोद के खाते में तय मानी जा रही हैं।

अब तक जो टिकट भाजपा ने घोषित किए हैं उनमें मुजफ्फरनगर से जाट, कैराना और अमरोहा से गुर्जर और गौतमबुद्धनगर से पंडित को टिकट देकर भाजपा ने तीनों बिरादियों को प्रतिनिधित्व दिया है। दलित और पिछड़ा वर्ग का कोटा भी पूरा हो गया है। गाजियाबाद में अब तक ठाकुर बिरादरी से जनरल वीके सिंह सांसद थे, मेरठ में वैश्य बिरादरी से राजेंद्र अग्रवाल प्रतिनिधित्व कर रहे थे। अगर गाजियाबाद और मेरठ में दोनों सांसदों का टिकट बदलता है तो भाजपा इन दोनों बिरादरी का प्रतिनिधित्व बरकरार रखेगी।

अगर मेरठ में राजेंद्र अग्रवाल का टिकट कटता है तो तो यहां पर वैश्य को ही टिकट मिलने की उम्मीद है। मेरठ की बात करें तो वैश्य बिरादरी से कैंट विधायक अमित अग्रवाल, संजीव गोयल सिक्का, व्यापारी नेता विनीत अग्रवाल शारदा, हापुड़ से विकास अग्रवाल, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज दावेदारी में हैं। अगर भाजपा गाजियाबाद में वैश्य बिरादरी का उम्मीदवार उतारती है तो मेरठ में समीकरण बदल सकते हैं। यह भी हो सकता है कि मेरठ में भी कोई बड़ा चेहरा उतार दिया जाए। रविवार को रामायण सीरियल से प्रसिद्धि पाने वाले अरुण गोविल का नाम भी चर्चा में रहा। वह मेरठ के ही रहने वाले हैं।

**रालोद प्रत्याशी एक-दो दिन में:** भाजपा और रालोद के गठबंधन के बाद सबकी नजर बागपत और बिजनौर लोकसभा सीट पर लगी है। बागपत में जयंत चौधरी खुद लड़ेंगे या पार्टी के किसी सीनियर नेता को लड़ाएंगे, इस पर अभी सस्पेंस है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक तो जयंत बागपत से पार्टी के किसी पुराने कार्यकर्ता को चुनाव लड़ा सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो इससे बड़ा संदेश देने की तैयारी है। बिजनौर से किसी गुर्जर प्रत्याशी को उतारा जा सकता है। विधायक चंदन सिंह चौहान का नाम चर्चा में है, हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**बाहरी प्रत्याशी भाजपा पर पड़ सकता है भारी:** भाजपा में बाहरी प्रत्याशी को भी चुनाव लड़ाने के संकेत मिल रहे हैं। इससे पहले भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर केसी त्यागी को चुनाव लड़ाया था। उनकी बुरी तरह हार हुई थी। भाजपा के कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी को बाहरी प्रत्याशी लाने की बजाय मेरठ लोकसभा से ही किसी को टिकट देना चाहिए।

धामी सरकार में रोजगार मेलों के माध्यम से बरस रही नौकरियां

# सीएम धामी ने 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को वितरित किए नियुक्ति-पत्र

- विगत चार माह में सेवायोजन विभाग के माध्यम से लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को मिले रोजगार के अवसर
- आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में आई भारी कमी

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 27 डिप्टी जेलरों तथा 285 बंदी रक्षकों को नियुक्ति-पत्र वितरित किये। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में सेवायोजन विभाग के माध्यम से आयोजित हो रहे रोजगार मेलों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विगत चार माह में सेवायोजन विभाग राज्य के लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को रोजगार दिलाने में कामयाब रहा है। राज्य की धामी सरकार का फोकस अधिक से अधिक रोजगार सृजन पर है। सरकारी विभागों के अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी युवाओं को अधिकाधिक रोजगार प्राप्त हो इसके लिए राज्य की धामी सरकार निरंतर प्रयासरत है। धामी सरकार के इन्हीं सब प्रयासों का प्रतिफल है कि राज्य में बेरोजगारी दर में भी ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है। राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट बताती है कि उत्तराखंड में बेरोजगारी दर में भारी कमी देखने को मिली है। वर्ष 2021- 22 में उत्तराखंड में 8.4 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो 2022-23 में घटकर 4.9 फीसदी रह गई है। इधर, राज्य सेवायोजन विभाग के माध्यम से प्रत्येक जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फार्मा से लेकर सिक्योरिटी, बैंकिंग,सेल्स मार्केटिंग आदि कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। विगत चार माह में सेवायोजन विभाग के माध्यम से लगभग साढ़े तीन हजार युवाओं को नौकरियों के अवसर उपलब्ध हुए। नवंबर माह में 872, दिसंबर में 1376, जनवरी में 122, फरवरी माह में 1068 युवाओं को रोजगार मिला।

देवभूमि में दंगे, फसाद करने वाले उपद्रवियों पर सरकार की कड़ी नकेल

## देश के सबसे कठोर 'दंगारोधी' कनून पर धामी सरकार की मुहर

क्षति ग्रस्त संपत्ति की भरपाई के अलावा 8 लाख तक का जुर्माना और दंगा नियंत्रण पर सरकारी अमले का खर्चा भी भरेगा

- अब दंगाईयों से होगी निजी, सरकारी संपत्ति क्षति की पूरी वसूली

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने "दंगारोधी" यानी दंगे के दौरान होने वाले संपूर्ण नुकसान की भरपाई को देश के सबसे कठोर (अध्यादेश) कानून को मंजूरी दे दी है। इस कानून के तहत अब निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर दंगाइयों से क्षति की पूरी वसूली की जाएगी। इसके अलावा 8 लाख तक का बड़ा जुर्माना और दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले और अन्य कार्य पर आने वाले खर्चे की भरपाई भी की जाएगी। मंत्रिमंडल ने इस कानून को मंजूरी देकर राज्यपाल की स्वीकृति को भेज दिया है। देवभूमि में धामी सरकार कड़े और बड़े फैसलों से नित नई इबारत लिख रही है। देश का सबसे बड़ा नकलरोधी कानून लागू करने तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देने के बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने दंगा रोकने तथा दंगाइयों से निपटने को उत्तराखंड लोक (सरकारी) तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) कानून 2024 पर मुहर लगा दी है। इस कानून से राज्य में दंगा, फसाद, हड़ताल, बंद जैसे उपद्रव और अशांति के दौरान निजी और लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले अब बच नहीं पाएंगे। कानून के मुताबिक क्षति पर संपत्ति के नुकसान की वसूली के साथ कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। खासकर सरकारी, निजी संपत्ति के नुकसान की



भरपाई के अलावा दंगे के दौरान किसी के अंग-भंग करने पर भी इलाज का पूरा खर्चा दंगाई से वसूला जाएगा। इसके अलावा दंगा नियंत्रण को पुलिस, प्रशासन या अन्य एजेंसियों पर दंगे के दौरान होने वाले पूरे खर्चे की वसूली भी की जाएगी। सरकार ने अन्य सजा और कार्रवाई के साथ दंगाइयों पर इस कानून से 8 लाख तक का जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया है। दंगाइयों से सख्ती से निपटने को सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) गठित करने को भी मंजूरी दे दी है। ताकि कानून लागू होते ही अधिकरण के माध्यम से दंगाइयों पर कड़ी नकेल कसी जा सके। सरकार ने दंगाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सरकार ने विधिवत दावा अधिकरण (क्लेम ट्रिब्यूनल) को भी मंजूरी दे दी है। इसी ट्रिब्यूनल के तहत दंगाइयों और उनके परिजनों, संपत्ति आदि से नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसके लिए एडीएम श्रेणी के अधिकारी को दावा आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि दावा अधिकरण में रिटायर्ड जज के अलावा अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। सरकार ने कैबिनेट में इस कानून को मंजूरी के बाद राज्यपाल की स्वीकृति को भेज दिया है। चूंकि वर्तमान में राज्य विधानमंडल सत्र नहीं चल रहा है, ऐसे में भारत का संविधान के अनुच्छेद 213 के खंड 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर राज्यपाल को इस कानून को राज्य में लागू करने के अधिकार प्राप्त हैं। राज्यपाल की मंजूरी के बाद राज्य में धामी सरकार का तीसरा बड़ा निर्णय और कानून "उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति वसूली अध्यादेश 2024" राज्य में लागू हो जाएगा। देवभूमि में कानून व्यवस्था और स्वरूप को बिगाड़ने की किसी को भी छूट नहीं है। कानून तोड़ने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी। हमने दंगाइयों से निपटने को सख्त कानून को मंजूरी दे दी है। दंगाइयों को सजा भी दी जाएगी और नुकसान की पूरी भरपाई कराई जाएगी। इस कानून का राज्य में कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने जारी की हज गाइड 2024, मोबाइल ऐप भी किया लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को हज दिशानिर्देश 2024 जारी किया। इस दौरान उन्होंने हज सुविधा मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया। केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि हाजियों के लिए सुविधाएं सिर्फ अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए कई विभागों से समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि हाजियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सभी विभागों के साथ मिलकर एक समन्वय बनाया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल महिला हाजियों की संख्या 4,300 थी, जो इस वर्ष 5160 को पार कर गयी है।

### एनडीआरएफ कर्मियों को दिया जाएगा मृतकों की गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीआरएफ बचावकर्मियों और श्वानदल को मृतकों की सही पहचान करने और उनकी गरिमा बनाए रखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनडीआरएफ के महानिदेशक अतुल करवाल ने बताया कि बचावकर्मी मृतकों की पहचान, फारेंसिक और कुत्तों के प्रशिक्षण पर काम कर रहा है। महानिदेशक ने कहा कि मृतक प्रबंधन पर एनडीआरएफ के मौजूदा माड्यूल में एक नया मृतक पहचान अध्याय जोड़ा गया है, जो कर्मियों को बुनियादी पाठ्यक्रम के रूप में प्रदान किया जाता है। इस माड्यूल के हिस्से के रूप में एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिया जाता है कि दुर्घटनाओं और आपदाओं के दौरान शवों को कैसे निकाला जाए और उन्हें सम्मानजनक तरीके से रखा जाए, सड़ गए या टुकड़े हो गए मानव अवशेषों का सम्मान कैसे सुनिश्चित किया जाए, उन्हें एक साथ और बाडी बैग में कैसे रखा जाए।



### वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत, कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वी डी सतीसन ने रविवार को वायनाड में केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में एक छात्र की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई जांच की मांग की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन जेएस की मौत के कारण हुए क्रूर हमले का विवरण विश्वविद्यालय से सामने आ रहा है।

सतीसन ने कहा, उनके माता-पिता आरोप लगा रहे हैं कि एसएफआई नेताओं के नेतृत्व में एक भीड़ ने उन्हें बिना खाना या पानी दिए कई दिनों तक सार्वजनिक सुनवाई की और फांसी देने से पहले उन पर बेरहमी से हमला किया। यह एक गंभीर मामला है कि शिक्षक भी इस क्रूरता का हिस्सा थे।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी आरोप लगाया कि जिले के वरिष्ठ सीपीआई (एम) नेताओं ने जांच अधिकारियों को धमकी दी थी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पुलिस जांच में गंभीर खामियां थीं और उन्होंने (पुलिस ने) मामले में आरोपियों को बचाने का भी प्रयास किया। सतीसन ने कहा, हम पुलिस से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं कर सकते। केरल में ऐसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। परिवार सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। राज्य सरकार को घटना के पीछे के सभी कारकों पर विचार करना चाहिए और तथ्यों और साजिश को सामने लाने के लिए मामले को सीबीआई को सौंप देना चाहिए। पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक के द्वितीय वर्ष के सिद्धार्थन (20) की मौत के मामले में अब तक कुल 18 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है, और पुलिस ने आज उनमें से 15 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था। सिद्धार्थन के माता-पिता ने दावा किया है कि उसके कॉलेज के कुछ साथियों ने उन्हें बताया कि कुछ स्थानीय एसएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। पिता ने दलील दी कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक, उनके बेटे के शरीर पर चोटों के निशान और खाली पेट था, जिससे पता चलता है कि उसे बेरहमी से पीटा गया था और कुछ भी नहीं दिया गया था। माता-पिता के दावों के बाद, राज्य में राजनीतिक हलचल मच गई क्योंकि कांग्रेस और भाजपा ने सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा एसएफआई पर सिद्धार्थन की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। हालांकि, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने आरोपों से इनकार किया है। पुलिस ने शुरुआत में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया था। बाद में 18 छात्रों पर आईपीसी और केरल रैगिंग निषेध अधिनियम के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने, गलत तरीके से रोकने और खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाने सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया था।

### भाजपा के जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पीएम मोदी पर निशान साधा है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा-मोदी सरकार ने कल बैठक कर चुनाव होने से पूर्व ही अगली सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास तो किया है परन्तु पिछले दोनों चुनावों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट आज तक नहीं दी है। मोदी सरकार पहले अपने 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब दे क्योंकि 2014 में 100 दिन में विदेश से कालाधन वापस लाने एवं 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष जैसे जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है। उल्लेखनीय है कि रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से अगले 5 साल का एक्शन प्लान मांगा। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी ने आइडिया, एक्शन प्लान और रोडमैप मांगा है। इसके अलावा मंत्रियों से 100 दिन की योजना भी मांगी गई है।

## नोएडा के कार-बाइक वाले लोग ध्यान दें, अब 36 और जगहों पर लगेगा पार्किंग का पैसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में अब मुफ्त पार्किंग के दिन खत्म हो रहे हैं। इस महीने करीब तीन दर्जन और स्थानों पर पार्किंग शुल्क लेने की शुरूआत हो जाएगी। इन जगह पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। पिछले महीने करीब 20 स्थानों पर शुल्क लिया जाना शुरू हो चुका है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि करीब सवा साल से शहर में सेक्टर-18 को छोड़कर पार्किंग मुफ्त चल रही थी। इस दौरान कई बार टेंडर जारी किए गए लेकिन कंपनियों का चयन नहीं हो सका था। इस साल जनवरी महीने में क्लस्टर-1 और 8 के अंतर्गत कंपनी का चयन कर लिया गया। इसके अंतर्गत 27 और 29 जनवरी से इन क्लस्टर में पार्किंग शुल्क लिए जाने की शुरूआत हो गई।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब क्लस्टर-2, 3



और 5 और 7 एरिया में पार्किंग शुल्क लेने के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इनमें से क्लस्टर नंबर-3 के लिए जल्द टेंडर खुलने वाला है, बाकी क्लस्टर के लिए अगले 10-15 दिन में टेंडर खुल जाएगा। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इसी महीने इन तीनों क्लस्टर के अंतर्गत पार्किंग की शुरूआत हो जाएगी। गौरतलब है कि शहर में सार्वजनिक स्थल, मॉल, बाजार के बाहर करीब 58 जगहों पर सरफेस पार्किंग 1 दिसंबर 2022 से मुफ्त चल रही थी। पार्किंग मुफ्त होने से नोएडा प्राधिकरण को घाटा हो रहा था। कई बार टेंडर जरूर हुए लेकिन एजेंसी का चयन नहीं हो पा रहा था। अब एजेंसी चयन कर प्राधिकरण ने पार्किंग चलवाने की शुरुआत की।

पार्किंग कंपनी का चयन करने में नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के अलावा कोर्ट में मामले का चला जाना भी रहा। प्राधिकरण की तरफ से टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने पर रोक लगाने के बाद एक-दो लोग कोर्ट चले गए थे। इस वजह से भी देरी हुई। प्राधिकरण ने जनवरी महीने में क्लस्टर नंबर-1 के तहत सेक्टर, 2,6,8, 12, 25ए मोदी मॉल, सेक्टर 30, सेक्टर 32ए लॉजिक्स मॉल, सेक्टर-50, 41, व 51 की मार्केट, सेक्टर 104 में पार्किंग की शुरुआत हुई। इसके अलावा क्लस्टर नंबर-8 के अंतर्गत सेवन एक्स सेक्टरों में भी पार्किंग शुल्क के लिए जाने की शुरुआत हो चुकी है। इन सेक्टरों में सेक्टर-74, 75, 76 और 77 का एरिया शामिल है।

### चुनाव में गलत बयानबाजी पर होगी कार्रवाई, ईसी से मिलने वाली अनुमति में भी हो सकती है कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव प्रचार के गिरते स्तर पर चिंता जताने और राजनीतिक दलों को प्रचार के दौरान सिर्फ मुद्दों पर बात करने की हिदायत देने के बाद चुनाव आयोग ने अब गलत बयानबाजी करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने की तैयारी शुरू कर दी है। राजनीतिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए अपने तंत्र को सक्रिय कर दिया है। जिसमें राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं के साथ प्रत्याशियों से जुड़ी बैठकों, सभाओं, भाषणों व बयानों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए है। साथ ही इसकी रिपोर्ट साझा करने को भी कहा है।

आयोग के अनुसार, किसी भी तरह की गलत, झूठी जाति- धर्म व महिलाओं आदि से जुड़ी बयानबाजी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मानी जाएगी। ऐसे में ऐसे राजनीतिक दलों के प्रचारकों और उनके प्रत्याशियों के खिलाफ तय नियमों के तहत कार्रवाई होगी। जिसमें उन्हें चुनाव प्रचार से रोका जा सकता है। साथ ही उनके खिलाफ नियमों के तहत आपराधिक मामले भी दर्ज कराए जा सकते है। जरूरत पड़ने पर स्टार प्रचारकों की संख्या को कम किया जा सकता है। प्रचार के दौरान स्वीकृत वाहनों की संख्या में कटौती व रैलियों आदि की अनुमति को भी रद्द किया जा सकता है। आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, यह सारी तैयारी पुराने अनुभवों को देखते हुए की जा रही है, जो चुनाव के माहौल में अपने बयानों से कटुता खोल देते है। चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की बढ़ती हलचल और राजनीतिक दलों की ओर से प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है।

## जरूरत पड़ी तो केस एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार, सिद्दरमैया रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले पर बोले

**चिक्कमगलुरु एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है।

बीजेपी की एनआईए जांच की मांग पर सिद्दरमैया ने कहा, हम देखेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम देखेंगे (एनआईए जांच के लिए)।

#### बीजेपी ने लगाया आरोप

बीजेपी के इस आरोप पर कि शहर ब्रांड बेंगलुरु के बजाय बम बेंगलुरु बन गया है, सिद्दरमैया ने जवाब दिया, जब बीजेपी के कार्यकाल के दौरान चार बम विस्फोट हुए तो हमें इसे क्या कहना चाहिए? जब मंगलुरु कुकर विस्फोट हुआ तब कौन शासन कर रहा था? मल्लेश्वरम में बीजेपी दफ्तर के सामने धमाका हुआ है। तब शासन कौन कर रहा था? एनआईए,



आईबी का प्रभारी कौन है? यह उनकी विफलता नहीं है? उन्होंने स्पष्ट किया, मैं बम विस्फोट का समर्थन नहीं कर रहा हूं। मैं इसकी निंदा कर रहा हूं लेकिन बीजेपी को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## विधानसभा के बाहर लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कथित पाकिस्तान समर्थक नारे विवाद के बीच, भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को एक निजी फोरेंसिक लैब रिपोर्ट विश्लेषण का हवाला देते हुए दावा किया है। दरअसल, इसमें कहा गया है कि इसकी अत्यधिक संभावना है कि विधान सौदा के बाहर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए थे।

राज्यसभा चुनाव में पार्टी नेता नासिर हुसैन की जीत का जश्न मनाते हुए विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का भाजपा की ओर से विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बीजेपी कर्नाटक ने कहा कि रिपोर्ट से पता चला है कि कांग्रेस सच्चाई के बारे में झूठ फैलाकर झूठी खबरें रचने वाली है।

बीजेपी ने कहा, जिस आदमी ने विधान सौदा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू किए, उसका नाम अब एफएसएल रिपोर्ट में प्रकाशित



हुआ है। कर्नाटक कांग्रेस और फर्जी समाचार फैक्ट्री की प्रमुख प्रियांक खरगे को अब अपने देशद्रोही कृत्य को स्वीकार करना चाहिए और विधान सभा के सामने साष्टांग प्रणाम करना चाहिए और लोगों से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है, इस मामले में सवाल है कि क्या यह नासिर साब जिंदाबाद था या पाकिस्तान जिंदाबाद, उपरोक्त विश्लेषण से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान जिंदाबाद होने की अत्यधिक संभावना है। बीजेपी ने क्लू4 एविडेंस फॉरेंसिक इंवेस्टिगेशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक निजी प्रयोगशाला की रिपोर्ट का हवाला दिया है। वेबसाइट के अनुसार, संगठन खुद को एक समर्पित कॉर्पोरेट इकाई के रूप में वर्णित करता है जिसे परीक्षण और जांच के क्षेत्र में सक्षम फोरेंसिक प्रयोगशाला के रूप में मान्यता दी गई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि आवाज के नमूने एफएसएल को भेजे गए हैं और दोषियों को सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमने वॉयस रिपोर्ट एफएसएल को भेज दी , अगर यह सच है कि किसी ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया है, तो उस व्यक्ति को गंभीर सजा दी जाएगी। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस सुझाव को भी खारिज कर दिया कि राज्य सरकार रिपोर्ट में देरी कर रही है। राज्य के गृह मंत्री ने रविवार को कहा, हम रिपोर्ट छिपा नहीं रहे हैं। जैसे ही हमें एफएसएल रिपोर्ट मिलेगी, हम उस व्यक्ति को पकड़ लेंगे अगर उसने नारे लगाए हैं। हम उसे नहीं छोड़ेंगे, चाहे वह कोई भी हो।

## शिवसेना महाराष्ट्र में कम से कम 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों को लेकर शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी में रार के आसार हैं। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली पार्टी के कई सांसद खुलकर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान करने लगे हैं। खास बात है कि अब तक भाजपा-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मिलकर सीट शेयरिंग का ऐलान नहीं किया है।

खबरें हैं कि शिवसेना राज्य की कम से कम 18 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। इधर, कई बड़ी सीटों पर पार्टी के नेता दावा पेश कर रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, साथ ही नेताओं का कहना है कि अपने इलाकों में भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार नहीं करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल, सांसद गजानन कीर्तिकर और पूर्व मंत्री रामदास कदम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अडसुल अमरावती से चुनाव लड़ना चाहते हैं। जबकि, महायुति इस सीट से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को उतारने के मूड में है। अडसुल ने कहा, अमरावती लोकसभा सीट शिवसेना की है। ऐसे में मैं अमरावती से चुनाव लड़ूंगा। नवनीत राणा को जो चाहे वो कहने की आदत है। हमें उनकी तरह बात करने की आदत नहीं है।

उन्होंने कहा, अमरावती सीट भाजपा की कभी थी ही नहीं। भले ही राणा भाजपा में शामिल हो जाएं, लेकिन क्या उन्हें यह सीट मिलेगी? हम अपना दावा नहीं छोड़ेंगे। हम किसी भी हाल में यहां से चुनाव लड़ेंगे।

आईपीएल 2024

## चेन्नई सुपरकिंग्स को करारा झटका

# इंजर्ड होकर लगभग टूर्नामेंट से बाहर हुए कॉनवे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल शुरू होने से चंद हफ्ते पहले करारा झटका लगा है। खबर है कि न्यूजीलैंड के धाकड़ खिलाड़ी और विस्फोट ओपनर डेवोन कॉनवे मई तक एक्शन से बाहर रहेंगे। पिछले फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए कॉनवे इस हफ्ते अपने बाएं अंगूठे की सर्जरी करवाने वाले हैं, जिससे वह कम से कम आठ हफ्ते तक बल्ला नहीं उठा पाएंगे।

32 वर्षीय खिलाड़ी को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते वह पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। डॉक्टर्स की सलाह के बाद उन्होंने सर्जरी करवाने का फैसला लिया है। सर्जरी के बाद उन्हें रिकवर होने में कम से कम आठ हफ्ते का समय लगेगा। ऐसे में कॉनवे आधे से ज्यादा टूर्नामेंट में टीम के साथ नहीं रहेंगे। आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होने वाली है, जिसके मई के अंत तक चलने की उम्मीद है।

### कॉनवे का बाहर होना कितना घातक?

डेवोन कॉनवे के बाहर होने से चेन्नई सुपरकिंग्स को प्लेइंग इलेवन में भी बदलाव करने होंगे, क्योंकि यह कीवी ओपनर टीम का मजबूत प्लेयर था, जो ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मिलकर धांसू शुरुआत दिलाता था।

2022 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत करने वाले कॉनवे ने पहले सीजन में सात मैच खेलकर 42 की औसत से 252 रन बनाए थे, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल थे। 2023 के सीजन में टीम के लिए सभी 16 मैच खेलते हुए उन्होंने छह अर्धशतक जमाया था। 92 सर्वोच्च स्कोर और 672 रन के साथ उनका स्ट्राइक रेट बढ़कर लगभग 52 पहुंच चुका था।

इस बीच डेवोन कॉनवे के इंजर्ड होने के बाद उनकी नेशनल टीम ने हेनरी निकोल्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बतौर रिप्लेसमेंट इस्तेमाल किया है, जिससे नील वैगनर का विदाई टेस्ट मैच खेलने का सपना धराशायी हो गया, वैगनर को बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया है और उन्हें कम से कम दो सप्ताह के आराम की आवश्यकता होगी।

न्यूजीलैंड ने वैगनर की जगह बेन सियर्स को टीम में शामिल किया है।

### चेन्नई सुपरकिंग्स का स्कॉड

एमएस धोनी (कप्तान), मोइन अली, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, मथीशा पथिराना, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, सिमरजीत सिंह , निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश थीक्षाना, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिशेल, समीर रिजवी, मुस्तफिजुर रहमान, अवनीश राव अरावली।





## सुनील गावस्कर ने

# जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर उठाए सवाल

### कहा- 23 ओवर गेंदबाजी करने से कोई...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाए हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि इस टेस्ट में भारत को बुमराह की कमी नहीं खली और टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की। हालांकि गावस्कर का कहना है कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 9 दिन का गैप था और तीसरे टेस्ट में बुमराह का 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल थका देने वाला नहीं था।

बता दें, जसप्रीत बुमराह ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 15 तो दूसरी इनिंग में 8 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें वर्कलोड मैनेज करने के लिए रांची में खेले गए चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। हालांकि, वह सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं। सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाते हुए मिड डे के कॉलम में लिखा, राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ 15 ओवर और फिर दूसरी पारी में आठ ओवर फेंकने के बावजूद, संभवतः ट्रेनर की सिफारिश पर बुमराह को रांची के लिए आराम दिया गया था। उन्होंने आगे कहा, मत भूलो कि दूसरे टेस्ट और तीसरे टेस्ट मैच के बीच नौ दिन का ब्रेक था और पूरे मैच में 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल भी थका देने वाला नहीं है, तो फिर बुमराह को आराम क्यों दिया गया?

चौथे टेस्ट के बाद अंतिम टेस्ट मैच से पहले आठ दिन का और ब्रेक मिलने वाला था; बेहद फिट एथलीटों को ठीक होने और देश के लिए खेलने के लिए तैयार होने के लिए यह पर्याप्त समय है। चौथा टेस्ट भी एक महत्वपूर्ण मैच था, अगर इंग्लैंड ने उसे जीत लिया होता तो आखिरी टेस्ट निर्णायक होता। इसलिए चाहे वह एनसीए हो या बुमराह, जिसने फैसला लिया है यह भारतीय टीम के तत्काल हित में नहीं था।

सुनील गावस्कर ने इस दौरान एक बार फिर कहा कि बुमराह की गैरमौजूदगी में भारत का रांची टेस्ट जीतना बताता है कि टीम इंडिया को बड़े नामों से फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने लिखा, युवा आकाश दीप ने बुमराह की अनुपस्थिति की भरपाई करते हुए शानदार गेंदबाजी की और एक बार फिर दिखाया कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि बड़े नाम नहीं खेलते हैं। इससे युवा खिलाड़ी हमेशा खुश रहेंगे। जैसा कि कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था, भारत के लिए खेलने के लिए भूखे रहो और अपने देश के लिए खेलने के सम्मान और विशेषाधिकार के लिए कोई कठिनाई का सामना करने के लिए तैयार रहो।

विमेंस प्रीमियर लीग

# इतिहास में पहली बार हुआ इस नियम का इस्तेमाल

- गुजरात जाएंट्स ने बीच मैच में बदला खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात जाएंट्स की ऑलराउंडर सयाली सतघरे महिला प्रीमियर लीग में पहली बार कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनीं। 3 मार्च, रविवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2024 मैच के दौरान सयाली ने दयालन हेमलता की जगह ली।

दिल्ली कैपिटल्स की पारी के 15वें ओवर के दौरान कैथरीन ब्राइस की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच लेने का प्रयास करते समय हेमलता के माथे पर चोट लग गई। हेमलता जेस जोनासेन का कैच पकड़ने में नाकाम रहीं। हेमलता ने ना केवल एक आसान सा कैच टपकाया बल्कि खुद को चोटिल भी कर लिया जिसके बाद फिजियो द्वारा उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

### सयाली सतघरे कौन हैं?

हेमलता चोटिल होने के बाद शेष मैच से बाहर हो गई, 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सयाली को उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मंजूरी दी गई।

प्राग मास्टर्स शतरंज

## प्रज्ञानन्दा नें विदित को हराया , नवारा से जीती बाज़ी हारे गुकेश

**प्राग , चेक गणराज्य , एजेंसी।** प्राग मास्टर्स शतरंज के पांचवें दिन भारत के ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा नें टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की और यह जीत उन्हे मिली हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ । सफ़ेद मोहरो से खेल रहे प्रज्ञानन्दा और विदित के बीच इंग्लिश ओपनिंग में खेली गयी बाजी लगभग बराबर पर चल रही थी पर अंत समय में अपने प्यादो के शानदार खेल से प्रज्ञानन्दा नें 52 चालों में जीत दर्ज की ।



वहीं भारत के डी गुकेश को चेक गणराज्य के डेविड नवारा के खिलाफ लगभग जीती बाजी में हार का सामना करना पड़ा । पांचवें राउंड में एक बार फिर उज़्बेक्सितान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक नें जीत दर्ज की और उन्होने पोलैंड के माटेस बार्तेल को मात दी और अब वह 4 अंक बनांकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है।

अपनी इस जीत के चलते अब्दुसत्तोरोव 2761 लाइव रेटिंग के साथ विश्व के नंबर 5 खिलाड़ी बन गए है । अन्य परिणामों में ईरान के परहम मघसूदलू नें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से और मेजबान चेक गणराज्य के थाई डाइ वान नें जर्मनी के विन्सेंट केमर से मुक़ाबला ड्रॉ खेला ।

# टेस्ट में इतिहास रचने के करीब जडेजा



## आर अश्विन–कपिल देव के इस खास क्लब में जगह बनाने का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच के लिए दोनों ही टीमें धर्मशाला पहुंच चुकी है।

फिलहाल सीरीज में टीम इंडिया ने 3-1 की अजेय बढ़त बना रखी है। सीरीज का आखिरी मैच टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के लिए काफी खास रहने वाला है। वह इस मैच में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।

### टेस्ट में इतिहास रचने के करीब रवींद्र जडेजा

रवींद्र जडेजा टीम इंडिया के लिए अभी तक 71 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। वह गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी टीम इंडिया के लिए बड़े मैच विनर साबित होते हैं। वह अपने टेस्ट करियर में 300 विकेट पूरे करने के काफी करीब पहुंच चुके हैं। रवींद्र जडेजा को टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने के लिए 8 विकेट की जरूरत है।

वह सीरीज के आखिरी मैच में इस रिकॉर्ड को अपने नाम करना चाहेंगे।

### इन दिग्गज गेंदबाजों की लिस्ट में होंगे शामिल

रवींद्र जडेजा टेस्ट में भारत के लिए 300 विकेट लेने वाले 7वें गेंदबाज बनने के काफी करीब हैं। अभी तक ये कारनामा अनिल कुंबले, रविचंद्रन अश्विन, कपिल देव, हरभजन सिंह, ईशांत शर्मा और जहीर खान कर चुके हैं।

बता दें रवींद्र जडेजा ने टीम इंडिया के लिए अभी तक 71 टेस्ट मैचों में 24.15 की औसत से 292 विकेट लिए हैं। इस दौरान वह 13 बार एक पारी में 5 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, उन्होंने 36.39 की औसत से 3021 रन भी बनाए हैं। जिसमें 20 अर्धशतक और 4 शतक शामिल हैं।

### टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय

अनिल कुंबले - 619 टेस्ट विकेटप्प
रविचंद्रन अश्विन - 507 टेस्ट विकेट
कपिल देव - 434 टेस्ट विकेट
हरभजन सिंह - 417 टेस्ट विकेट
ईशांत शर्मा - 311 टेस्ट विकेट
जहीर खान - 311 टेस्ट विकेट
रवींद्र जडेजा - 292 टेस्ट विकेट

## जायसवाल के निशाने पर 34 साल पुराना यह रिकॉर्ड, ग्राहम गूच को पीछे छोड़ बन सकते हैं नंबर 1

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के 22 वर्षीय युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 4 मैचों में अपनी प्रतिभा के झंडे गाड़ चुके हैं।

यशस्वी ने इन 4 टेस्ट मैचों में दो दोहरे शतक के साथ सबसे ज्यादा 655 रन बनाकर की टेस्ट रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं और अब कई रिकॉर्ड्स उनके निशान पर आखिरी टेस्ट मैच के दौरान होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा और इसमें यशस्वी के पास 34 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। यशस्वी जायसवाल के पास धर्मशाला टेस्ट मैच में 34 साल पुराना रिकॉर्ड बनाने का बेहतरीन मौका है। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम गूच के नाम पर दर्ज है।

गूच ने यह कमाल साल 1990 में किया था और तीन मैचों की उस टेस्ट सीरीज की छह पारियों में 752 रन बनाए थे। यह भारत-इंग्लैंड के बीच अब तक खेले गए एक टेस्ट सीरीज में किसी भी बल्लेबाज के द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज के पहले 4 मैचों की 8 पारियों में 655 रन बनाए हैं और अगर वह पांचवें टेस्ट मैच में 98 रन बना लेते हैं तो वह ग्राहम गूच को पीछे छोड़ देंगे और भारत-इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ जाएंगे। फिलहाल इस मामले में 655 रन के साथ विराट कोहली की बराबरी पर हैं जिन्होंने 2016 में भारत-इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट सीरीज में 655 रन बनाए थे।

### भारत-इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 3 बल्लेबाज

ग्राहम गूच- 752 रन, 1990
विराट कोहली- 655 रन, 2016
**यशस्वी जायसवाल- 655 रन, 2024**



# क्रिस्टियानो रोनाल्डो कब लेंगे संन्यास? गर्लफ्रेंड ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो जल्द संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। इसका खुलासा उनकी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने किया। उन्होंने बताया कि एक-दो सालों में वह अपने करियर को समाप्त करने का फैसला ले सकते हैं।

पिछले दो दशकों से रोनाल्डो एक ऐसा नाम बने हुए हैं जिसने फुटबॉल जगत को रोशन किया है। महान खिलाड़ी की गर्लफ्रेंड रोड्रिग्ज ने पेरिस फैशन वीक में रोनाल्डो के संन्यास पर बात की। उन्होंने कहा, क्रिस्टियानो एक और साल, फिर यह खत्म हो जाएगा। शायद दो साल, मुझे नहीं पता। हाल ही में दिग्गज पर बैन लगा था। उन्हें मेसी के नाम पर गलत इशारा करने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### गलत इशारे करने पर लगा बैन

25 फरवरी को अल नस्त्र और ल शबाब के बीच खेले गए मुकाबले में जैसे ही रोनाल्डो ने गोल किया दर्शकों ने मेसी-मेसी के नारे लगाने शुरु कर दिए। इस पर उन्होंने गलत इशारा किया जिसके बाद उनकी पूरी दुनिया में आलोचना हुई। विवाद बढ़ने के बाद अल नस्त्र ने पुर्तगाल के खिलाड़ी पर एक मैच का बैन लगाया। इसके अलावा उन्हें करीब पांच हजार डॉलर का जुर्माना भरना पड़ा।



### बैन के बावजूद स्टेडियम पहुंचे फुटबॉलर

अपने खेल के कारण चर्चा में रहने वाले रोनाल्डो का विवादों से पुराना नाता रहा है। बैन के बावजूद हाल ही में उन्हें एक फुटबॉल मैच के दौरान स्टैंड्स में देखा गया। अल नस्त्र और अल हजम के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान रोनाल्डो अपनी टीम को चियर करने के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। फैंस उन्हें देखकर काफी खुश हुए। वहीं, दिग्गज खिलाड़ी इस दौरान काफी भावुक नजर आए।

### 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे रोनाल्डो

पांच बार के बैलन डीओर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने देश पुर्तगाल और क्लब अल नस्त्र के लिए कुल 54 गोल दागे। दुनिया का कोई भी खिलाड़ी पेशेवर फुटबॉल में इतने गोल नहीं कर सका। 38 वर्षीय रोनाल्डो ने बायर्न म्यूनिख और इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन (52 गोल), पीएसजी और फ्रांस के फारवर्ड किलियन एमबीप्पे (52 गोल), और मैनचेस्टर सिटी और नॉर्वे के स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड (50 गोल) को पछाड़कर साल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

दो अन्य की सरगर्मी से तलाश में जुटी पुलिस

# पत्थर चिपकाकर एटीएम से कैश निकाल लेने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। औरंगाबाद में एटीएम फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस ने एटीएम फ्रॉड गिरोह के एक सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सुधांशु भारद्वाज उर्फ टमाटर गया जिले के खिजरसराय थाना के उतरावो गांव का निवासी है। वह पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके पास से स्टेट बैंक का दो एटीएम कार्ड, पीएनबी का तीन एटीएम कार्ड, एक एल्यूमीनियम का पत्तर तथा सैमसंग का एक कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद किया है। औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ) मो. अमानुल्ला खां ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि एटीएम फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत पुलिस बैंकों के एटीएम के आसपास सदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है। अभियान के तहत ही औरंगाबाद के पुलिस अवर निरीक्षक मो. अख्तर ने सशस्त्र बलों के साथ शहर के महाराजगंज रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम के पास पुलिस टीम को देखते ही वहां खड़े लोगों में से दो व्यक्ति अपाची मोटरसाईकिल स्टार्ट कर भागने लगे। वही एटीएम का रॉ निकालकर भाग रहे एक अन्य अपराधी को सशस्त्र बलों ने घेर कर धर दबोंचा। पूछताछ में उसने अपना नाम सुधांशु भारद्वाज उर्फ टमाटर पिता भोला सिंह ग्राम उतरावों थाना खिजरसराय जिला गया बताया। जामा तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एसबीआई का दो एटीएम कार्ड, पीएनबी का 3 एटीएम कार्ड, एक एल्यूमीनियम का पत्तर तथा सैमसंग का एक कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस की पकड़ में आए अपराधी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि भाग गए दोनो साथियों के साथ मिलकर एटीएम में कैश निकालने वाले जगह पर एल्यूमीनियम का पत्तर चिपकाकर धोखाधड़ी से रुपए निकाल लेते हैं। मामले में पकड़े गए अपराधी की विधिवत गिरफ्तारी के बाद औरंगाबाद नगर थाना में भादंवि की धारा-420, 379, 413, 414/34 के तहत कांड सं.-175/24 दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## देवकुंड में अतिक्रमणकरियो का साम्राज्य कायम

**गोह (औरंगाबाद)(नि. सं.)**। गोह प्रखंड के देवकुंड बाजार में अतिक्रमणकारियों का साम्राज्य कायम है। अतिक्रमणकारियों को न कानून का डर है, न ही आम आदमी का। प्रशासनिक अमला भी न जाने क्यों इन्हे नजर अंदाज करता है।लिहाजा अतिक्रमण से देवकुंड में आए श्रदालुओं को काफी परेशानी होती है। यह समस्या सहस्त्रो धारा तालाब से लेकर बाबा दुधेश्ववर नाथ मंदिर तक देखने को मिलता है। खास तौर पर देखा जाए तो देवकुंड बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार हो चुका है, लेकिन प्रशासन है कि उसे कुछ नजर नही आता। वह तो कुंभकर्णी निद्रा में है।इसलिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। अतिक्रमण के कारण तालाब इतनी संकरा हो गया है कि मेला के समय श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। वही दुकानदारो द्वारा अवैध कब्जा कर लेने से देवकुंड की सूरत बिगड़ गई है। ऐसे करने वाले दुकानदारो को भी दूसरो की सुविधाओं का ध्यान रखना चाहिए ताकि लोगो को दिक्कत का सामना न करना पड़।

# आईएएस ब्रजेश मेहरोत्रा ने चीफ सेक्रेटरी की संभाली कमान

निज संवाददाता



**पटना**। IAS अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा ने बिहार के नए मुख्य सचिव की कुर्सी संभाल ली है। मुख्य सचिवालय के मुख्य सचिव कार्यालय में सीनियर IAS आमिर सुबहानी ने उन्हें मुख्य सचिव की नई जिम्मेवारी सौंपी है। शाम चार बजे आमिर सुबहानी ने उन्हें कार्यभार सौंप दिया। IAS ब्रजेश मेहरोत्रा लंच बाद मुख्य सचिव के चैंबर पहुंचे। IAS आमिर सुबहानी ने उनका स्वागत किया। ब्रजेश मेहरोत्रा का कार्यकाल इसी साल अगस्त में समाप्त हो रहा है यदि एक्सटेंशन नहीं मिला तो इनका कार्यकाल छोटा होगा, लेकिन उससे पहले इन्हें लोकसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य को निपटाना होगा।

आमिर सुबहानी का कार्यकाल ऐसे तो अप्रैल में समाप्त हो रहा था, लेकिन उससे पहले VRS ले लिया है। उन्हें विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। ब्रजेश मेहरोत्रा इससे पहले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर थे।

ऐसे कई विभागों में वो महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। अब मुख्य सचिव बनने के बाद ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती लोकसभा चुनाव को अच्छे ढंग से संपन्न कराना है। बिहार की विकास को लेकर जो काम हो रहा है, उसे आगे बढ़ाना भी एक बड़ी चुनौती है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जो सोच है, उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुझे इस पद के लायक समझा है इसके लिए मैं उनका शुक्रिया करता हूं। वहीं आमिर सुबहानी अपने कार्यकाल के पूरा होने के मौके पर कहा है कि विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी मिली है वह भी महत्वपूर्ण है। अपने कार्यकाल में कुछ छूटे काम को पूरा करने की कसक पर कहा कि आने वाले ऑफिसर्स काम करेंगे।

# चिकित्सक की तीसरी पुण्यतिथि पर परिजनो ने जरूरतमंदों के बीच किया वस्त्र दान

निज संवाददाता



**नबीनगर (औरंगाबाद)**। नबीनगर प्रखंड के बेलाई गांव में सुप्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. हरिवंश नारायण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान लोगों ने उनके स्मारक स्थल पर पुष्पार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इसके बाद स्वजनों ने डॉ. हरिवंश नारायण सेवा संस्थान के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदो को जलपान एवं वस्त्र प्रदान किया। परिजनो ने पुण्यतिथि पर 100 लोगों को साड़ी, धोती, चादर और गमछा दिया। गौरतलब है कि डॉ. हरिवंश नारायण सिंह आयुर्वेद के स्वर्ण पदक प्राप्त चिकित्सक थे। उन्होंने बिहार, बंगाल और झारखंड में चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त की थी। इस मौके पर परिजन डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति से सुख चैन की प्राप्ति होती है। कहा कि डॉ. हरिवंश नारायण सेवा संस्थान जरूरतमंदों की सेवा में अनवरत कार्य कर रहा है। प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान किया जाता है। इसका लोग लाभ उठाए। वही संजय मिश्रा ने कहा कि संस्थान द्वारा वर्ष में दो बार इस तरह का कार्यक्रम किया जाता है जिससे गरीबों को बहुत राहत मिलती है। इस मौके पर डॉ. धनंजय सिंह, किशोर कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, डॉ मनोज सिंह, ललन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, बिनोद सिंह, हरेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, राम किशुन, रामचन्द्र, शंकर, जयकांत, बृजदेव राम, मोगल राम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एचओपीसी ने की श्राद्धकर्म के लिए गरीब परिवार की सहायता

**ओबरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)**। ओबरा प्रखंड के भरूब गांव निवासी अर्जुन पासवान के पिता नरेश पासवान का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलन पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के संरक्षक एवं लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा के निर्देश पर उचित श्राद्ध कर्म के लिए डॉ. चंद्रा की मानवीय पहल 'राहत' के तहत हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा(एचओपीसी) के सदस्यों ने घर पर पहुंचकर परिजनों को राहत सामग्री के रूप में मदद पहुंचाई। स्व. पासवान के बेटे मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते है। इस वजह से ठीक तरीके से श्राद्ध कर्म करने में असमर्थ थे। वही डॉ. चंद्रा ने नरेश पासवान के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

# रेलवे यार्ड के अंदर ट्रक में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता



**पटना**। पटना के फतुहा रेल थाना क्षेत्र में एक ट्रक में आग लग गई। रेलवे के यार्ड के पास देर रात से ट्रक खड़ा था। आग लगने की घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से सामने का हिस्सा बुरी तरह से जल गया है। आग लगते वक्त ट्रक में कोई भी मौजूद नहीं था। ट्रक को खड़ा कर ड्राइवर अपने घर सोने के लिए गया हुआ था। वहीं इस घटना में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रक को आग लगाने की बात सामने आ रही है। जिस ट्रक में आग लगी है। वह फतुहा थाना क्षेत्र के निषिबुचक का ट्रक है। सूरज देव यादव नाम के व्यक्ति की ट्रक बताई जा रही है। वहीं ट्रक में आग लगाने की घटना की जानकारी मिलने के बाद फतुहा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है साथ ही ट्रक मालिक ने भी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रक को आग लगाने की बात कही है। समाचार लिखे जाने तक आग लगने वाले की पहचान नहीं हो सकी है। ट्रक मालिक के मुताबिक रविवार की रात में ट्रक यही खड़ा था ड्राइवर अपने घर सोने गया था उन्हें आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रक में आग लगाई गई है। जो सीसीटीवी कैमरे में भी दिख रहा है उन्होंने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। वहीं, इस मामले में रेल थानाध्यक्ष विनोद कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि फतुहा रेलवे यार्ड में खड़े ट्रक में शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाए जाने का अनुमान है। सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया है। जिससे पता चला है की घटना रात 11 बजे की है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक जांच कर रही है। जल्द ही घटना से संबंधित सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# 12 साल की बच्ची का अपहरण, सीसीटीवी में दिखा अपराधी

कार्यालय संवाददाता



**पटना**। पटना के दानापुर ऑटो स्टैंड से 12 वर्षीय बच्ची का अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले चंदेश्वर राय ने दानापुर थाने में FIR दर्ज कराई है। घटना रविवार शाम की है। इस मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि बच्ची और बदमाश दोनों आराम से साथ जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने दादा के साथ फुलवारी शरीफ मामा के इंगेजमेंट कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम के बाद ऑटो से लौट रही थी। इसी दौरान साथ बैठे यात्री से घुल मिल गई और ऑटो से उतरने के साथ ही गायब हो गई। चंदेश्वर राय ने लिखित शिकायत में कहा है कि अपनी पोती तन्नु कुमारी (12) के साथ रिश्तेदार की सगाई में गया था। शाम 6 बजे के करीब दानापुर रेलवे स्टेशन से दानापुर ऑटो स्टैंड आने के लिए ऑटो पकड़ा। ऑटो में एक अन्य शख्स बैठा हुआ था। बातचीत के दौरान वह हमसे घुल-मिल गया। ऑटो वाले ने सगुना मोड़ के पास हम लोगों को यह कहकर उतार दिया कि वह ऑटो स्टैंड नहीं जाएगा। MES मोड़ के पास दूसरे ऑटो दानापुर ऑटो स्टैंड पहुंचे। जैसे ही मैं ऑटो ड्राइवर को पैसा देने लगा,तो वह शख्स मेरी पोती को लेकर निकल गया। इसकी सूचना अपने बेटे जय प्रकाश के साथ परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बच्ची की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। घटना की सूचना दानापुर थाने को दी गई। घटनास्थल के पास में लगे CCTV फुटेज में शख्स बच्ची को स्वीट पैलेस के पीछे ले जाते दिख रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है। वहीं, घटना के बाद बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा।

## लापता वृद्ध का सुराग देने वाले को 10 हजार का इनाम

**औरंगाबाद (का. सं.)**। औरंगाबाद पुलिस ने एक लापता वृद्ध की सूचना देने वाले के लिए 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। मामला औरंगाबाद के हसपुरा थाना क्षेत्र का है और लापता वृद्ध सुशील कुमार सिंह(62) टाल गांव के निवासी है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ) कुमार ऋषि राज ने बताया कि वृद्ध 29 फरवरी की सुबह लुना मोपेड से अपने घर से निकले लेकिन उसके बाद वापस नही लौटे। मामले में परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी संख्या-47/24 दर्ज की गई है। पुलिस मामले का तकनीकी अनुसंधान में जुटी है। एसडीपीओ ने कहा कि जो भी लोग वृद्ध के बारे में सूचना देंगे, पुलिस उन्हे 10 हजार का इनाम देगी।

ज्वेलरी शॉप में लूटपाट का सीसीटीवी फुटेज

# पाच नकाबपोश बदमाश पांच लाख रुपए और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार

निज संवाददाता

**पटना**। पटना के बहादुरपुर स्थित संदलपुर में रविवार की देर शाम बदमाशों ने एक ज्वेलरी दुकान में घुसकर जमकर लूटपाट की। लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने दुकान मालिक को पिस्तौल की बट से मारकर घायल कर दिया। वहीं दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी की। फायरिंग में सब्जी बेच रही एक महिला के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गयी। इस दौरान सभी 5 लाख रुपए नगद के साथ सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। घटना का CCTV फुटेज सामने आया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन करने की बात कह रही है। रविवार की देर शाम पांच की संख्या में नकाबपोश बदमाश लाल ज्वैलर्स में घुसे और दुकानदार को बंधक बनाकर हथियार के बल पर लूटपाट किया। अपराधियों ने भागने के दौरान एक महिला को गोली मारी। पूरी वारदात का CCTV फुटेज सामने सोमवार को सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले बदमाशों ने दुकानदार से चाबी मांगी। दुकानदार ने मना किया, तो पिस्तौल के बट से दुकानदार के सिर पर हमला किया, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में रखे 5 लाख रुपए नगद के साथ सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। पटना सिटी SDPO ने शरत आर एस बताया कि सोने-चांदी के दुकान में बदमाशों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लूटपाट के दौरान अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली से एक महिला घायल हो गई है, जिनका इलाज जारी है।

# बिहार के 43 पुलिस अनुमंडल में होंगे दो एसडीपीओ



निज संवाददाता

**पटना**। राज्य में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने और केसों के बढ़ते दबाव को खत्म करने के लिए राज्य सरकार ने फिर से एक नया खाका तैयार किया है। राज्य के 43 पुलिस अनुमंडलों में जहां पहले 1-1 SDPO अब तक जिम्मेवारी संभाल रहे थे, यहां अब इनकी संख्या को दो गुना कर दी गई है। इसका मतलब यह हुआ कि हर एक पुलिस अनुमंडल को दो भागों में बांट दिया गया है। अब एक पुलिस अनुमंडल SDPO-1 और SDPO-2 की तैनाती होगी। थानों की संख्या के हिसाब से सभी पुलिस अनुमंडलों को बांटा गया है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से 23 फरवरी को ही एक आदेश जारी किया गया था, जिसके बाद सोमवार को DGP आरएस भट्टी ने भी अपनी हामी भर दी। इसके बाद देर शाम इस बदलाव की जानकारी पुलिस मुख्यालय की तरफ से जारी कर दी गई। यह बदलाव पटना, सारण, बांका, बेगूसराय समेत 26 जिलों के तहत 43 पुलिस अनुमंडलों में किया गया है। पटना जिले में भी पटना सिटी, पटना सदर, पटना टाउन, लॉ एंड ऑर्डर, बाढ़, दानापुर, सचिवालय, मसौढ़ी, फतुहा, फुलवारी शरीफ और पालीगंज पुलिस अनुमंडल में SDPO-1 और SDPO-2 के हिसाब से थानों का बंटवारा कर दिया गया है। राज्य में अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से ही बिहार सरकार पहले IG और DIG की व्यवस्था में बदलाव कर चुकी है। पहले पहले IG और फिर उनके नीचे DIG हुआ करते थे। पर व्यवस्था में बदलाव कर कहीं रेंज IG तो कहीं रेंज DIG की व्यवस्था की। मतलब, जहां IG का पोस्ट है, वहां DIG का पोस्ट नहीं है।

बिहार सरकार
बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय
आंगनवाड़ी सेविका सहायिका के लिए सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना
प्रीमियम सरकार द्वारा दिया जायेगा
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पी.एम.जे.जे.बी.वाई.)
एक साल की बीमा योजना 18 से 50 वर्ष की सेविका/सहायिका के लिए है, नियमित प्रीमियम के भूगतान पर 55 वर्ष की आयु तक जीवन के जोखिम को उठाने का लाभ प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें किसी भी कारण से मृत्यु होने पर रू० 2 लाख का मुआवजा मिलता है।


प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पी.एम.एस.बी.वाई.)
एक साल की दुर्घटना बीमा योजना 18 से 59 वर्ष की सेविका/सहायिका के लिए है, जिसमें दुर्घटना से मृत्यु या दिव्यांगता होने की स्थिति में रू० 2 लाख (आंशिक विकलांगता के लिए रू० एक लाख) का मुआवजा प्राप्त किया जा सकता है।
सेविका/सहायिका दोनों बीमा योजनाओं हेतु पात्र हैं अतः इनका लाभ प्राप्त करने के लिए सभी अपने बाल विकास परियोजना कार्यालय से सम्पर्क करें!
योजना में नामांकन खाताधारक के बैंक शाखा में दोनों योजनाओं से संबंधित सहमति-व-घोषणा पत्र भर कर किया जाएगा।
प्रीमियम का भुगतान खाताधारकों के बैंक-खाता के माध्यम से स्वतः भुगतान (ऑटो डेबिट) सुविधा से किया जायेगा।
PR No.- 018791 (SWD)D. 2023-24
बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी सेविका/सहायिका अपने बाल विकास परियोजना कार्यालय से सम्पर्क करें!
आई.सी.डी.एस. निदेशालय
इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ पटना - 800001
दूरभाष संख्या - 9471002783, ई-मेल : icds.bih.gov@gmail.com, वेबसाईट : icdsbih.gov.in
Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate icds_directorate www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar